पुस्तक-प्राप्ति-स्थान:—

(१) केशरलाल बख्शी

मन्त्री–श्री नानूलाल स्मारक ग्रंथमाला

"बख्शी भवन" न्यू कालोनी, जयपुर

(२) वीर पुस्तक भण्डार

श्री वीर प्रेस, मनिहारों का रास्ता, जयपुर

मुद्रक—

भँवरलाल जैन

श्री वीर प्रेस, जयपुर

प्रकाशकीय—

इसका निर्णय पाठक ही कर सकते है। मैं इसके लिए पडितजी साहब और दोनों सपादकों को धन्यवाद देना अपना कर्त्तव्य समझता हूँ कि इन्होंने सेवाभाव से अपना अमूल्य समय देकर इस पुनीत कार्य को किया। मुझे आशा है आध्यात्मिक प्रेमी पाठक इससे अवश्य लाभ उठावेंगे।

प्रचार की दृष्टि से ही इस पुस्तक का मूल्य लागत मात्र ही रखा गया है। यदि पाठकों ने इसे अपनाया तो ग्रथमाला शीघ्र ही अन्य उपयोगी ग्रंथ लागत मात्र खर्चे मे निकालने मे समर्थ हो सकेगी। प्रूफ सशोधनादि मे जो अशुद्धिया रहगई हैं उनके लिए शुद्धि पत्र लगाया है। पाठक उससे पुस्तक को ठीक करके पढने का कष्ट करें, ऐसी प्रार्थना है।

केशरलाल बख्शी
मत्री
श्री नानूलाल स्मारक ग्रथमाला

बख्शी भवन
न्यू कालोनी, जयपुर।

★

सम्पादकीय

कवि बनारसीदासजी का जैन हिन्दी कवियों में सर्वोपरि स्थान है। बनारसीविलास–कवि की अनेक रचनाओं का संग्रह एक दीर्घ काल से अप्राप्य था और उसके प्रकाशन की आवश्यकता थी। इस आवश्यकता को भाई दीप चन्द्रजी पांड्या... ... जी साहब ने 'श्री नानूलाल स्मारक ग्रंथमाला' के मंत्री श्रीमान् बख्शी केशरलालजी साहब के सामने रखा और उन्होंने उक्त ग्रन्थमाला की ओर से इसका प्रकाशन कराना स्वीकार कर लिया। अनेक कारणों से हम इस प्रकाशन को हमारी इच्छानुसार सर्वांग सुन्दर नहीं बना सके, फिर भी जहां तक हम से हो सका है इसे उपयोगी बनाने का प्रयत्न किया है।

मग,

"मोहविवेक युद्ध कथा" के नाम से जयपुर के बड़े मन्दिर के शास्त्र भण्डार में कवि बनारसीदासजी की एक रचना और मिली है। इस रचना के सब मिलाकर ११८ पद्य हैं। रचना दोहे और चौपाई छन्दों में लिखी है। यह एक रूपक है जिसमें विवेक नायक और मोह प्रतिनायक है। मोह और विवेक में आपस में युद्ध होता है जिसमें विवेक की जीत होती है। कवि ने बड़े ही सुन्दर एवं सरल शब्दों में विषय का वर्णन किया है। किन्तु इस रचना के विषय में साहित्य प्रेमी श्री का कहना है कि यह किसी अन्य बनारसीदासजी की है जब कि श्री अगरचन्दजी नाहटा के मत-

इसका निर्णय पाठक ही कर सकते है। मैं इसके लिए पंडितजी साहब और दोनों संपादकों को धन्यवाद देना अपना कर्त्तव्य समझता हूँ कि इन्होंने सेवाभाव से अपना अमूल्य समय देकर इस पुनीत कार्य को किया। मुझे आशा है आध्यात्मिक प्रेमी पाठक इससे अवश्य लाभ उठावेंगे।

प्रचार की दृष्टि से ही इस पुस्तक का मूल्य लागत मात्र ही रखा गया है। यदि पाठकों ने इसे अपनाया तो ग्रंथमाला शीघ्र ही अन्य उपयोगी ग्रंथ लागत मात्र खर्चे मे निकालने मे समर्थ हो सकेगी। प्रूफ संशोधनादि में जो अशुद्धिया रहगई हैं उनके लिए शुद्धि पत्र लगाया है। पाठक उससे पुस्तक को ठीक करके पढने का कष्ट करें, ऐसी प्रार्थना है।

केशरलाल बख्शी
मंत्री
श्री नानूलाल स्मारक ग्रंथमाला

बख्शी भवन
न्यू कालोनी, जयपुर।

★

सम्पादकीय

कवि बनारसीदासजी का जैन हिन्दी कवियों में सर्वोपरि स्थान है। बनारसीविलास—कवि की अनेक रचनाओं का संग्रह एक दीर्घ काल से अप्राप्य था और उसके प्रकाशन की अत्यन्त आवश्यकता थी। इस आवश्यकता को आदरणीय पं० चैनसुखदास जी साहब ने 'श्री नानूलाल स्मारक ग्रंथमाला' के मंत्री श्रीमान् बख्शी केशरलालजी साहब के सामने रखा और उन्होंने इस ग्रन्थ-माला की ओर से इसका प्रकाशन कराना स्वीकार कर लिया। अनेक कारणों से हम इस प्रकाशन को हमारी इच्छानुसार सर्वांग सुन्दर नहीं बना सके, फिर भी जहां तक हम से हो सका है इसे उपयोगी बनाने का प्रयत्न किया है।

"मोहविवेक युद्ध कथा" के नाम से जयपुर के बड़े मन्दिर के शास्त्र भण्डार में कवि बनारसीदासजी की एक रचना और मिली है। इस रचना के सब मिलाकर ११८ पद्य हैं। रचना दोहे और चौपाई छन्दों में लिखी है। यह एक रूपक है जिसमें विवेक नायक और मोह प्रतिनायक है। मोह और विवेक में आपस में युद्ध होता है जिसमें विवेक की जीत होती है। कवि ने बड़े ही सुन्दर एवं सरल शब्दों में विषय का वर्णन किया है। किन्तु इस रचना के विषय में श्रद्धेय प्रेमी जी का कहना है कि यह किसी अन्य बनारसीदासजी की है जब कि श्री अगरचन्दजी नाहटा के मता-

होने के कारण ही काव्यक्षेत्र से बाहर नहीं चले जाते। धार्मिक साहित्य होने मात्र से कोई रचना साहित्यिक कोटि से अलग नहीं की जा सकती। यदि ऐसा समझा जाने लगे तो तुलसीदास का रामचरितमानस भी साहित्य क्षेत्र में अविवेच्य हो जायगा और जायसी का पद्मावत भी साहित्य-सीमा के भीतर नहीं घुस सकेगा। वस्तुतः लौकिक निजन्धरी कहानियों को आश्रय करके धर्मोपदेश देना इस देश की चिराचरित प्रथा है। कभी कभी ये कहानियाँ पौराणिक और ऐतिहासिक चरित्रों के साथ जुड़ादी जाती हैं। यह तो न जैनों की निजी विशेषता है और न सूफियों की। हमारे साहित्य के इतिहास में एक गलत और बे-बुनियाद बात दृढ़ बद्ध पड़ी है कि लौकिक प्रेम-कथानकों को आश्रय करके धर्म भावनाओं को उपदेश देने का कार्य सूफी कवियों ने आरम्भ किया था। बौद्धों ब्राह्मणों और जैनों के अनेक आचार्यों ने नैतिक और धार्मिक उपदेश देने के लिये लोक-कथानकों का आश्रय लिया था। भारतीय संतों की यह परम्परा परमहंस राम कृष्णदेव तक अविच्छिन्न भाव से चली आई है। केवल नैतिक और धार्मिक या आध्यात्मिक उपदेशों को देख कर यदि हम ग्रन्थों को साहित्य सीमा से बाहर निकालने लगेंगे तो हमें आदिकाव्य से भी हाथ धोना पड़ेगा तुलसी-रामायण से भी अलग होना पड़ेगा, कबीर की रचनाओं को भी नमस्कार कर देना पड़ेगा और जायसी को भी दूर से दण्डवत् करके विदा कर देना होगा" इस प्रकार हिन्दी भाषा भारत में ८ वीं शताब्दी अथवा इससे भी पूर्व विद्यमान थी एवं यहाँ के निवासियों की बोलचाल की भाषा थी।

में उचित स्थान मिल ही जावेगा। लेकिन इसमें कुछ गल्ती जैनों की ओर से भी हुई। उन्होंने अपने साहित्य को प्रकाश में लाने की चेष्टा नहीं की। इसलिये जो कुछ साहित्य यहाँ के विद्वानों को मिला उसी के आधार पर उन्होंने हिन्दी साहित्य का इतिहास लिखा। और जब एक बार कोई अधिकारी विद्वान किसी तथ्य को उपस्थित कर देता है तो वह जल्दी से यों ही नहीं बदला जा सकता और आगे होने वाले उसी को सही मानकर चलने लगते हैं।

इस प्रकार हिन्दी साहित्य का जन्म आठवीं शताब्दी में होगया था और इसी के आधार पर उसका काल विभाग किया जा रहा है। प्रस्तुत प्रस्तावना में क्योंकि जैन हिन्दी साहित्य के इतिहास को ही संक्षिप्त रूप में पाठकों के समक्ष उपस्थित किया जा रहा है इसीलिये, जैन हिन्दी साहित्य के ही निम्न काल विभाग करके उसका आगे वर्णन किया जावेगा।

अपभ्रंश काल— ८ वीं शताब्दी से १२ वीं शताब्दी तक
अपभ्रंश मिश्रित हिन्दी काल १३ वीं १४ वीं शताब्दी
हिन्दी का प्रारम्भिक काल १५ वीं १६ वीं शताब्दी
हिन्दी का मध्य काल १७ वीं से १९ वीं शताब्दी
वर्तमान काल २ वीं शताब्दी

अपभ्रंश काल—८ वीं शताब्दी से १२ वीं शताब्दी तक—

८ वीं शताब्दी से १२ वीं शताब्दी तक के समय को अपभ्रंश काल कहा जा सकता है। हिन्दी इस युग में हमारे सामने

जब उवयार यो सार बढ़मि उव भारह ।

तो सम्मातड्डी हमर छड्डु पसर जब पाव ॥

स्वयम्भू के पश्चात् १० वीं शताब्दी में होने वाले कवियों में देवसेन, पुष्पदन्त, पद्मकीर्ति, रामसिंह, धनपाल आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। इनमें देवसेन ने दर्शनसार, तत्त्वसार और सावयधम्म दोहा, पुष्पदन्त ने महापुराण, जसहरचरिउ एवं णाय-कुमारचरिउ, पद्मकीर्ति ने पासणाहचरिउ, मुनि रामसिंह ने दोहा पाहुड और धनपाल ने भविसयत्तकहा नामक काव्यों की रचना की थी। वैसे तो इस शताब्दी में होने वाले सभी कवियों की रचनायें उत्कृष्ट हैं किन्तु महाकवि पुष्पदन्त इस युग के सबसे उत्कृष्ट आचार्य हुये जिन्होंने अपनी रचनाओं के बल पर अपभ्रंश भाषा के साहित्य को उच्च स्थान प्राप्त करवाया। इनकी भाव, भाषा एवं शैली सभी उल्लेखनीय है। अपभ्रंश के स्वयम्भू और पुष्पदन्त को हम हिन्दी के तुलसी एवं सूरदास की कोटि में बिठा सकते हैं लेकिन दुःख की बात तो यह है कि ऐसे महाकवियों के साहित्य को भी हिन्दी साहित्य में कोई उचित स्थान नहीं मिला।

पुष्पदन्त एवं सूरदास की कृष्ण बाललीला वर्णन में कितना साम्य है इसका हम एक उदाहरण पाठकों के सामने उपस्थित करते हैं। दोनों कवियों के द्वारा किये हुये वर्णन को पढ़ कर हम अनुमान लगा सकते हैं कि उनकी भाव भाषा एवं शैली में कितनी समता है—

..नगु रमतु रमते मथउ, घरिउ ममनु अगते।
सद्दीउ ताडिवि आवहिउ, अद्ध विरोलिउ दहिउ पलोहिउ॥
का वि गावि गाविंदहु लग्गी, एह महारी कयगि मग्गी।
...हि मोन्तु दउ आलिंगणु, खं तो मा मेल्लहु मैं अंगणु॥

चोरी करत कान्ह धरि पाये।
निसि बासर मोहि बहुत सताये, अब हरि हाथहि आये।
माखन दधि मेरो सब खायो, बहुत अचगरी कीन्हीं।
अब तो घात परे हो ललना, तुम्हें भले मैं चीन्हीं।
दोउ भुज पकरि कह्यो कहं जैहो, माखन लेउ मंगाइ।
तेरी सौं मैं नेकु न खायो, सखा गये सब खाइ।
मुख तन चितै विहँसि हरि दीन्हो, रिस तब गई बुझाई।
लियो स्याम उर लाइ ग्वालिनी, सूरदास बलि जाइ। महाकवि सूरदास॥

११ वीं एवं १२ वीं शताब्दी में होने वाले कवियों में कनकामर, जिनदत्तसूरि वीर, श्रीचन्द्र, यशःकीर्ति और नयनन्दि उल्लेखनीय हैं। इनमें कनकामर ने करकण्डुचरिय, जिनदत्तसूरि ने चर्चरी उपदेशरसायन रास एवं कालस्वरूप कुलक, वीर ने जम्बूस्वामीचरिउ नयनन्दि ने सुदंसणचरिउ, श्रीचन्द्र ने रत्नकरण्ड शास्त्र, एवं कथाकोश श्रीधर ने पासणाहचरिउ, भविसयत्तचरिउ एवं सुकुमालचरिउ आदि उल्लेखनीय रचनायें हैं। महाकवि धवल भी इसी शताब्दी में हुये जिन्होंने अपनी रचनाओं को बहुत ही उत्तम रूप से उपस्थित किया। नयनन्दि के सुदंसणचरिउ भाषा

ही अलंकारमय है। श्लेष और उपमा कवि के अत्यधिक प्रिय अलंकार थे जिनका इस काव्य में स्थान २ पर उपयोग किया गया है। स्वयं वीर ने अपने काव्य जम्बूसामी चरिउ को वीर एवं शृंगार रसात्मक कहा है।

अपभ्रंश मिश्रित हिन्दी काल—

१३वीं १४वीं शताब्दी को हम अपभ्रंश मिश्रित हिन्दी काल कह सकते हैं। यद्यपि इन दो शताब्दियों में अपभ्रंश में अत्यधिक साहित्य की रचना हुई किन्तु उसके साथ अपभ्रंशमय हिन्दी रचनायें भी हमारे सामने आयीं। अपभ्रंश भाषा के कवियों में महाकवि अमरकीर्ति प० लाखू, हरिभद्र धाहिल, नरसेन, सिंह आदि उल्लेखनीय हैं। इनमें अमरकीर्ति ने छक्कम्मोवएस, लाखू ने जिणयत्तचरिउ हरिभद्र ने णेमिणाहचरिउ, धाहिल ने पउमसिरिचरिउ, नरसेन ने वड्ढमाणकहा और सिरिवालचरिउ तथा सिंह ने पज्जुण्णकहा की रचना की थी। महाकवि अमरकीर्ति का छक्कम्मोवएस बहुत ही सुन्दर एवं सरल काव्य है। इस काव्य में सामान्य पुरुष के जीवन का चित्रण किया गया है। धाहिल का पउमसिरिचरिउ भी सुन्दर काव्य है जो मुनि जिनविजयजी द्वारा सम्पादित होकर प्रकाशित भी हो चुका है।

जैसा कि पहिले कहा जा चुका है कि इस काल में जैन विद्वानों द्वारा हिन्दी भाषा में भी रचनायें लिखा जाना प्रारम्भ हो गया था। इसकाल की रची हुई हिन्दी रचनाओं में श्री धम्मसूरि

का जम्बूस्वामी रासा, विनयचन्द्रसूरि की नेमिनाथचउपई, अम्बदेय-कृत सघपतिसमरा रास, और घेल्ह कृत चउवीसी गीत उल्लेखनीय रचनायें हैं। इनमें से प्रथम तीन रचनाओं की भाषा को राजस्थानी भी बतलाया जाता है किन्तु फिर भी उन्हें प्राचीन हिन्दी रचनाओं की श्रेणी में रखा जा सकता है। क्योंकि प्राचीन हिन्दी और प्राचीन राजस्थानी में कोई विशेष अन्तर नहीं है। जम्बूस्वामीरासा का एक उद्धरण देखिये —

जम्बूदीवि सिरिभरह खित्ति तिहिं नयर पहाणउ।
राजगृह नामेण नयर पहुवी वक्खाणउ।
राज करइ सेणिय नरिंद नर वरहँ जु सारो।
तासु तणइ (अति) बुद्धिवंत मति अभयकुमारो॥

चउवीसी गीत भी प्राचीन हिन्दी की एक सुन्दर रचना है जो अभी जयपुर के बड़े मन्दिर के शास्त्र भण्डार में उपलब्ध हुई है। यह सवत् १३७१ की रचना है तथा घेल्ह इसका कवि है। इसमें चौबीस तीर्थंकरों की स्तुति की गई है। आदिनाथ स्वामी के स्तवन का एक पद देखिये—

णाभि नरिंदु नरेसरू मरुदेवी सुकलत्ता।
तसु उरि रिसहु उवरणो अवध वदाहि कत्ता॥
पुणि कहि हउ आउस पमाणु जिहि जेती सत्ता।
आदिनाथ जिण कहिय आउ पुव्व चउरासी लक्खा॥
वृषभ तासु तल लछणु अति सरूपु सुरतारु।

जोमुत अस्त्र धर्मनैमक महुतइ पथ तरौर ॥
पड पद्म तवे रिंग मौतर बंध निरुप् ।
बैनगर निरिस बरैन निम्मान पहु तु ॥

हिन्दी का प्रारम्भिक काल—

१५ वी और १६ वी शताब्दी को हम हिन्दी का प्रारम्भिक काल कह सकते हैं। इन दो शताब्दियों में संस्कृत और अपभ्रंश भाषा के कवियों का ध्यान भी हिन्दी भाषा की ओर जाने लगा तथा उन्होंने संस्कृत और अपभ्रंश के साथ साथ हिन्दी में रचना लिखना प्रारम्भ कर दिया। ऐसे आचार्यों में भट्टारक सकलकीर्ति और ब्रह्म जिनदास का नाम उल्लेखनीय है। ये दोनों ही संस्कृत के भारी ऊंचे विद्वान थे क्योंकि अकेले सकल कीर्ति ने संस्कृत में आदिपुराण, पुराणसारसंग्रह, धन्यकुमार चरित्र, यशोधर चरित्र वर्द्धमानपुराण आदि ग्रन्थों की रचना की थी इसी प्रकार ब्रह्म जिनदास ने भी संस्कृत में १२ से अधिक रचनायें लिखी हैं जिनमें हरिवंशपुराण पद्मपुराण जम्बूस्वामी चरित्र हनुमच्चरित्र व्रतकथा कोश आदि उल्लेखनीय हैं। भट्टारक सकलकीर्ति की हिन्दी रचनाओं में णमोकारफलगीत एवं आराधनासार अभी तक उपलब्ध हुये हैं। यद्यपि दोनों ही विस्तृत रचनायें नहीं हैं किन्तु हिन्दी भाषा के विकास जानने के लिये ये कुछ उपयोगी सिद्ध हो सकती हैं।

ब्रह्म जिनदास की हिन्दी रचनाओं पर गुजराती भाषा का प्रभाव स्पष्ट दिखलाई देता है। इनकी हिन्दी रचनाओं में आदिनाथ

पुराण, श्रेणिकचरित्र, सम्यक्त्वरास, यशोधररास, धनपालरास, व्रतकथाकोष आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

इसी शताब्दी मे श्वेताम्बर साधु श्री विनयप्रभ ने गौतमरासा की रचना सवत् १४१२ में की थी तथा जिनउदयगुरु के शिष्य और ठक्कर माल्हे के पुत्र विद्धणू ने ज्ञानपचमी चउपई की रचना सवत् १४२३ में समाप्त की थी। प्रथम रचना मे गौतम स्वामी का चरित्र चित्रण किया गया है जिसका वर्णन काफी सुन्दर हुआ है। दूसरी रचना मे श्रुतपञ्चमी की कथा का वर्णन किया गया है। गौतमस्वामी रासा के एक पद्य का रसास्वादन कीजिये जिसमें उनकी सुदरता का वर्णन किया गया है—

जिम सहकारइ कोयलि टहकउ, जिम कुसर मह वनि परिमल वहकउं।
जिम चदन सो गघनिधि, जिमि गगाजल लहरे लहकइ।
जिम कणयाचल तेजिहिं झलकिइ तिम गोयम सोभा गनिधो॥ ३६॥

१६ वीं शताब्दी मे जैनो ने हिन्दी भाषा मे काफी साहित्य लिखा। कुछ उच्च श्रेणी के भी कवि हुए। इन कवियों में सवेगसुन्दर, कक्कसूरि, बीहल्ल, छीहल, धर्मदास, ठक्कुरसी के नाम उल्लेखनीय हैं। सवेगसुन्दर ने सारसीखामणरास की सवत् १५४८ मे रचना की थी। इसी प्रकार श्री कक्कसूरि ने सवत् १५७४ मे धन्नाचउपई की रचना समाप्त की। बीहल्ल कविने १५७५ में पञ्चसहेली की रचना की तथा छीहल कवि ने १५८४ मे बावनी को समाप्त किया। इसी समय धर्मदास ने भी धर्मोपदेशश्रावकाचार

को सम्वत् १४५८ में समाप्त किया। रचना की भाषा बड़ी सुन्दर है। इसमें जैन धर्म के सिद्धान्तों का बड़ी ही अच्छी तरह समझाया गया है। इस शताब्दी की यह सबसे बड़ी रचना है। इस का एक उदाहरण देखिये जिसमें कवि ने ग्रन्थ समाप्ति का समय दिया है—

पन्द्रहसै अट्ठावनि वरिस, संवच्छर अवसाण का वरह।
निर्मल वैसाखी सकलीय गुणभरि मुनिवृन्द गम्भीर।
ता दिन पूरी किनी बहु मन निर्मल धर्म मती जो पंथ।
गंगा का यह निर्मित इन्ह परम तप मनिमन बहु अरह।

इसी समय श्री चतुरुमल कवि ने भी नेमीश्वर गीत की रचना की थी। यह रचना सवत् १५७१ की है तथा इसमें नमिनाथ स्वामी के विवाह समय की घटना से लेकर राहुल के दीक्षा समय का वर्णन किया गया है।

मध्य काल

१७ वी १८ वी और १९ वी शताब्दी जैन हिन्दी साहित्य के लिये ही नहीं किन्तु हिन्दी साहित्य के लिये भी सर्वोत्कृष्ट काल रहा। इन तीन शताब्दियों में हिन्दी साहित्य की चहुँमुखी उन्नति हुई। महाकवि तुलसीदास बनारसीदास बिहारी, रसखान, सूरदास आदि जितने भी उच्च कवि हुये वे सब इन्हीं तीन शताब्दियों में हुये। इन कवियों ने हिन्दी साहित्य के उत्थान के लिये अपने जीवन की बाजी लगा दी। यदि इन तीन शताब्दियों के साहित्य

को हिन्दी साहित्य से निकाल दिया जावे तो फिर हिन्दी साहित्य निर्जन वन के समान मालूम पडेगा।

जैन हिन्दी साहित्य मे भी इन तीन शताब्दियों मे अनेक कवि एव लेखक हुये जिन्होंने हिन्दी साहित्य के भण्डार को भर दिया। दूसरी विशेषता इस काल की यह रही कि १७ वीं शताब्दी के प्रारम्भ से ही हिन्दी गद्य का स्वरूप भी हमारे सामने आया इससे हिन्दी के पठन पाठन एव स्वाध्याय का'और भी प्रचार वढा।

१७ वीं शताब्दी के प्रारम्भिक कवियों मे श्री कुमुदचन्द्र का नाम विशेष उल्लेखनीय है। इन्होंने सवत् १६०० मे लिखना प्रारम्भ किया था। कवि की वाहुबलि छन्द, त्रेपनक्रिया, ऋषभ विबाहलो, शीलगीत आदि रचनायें मिलती हैं, इनमे भरतवाहुबलि छन्द विशेष उल्लेखनीय रचना है।

ब्रह्म रायमल १७ वीं शताब्दी के प्रथम पाद के कवि हैं। सभी रचनाओं की प्रशस्तियों में इन्होंने अपने आपको मुनि अनन्तकीर्त्ति का शिष्य लिखा है। नेमीश्वररास कविवर की उपलब्ध रचनाओं में प्रथम रचना है। इसका रचना सवत् १६१५ है। इसके अतिरिक्त हनुमतकथा, प्रद्युम्नचरित्र, सुदर्शनरासो, निर्दोषसप्तमीव्रतकथा, श्रीपालरासो, भविष्यदत्त कथा आदि रचनायें उपलब्ध हैं।

पाण्डे जिनदास ने सवत् १६४२ में जम्बूस्वामी चरित्र की रचना

समाप्त की। इसके अतिरिक्त योगीरासा एवं ज्ञानसूर्योदय नाटक ग्रन्थ और मिलता है।

कविवर रूपचन्दजी १७ वीं शताब्दी के श्रेष्ठ कवि थे। उप लब्ध रचनाओं के आधारपर यह कहा जा सकता है कि इनकी कवित्व शक्ति बहुत ही उच्च श्रेणी की थी। कविवर ज्ञान कला के रस में भीगे रहते थे। परमार्थ चर्चा ही उनका मुख्य ध्येय था। महाकवि बनारसीदास ने इनको आगरा नगर की प्रमुख तथा प्रसिद्ध ज्ञानगोष्ठी का प्रथम विद्वान होना लिखा है। आपने जो कुछ साहित्य लिखा अधिकांशतः वह आध्यात्मिक रस से ओतप्रोत किया हुआ है। आपकी अभी तक परमार्थदोहाशतक, परमार्थ गीत, पदसंग्रह, गीत परमार्थी, पंचमंगल नेमिनाथरास आदि रचनायें प्राप्त हुई हैं। सभी रचनायें उच्च कोटि की हैं। इसका एक उदाहरण देखिये—

> गुरु बिन भेद न पाइये को पर को निज वस्तु
>
> गुरु बिन भव सागर विषै परत गहै को हस्तु॥
>
> रूपचन्द सतगुरुनि की जन बलिहारी जाय।
>
> आपुन जे शिवपुर गये, भव्यनि पंथ दिखाय॥

उक्त कवियों के अतिरिक्त इस शताब्दी में होने वाले कवियों में ब्रह्म गुलाल त्रिभुवनचन्द्र आदि के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। महाकवि बनारसीदास भी इसी शताब्दी के कवि थे जिनका स्थान जैन हिन्दी साहित्य में सर्वोत्कृष्ट है। इनका पूर्ण परिचय आगे दिया जायेगा।

इस शताब्दी के श्रेष्ठ कवियों में भैय्या भगवतीदासजी का नाम लिया जा सकता है। ये आगरा के रहने वाले थे। इन्होंने अनेक विषयों पर अपनी रचनाएँ लिखी हैं। कविवर हिन्दी संस्कृत फारसी गुजराती आदि भाषाओं के अच्छे विद्वान थे। आपकी रचनायें प्रसाद गुण से परिपूर्ण हैं। कविवर का 'ब्रह्मविलास' उनकी विभिन्न रचनाओं का संग्रह है। इन्होंने अपनी रचनाओं में आत्म-कल्याण की भावना प्रदर्शित की है। किसी को रिझाने के लिये अथवा अपने आप के आनन्द के लिये कविता रचने का इनका बिलकुल ध्यान नहीं था। इनके एक पद का नमूना देखिये जो कितना मधुर एवं सरल है—

कहा परदेशी को पतियारो।
मन माने तब चलै पंथ को, सांझ गिनै न सकारो।
सबै कुटुम्ब छांड इतही पुनि, त्याग चलै तन प्यारो॥
दूर दिशावर चलत आपही, कोउ न रोकन हारो।
कोऊ प्रीति करो किन कोटिक, अंत होयगो न्यारो॥
धन सों राचि धरम सों भूलत, झूलत मोह मंझारो।
इहि विधि काल अनन्त गमायो, पायो नहिं भव पारो॥
सांचे सुखसों विमुख होत हो, भ्रम मदिरा मतवारो।
चेतहु चेत सुनहु रे भैया, आप ही आप संभारो॥

भैय्या भगवतीदासजी के समकालीन महान संत आनन्दघन हुए। संत-साहित्य के विशेषज्ञ एवं अध्ययनशील विद्वान्

अनेक पूजाओं की रचना की जो आज प्रत्येक स्थान पर पढ़ी जाती हैं। इनकी भाषा एवं शैली अच्छी है जिसमें कठिन विषय को भी सरल करके समझाया गया है।

१८ वीं शताब्दी में उक्त कवियों के अतिरिक्त मनोहरलाल, खरगसेन, जोधराज गोदीका, खुशालचन्द काला, किशनसिंह आदि और भी कवि हुये। इनमें मनोहरलाल ने धर्मपरीक्षाभाषा, खरगसेन ने त्रिलोक दर्पण कथा, जोधराज ने सम्यक्त्वकौमुदी, धर्मसरोवर, पद्मनन्दि पंचविंशति आदि तथा किशनसिंह ने क्रियाकोश आदि की रचनायें की थी। ये सभी रचनायें कितनी ही दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण हैं।

१६ वीं शताब्दी में उल्लेखनीय कवियों में पं० दौलतरामजी पं० टोडरमलजी पं० जयचन्दजी छावड़ा वृन्दावनजी आदि के नाम गिनाये जा सकते हैं। इस शताब्दी में पद्य साहित्य की अपेक्षा गद्य साहित्य का अधिक निर्माण हुआ। हिन्दी भाषा के प्रचारा-धिक्य से एवं स्वाध्यायप्रेमियों की मांग के अनुसार विद्वानों ने संस्कृत एवं प्राकृत अपभ्रंश ग्रन्थों का सरल हिन्दी में अनुवाद अथवा भाषान्तर किया जिससे हिन्दी भाषा के ग्रन्थों के प्रचार में एवं स्वाध्याय में उत्तरोत्तर वृद्धि हो।

पं० दौलतरामजी ने पुण्याश्रवकथाकोश क्रियाकोश अध्यात्म-बारहखड़ी, वसुनन्दिश्रावकाचार भाषा पद्मपुराणभाषा हरिवंश-पुराणभाषा आदि ग्रन्थों की रचना की थी। इनकी भाषा बहुत

सरल है। इस पर ढूढारी भाषा का अत्यधिक प्रभाव है। जैन समाज मे इनके लिखे हुये ग्रन्थों की स्वाध्याय का अत्यधिक प्रचार है। वे राजस्थान मे ही नहीं पढे जाते किन्तु गुजरात मे एव दक्षिण मे भी उनका अत्यधिक प्रचार है।

पण्डितप्रवर टोडरमलजी भी इसी शताब्दी के रत्न हैं। अपने समय के ये सर्व श्रेष्ठ साहित्यिक, विद्वान् एव समाज सुधारक थे। ये केवल २८ वर्ष तक ही जीये और इतने से अल्पकाल में गोम्मटसारवचनिका, त्रिलोकसारवचनिका, आत्मानुशासनभाषा, पुरुषार्थसिद्धयुपाय भाषा एव मोक्षमार्गप्रकाश आदि ग्रन्थों की रचनायें की। आप का ज्ञान पारदर्शी था। इसीलिये आप गोम्मटसार एव त्रिलोकसार जैसे गूढ अर्थ वाले ग्रन्थों की सरल एव बोधगम्य वचनिकायें लिखीं। मोक्षमार्ग प्रकाश आपकी स्वतन्त्र रचना है इसमे जैनसिद्धान्त का गभीर विवेचन किया गया है। इसकी भाषा भी ढूढारी है। आजकल के हिन्दी गद्य से वह बहुत कुछ मिलती जुलती है। क्रिया पदों और कारक प्रत्ययों के बदलने मात्र से ही वह आजकल की खडी बोली बन सकती है।

प० जयचन्दजी छावडा का गद्य लेखकों मे महा पडित टोडरमलजी एव दौलतरामजी के बाद का स्थान है। इन्होंने सर्वार्थसिद्धि, परीक्षामुख, द्रव्यसग्रह, स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षा, समयसार, देवागमस्तोत्र, अष्टपाहुड, ज्ञानार्णव आदि ग्रन्थों की भाषा वचनिकायें लिखी। इनकी गद्य शैली भी उत्तम है।

श्री वृन्दावनजी १६ वीं शताब्दी के श्रेष्ठ कवि कहे जा सकते हैं। इन्होंने छन्दशतक, प्रवचनसार टीका, चतुर्विंशतिजिनपूजापाठ, तीस-चौबीसी-पूजापाठ वृन्दावन-विलास आदि रचनायें की थी। इनमें स्वाभाविक कवित्व शक्ति थी। प्रत्येक विषय को सरल शब्दों में प्रस्तुत करना इन्हें खूब आता था। इसीलिये इनकी कविता में स्वाभाविकता और सरलता दोनों ही मिलती हैं।

इसी प्रकार जैन हिन्दी साहित्य में और भी कवि एवं लेखक हुये जिन्होंने अपनी रचनायें लिखकर हिन्दी भाषा के प्रचार एवं पठनपाठन में अत्यधिक सहयोग दिया। यद्यपि अधिकांश जैन कवियों ने अपनी रचनाओं के विषय को धर्मप्रधान एवं अध्यात्म प्रधान ही रखा है किन्तु इस प्रकार के साहित्य में भी कितने ही स्थानों पर तो हमें उत्तम काव्य के दर्शन होते हैं। इसलिये हिन्दी साहित्य के विद्वानों को चाहिये कि वे जैन साहित्य के खोज एवं प्रचार की ओर ध्यान दें एवं उसकी रचनाओं को उचित स्थान देने का प्रयत्न करें।

महाकवि बनारसीदास

१५ वीं शताब्दी हिन्दी-साहित्य के इतिहास में कई दृष्टियों से उल्लेखनीय है। इस शताब्दी मे तुलसीदास, केशवदास, बनारसी-दास, बिहारी, भूषण, सेनापति, रहीम आदि कितने ही महाकवि हुये जिन्होंने हिन्दी भाषा में सर्वोत्कृष्ट रचनायें निबद्ध करके उसे अमर बना दिया। जैन कवि बनारसीदास भी इसी शताब्दी के महान प्रतिभाशाली कवि हैं जिन्होंने हिन्दी में त्रिकालावाधित रचनाये लिखकर इसके साहित्य भण्डार की श्री वृद्धि की है। वास्तव मे यदि इस शताब्दी मे ये कविगण न हुये होते तो हिन्दी भाषा इतनी जनप्रिय भाषा न बनी होती जितनी वह आज है।

बनारसीदासजी का स्थान हिन्दी के आध्यात्मिक साहित्य में कबीर के समकक्ष कहा जा सकता है। बनारसीदासजी की काव्यत्व शक्ति नैसर्गिक थी। इनकी सूझ निराली थी तथा इनकी शैली में आकर्षण था। यही कारण है कि इनके द्वारा लिखे हुये साहित्य को जैन हिन्दी साहित्य मे सर्वोत्कृष्ट स्थान दिया गया। लेकिन दुःख के साथ लिखना पड़ता है कि हिन्दी साहित्य के ऐतिहासिक विद्वानों ने अपने हिन्दीसाहित्य के इतिहास में नामोल्लेख के अतिरिक्त इनकी सेवाओं का कोई मूल्याकन नहीं किया जब कि इनके द्वारा लिखा साहित्य हिन्दी के अनेक कवियों के साहित्य के

समझा रखा जा सकता है। कविवर द्वारा लिखा हुआ अर्द्धकथानक तो अपने ढंग की प्रथम एवं सर्वोत्कृष्ट प्राचीन रचना है।

बनारसीदासजी का जन्म सवत् १६४३ में जौनपुर नगर में हुआ था। प्रारम्भ में इनका नाम विक्रमाजीत था लेकिन बाद में बनारस के एक पुजारी के कहने से इनका नाम बनारसीदास रखा गया। कवि के पिता का नाम खरगसेन था। ये श्रीमाल जाति के थे और बीहोलिया इनका गोत्र था। अर्द्धकथानक में लिखा है कि बिहोली गांव राजपूतों की एक बस्ती थी जो एक जैन मुनि के उपदेश से जैन बन गयी थी। इसमें अपने आपको श्रीमाल जाति एवं बीहोलिया गोत्र से प्रसिद्ध किया।

बनारसीदासजी अपने पिता के इकलौते पुत्र थे। बचपन में इनका लालन पालन बड़े लाड़ प्यार से किया गया था। ७ वर्ष की अवस्था से इन्होंने विद्याध्ययन प्रारम्भ किया। इनके गुरु कविवर रूपचन्दजी थे जो स्वयं ही पहुंचे हुये आध्यात्मिक कवि थे। इनकी बुद्धि प्रखर थी तथा विषय को जल्दी ही ग्रहण करलेती थी, इसलिये थोड़े वर्षों में ही इन्होंने काफी ज्ञान प्राप्त कर लिया। इसके पश्चात् इन्होंने पढ़ना बन्द कर दिया लेकिन १४ वर्ष की अवस्था में इन्होंने फिर प. देवीदासजी के पास पढ़ना प्रारम्भ किया तथा नाममाला ज्योतिषशास्त्र अलंकारशास्त्र एवं कोकशास्त्र का थोड़ा अध्ययन किया।

बनारसीदासजी का प्रथम विवाह १० वर्ष की अवस्था में हुआ

था। इनकी यह पत्नी बडी सुशीला सतोषी एव पतिसेवापरायणा थी, लेकिन विवाह के करीब १५-१६ वर्ष बाद इसकी मृत्यु हो गयी। इससे बनारसीदासजी को बहुत दु ख हुआ। इसके पश्चात् कविवर के और भी दो विवाह हुये किन्तु वे अपनी प्रथम पत्नी के गुणों का कभी विस्मरण नहीं कर सके। तीनों पत्नियों से आपके ९ बालक हुये किन्तु सभी बालक पैदा होने के कुछ दिनों बाद ही मर गये। कविवर का अन्तिम बच्चा ९ वर्ष का होकर मरा। इस बालक को खोकर तो इन्हें जीवन से एक दम निराशा हो गयी और उन्हें ससार बहुत भयानक प्रतीत होने लगा, जैसा कि उनके निम्न उद्गार से मालूम पडता है—

नौ बालक हुए मुए, रहे नारि नर दोय।
ज्यौं तरवर पतझार है रहै ठूठ से दोय ॥

युवावस्था के पदार्पण करते ही बनारसीदासजी अनगरग मे मस्त हो गये थे। इनके सिर पर इश्कबाजी का नशा चढ गया था। रातदिन इनका ऐसी ही बातों की चर्चाओं मे व्यतीत होता था। इसी समय इनको कविता करने का भी शौक हो गया था। लेकिन इश्कबाजी मे फसे रहने के कारण ये श्रृगाररस की ही अधिकाश कवितायें लिखने लगे। इसी समय इन्होंने एक हजार पद्यों वाली एक पुस्तक की भी रचना की। यद्यपि इस पुस्तक मे सभी रसों से सम्बन्धित कविताएँ थीं लेकिन सबसे अधिक इस पुस्तक मे जो सामग्री थी उसका सम्बन्ध श्रृगाररस

से ही था। बनारसीदासजी कितने ही साधु संन्यासियों के जाल में फंसे रहे और जैसा उन्होंने कहा वैसा ही बनारसीदास जी ने किया। संवत् १६६२ में बादशाह अकबर की मृत्यु हुई। मृत्यु के समाचार सुनकर बनारसीदासजी को इतना अधिक दुःख हुआ कि वे यह समाचार सुनते ही गिर पड़े। इसके बाद उनके जीवन में परिवर्त्तन आया। वे साधु संन्यासियों के चक्कर से निकल गये तथा शृंगाररस के स्थान में आध्यात्मिक रस का गुणगान करने लगे। उनको अपने अबतक के अश्लील जीवन से घृणा हो गयी तथा अबतक उन्होंने जो शृंगाररस से सम्बन्धित कवितायों की रचना की थी उसे भी उन्होंने गोमती नदी में सदा के लिये बहा दिया। हिन्दी साहित्य एवं जैन साहित्य दोनों के लिए ही यह एक अप्रिय घटना रही। यदि यह रचना बची हुई होती तो जैन कवियों पर जो केवल आध्यात्मिक होने का आरोप लगाया जाता है वह सदा के लिये दब जाता। इस के बाद तो कवि का सम्पूर्ण जीवन ही दूसरी दिशा में प्रवाहित होना था जैसा कि स्वयं कवि ने कहा है—

> तिस दिन सौं बनारसी करी धर्म की चाह।
>
> तजी आसिखी फासिखी पकरी कुल की राह॥

व्यापारिक जीवन—

२१ वर्ष तक बनारसीदासजी ने कोई काम धन्धा प्रारम्भ नहीं किया। २४ वें वर्ष में कवि के पिता खरगसेनजी ने इन्हें घर का

दासजी से अध्ययन करने का अवसर मिला था। आगरे में इनका अर्थमल्लजी से संसर्ग हुआ। अर्थमल्लजी सदा ही अध्यात्म रस में सने हुवे रहते थे। इन्होंने बनारसीदासजी को पं० राजमल्ल कृत हिन्दी बालावबोधिनी टीका सहित समयसार नामक ग्रन्थ स्वाध्याय करने को दिया। इसका स्वाध्याय करने के पश्चात् ये निश्चय नय के एकान्त अज्ञानी बन गये और बाह्य क्रियाओं को सर्वथा छोड़ बैठे। लेकिन जब इन्हें पं० रूपचन्दजी से गोम्मटसार नामक सिद्धान्त ग्रन्थ पढ़ने का सौभाग्य मिला तब इनको वस्तु स्थिति का बोध हुआ। आगरे में इन्हें पं० रूपचन्दजी के अतिरिक्त अन्य विद्वानों के साथ रहने का भी अवसर मिला था। इन विद्वानों में चतुर्भुजजी, भगवतीदासजी धर्मदासजी, कुंवरपालजी और जगजीवनजी के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। ये सभी विद्वान आध्यात्मिक चर्चा में गहरा रस लिया करते थे और रात दिन उसी की चर्चा में मस्त रहते थे।

जैन विद्वानों के अतिरिक्त इन्हें अन्य विद्वानों से भी भेंट करने का अवसर मिला था ऐसी भी कितनी ही किंवदन्तियां प्रचलित हैं। इन विद्वानों एवं सन्तों में सुन्दरदासजी एवं तुलसीदासजी के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। सुन्दर ग्रन्थावली के सम्पादक पं० हरिनारायणजी शर्मा बी० ए० ने ग्रन्थावली की भूमिका में एक स्थान पर लिखा है—"प्रसिद्ध जैन कवि बनारसीदासजी के साथ सुन्दरदासजी की मैत्री थी। सुन्दरदासजी जब आगरे गये तब बनारसीदासजी के साथ उनका संसर्ग हुआ था। बनारसीदासजी

सुन्दरदासजी की योग्यता, कविता और यौगिक चमत्कारों से मुग्ध हो गये थे। तभी उतन श्लाघा मुक्तकण्ठ से उन्होंने की थी। परन्तु वैसे ही त्यागी और मेधावी वनारसीदासजी भी तो थे। इनके गुणों से सुन्दरदासजी प्रभावित हो गये इसी से वैसी अच्छी प्रशसा उन्होंने भी की थी।"

इसी प्रकार बनारसीदासजी की महाकवि तुलसीदासजी से भी कितनी ही बार भेंट हुई थी। यह भी कहा जाता है कि इनको महाकवि ने रामायण की एक प्रति भेंट की थी। कुछ वर्षों के बाद जब कविवर की गोस्वामीजी से भेंट हुई तब तुलसीदासजी ने रामायण के काव्य सौंदर्य के सम्बन्ध मे जानना चाहा जिसके उत्तर में कविवर ने प्रसन्न होकर निम्न कविता उसी समय सुनाई थी—

विराजै रामायण घट मांहि।
मरमी होय मरम सो जानै, मूरख मानै नाहिं॥
आतमराम ज्ञान गुन लछमन, सीता सुमति समेत।
शुभोपयोग वानरदल मंडित, वर विवेक रण-खेत॥
ध्यान धनुष टंकार शोर सुनि, गई विषयादिति भाग।
भई भस्म मिथ्यामति लंका, उठी धारणा आग॥
जरे अज्ञान भाव राक्षसकुल, लरे निकांछित सूर।
जूझे राग द्वेष सेनापति संशयगढ चकचूर॥
बिलखत कुम्भकरण भव विभ्रम, पुलकित मन दरयाव।
थकित उदार वीर महिरावण, सेतुबंध समभाव॥

पुष्टि अन्तोदरी दुराशा, समय चरत उपमान।
चारों चतुर्गति परणति सेना छूटे छपक गुणस्थान॥
निरखि सकति गुन चक्र सुदर्शन, उदय विभीषण दीन।
फिरे कबन्ध मही रावण की प्राण भाव सिर हीन॥
इह विधि सकल साधु घर अंतर, होय सहज संग्राम।
यह विवहार दृष्टि रामायण केवल निश्चय राम॥

तत्कालीन मुगल बादशाह और बनारसीदासजी—

बनारसीदासजी ने अपने जीवन काल में तीन मुगल बादशाहों का शासन देखा था। बादशाह अकबर के ये काफी प्रशंसक थे इसलिये उसकी मृत्यु के समाचार सुनकर बनारसीदासजी को अत्यन्त दुःख हुआ और वे बैठे २ ही गिर पड़े। जहांगिर के सामने भी इनको एक बार उपस्थित होना पड़ा था और उन्होंने "जानी जहांपनाह सलामत मेरी तसलीम है" इन शब्दों में बादशाह को सलाम किया था। शाहजहां बादशाह के दरबार में तो इन्हें प्रतिदिन उपस्थित होना पड़ता था और वहीं आकर इन्हें बादशाह के साथ शतरंज खेलनी पड़ती थी और अन्त में इन्हें बड़ी कठिनता से छुटकारा मिला था।

कवि का अन्तिम जीवन—

अर्ध कथानक में दिये ५५ वर्ष के जीवन चरित के अतिरिक्त आगे के जीवन के सम्बन्ध में कोई निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है कितने वर्ष तक और जीये। लेकिन इतना अवश्य

है कि उनका अन्तिम जीवन सुख से व्यतीत हुआ होगा। इस जीवन मे उन्होने कौनसे साहित्य का निर्माण किया अथवा केवल आध्यात्मिक चर्चाओं मे ही अपना जीवन व्यतीत किया इस सम्बन्ध मे हमे कोई जानकारी नहीं मिलती।

बनारसीदासजी की रचनायें—

उपलब्ध साहित्य के आधार पर यह कहा जा सकता है कि बनारसीदासजी ने अपने जीवन मे नवरसपद्यावलि, नाटक समयसार, बनारसीविलास, नाममाला और अर्द्ध कथानक नामक ग्रन्थो की रचना की थी। इन सभी का सक्षिप्त परिचय पाठकों के सामने उपस्थित किया जाता है—

नवरसपद्यावलि—

नवरसपद्यावलि की रचना कविवर ने अपनी युवावस्था मे की थी। उस समय वे अनगराग मे मस्त थे और शृंगार रस का आस्वादन ही उनका प्रमुख ध्येय था। उसी समय उन्होंने एक हजार पद्योंवाली रचना लिखी थी। यद्यपि इसमे सभी रसों वाले पद्य थे लेकिन शृ गार रस से सम्बन्धित पद्यों की विशेषता थी। जब कवि का इश्कबाजी का नशा दूर हुआ तो उन्हें अपने द्वारा लिखी हुई नवरसपद्यावलि से भी एक दम घृणा हो गयी। और एक दिन अपनी सम्पूर्ण रचना को गोमती नदी मे बहा दिया। हिन्दी जगत् के लिये एव विशेषत हिन्दी जैन साहित्य के लिये उनका यह कार्य अच्छा नहीं रहा। यदि यह पुस्तक आज हमे उपलब्ध होती तो जैन साहित्य केवल आध्यात्मिक अथवा धार्मिक है यह कहकर के ही उसकी

उपेक्षा नहीं की जाती। बनारसीदासजी ने इस पुस्तक के सम्बन्ध में निम्न लिखित पद्य लिखा है—

> पोथी एक बनाई नई मित हजार दोहा चौपई।
> तामें नवरस रचना लिखी, पै विसेस बरनन आसिखी।
> ऐसे कुकवि बनारसी भए, मिथ्या ग्रन्थ बनाए गए।

नाटक समयसार—

नाटक समयसार बनारसीदासजी की प्रमुख एवं सर्वश्रेष्ठ रचना है। जैन हिन्दी साहित्य में इस रचना का सर्वोत्कृष्ट स्थान है। अध्यात्म रस का यह अपूर्व ग्रन्थ है जिसको एक बार पढ़ना प्रारम्भ करने के पश्चात् कभी छोड़ने को जी नहीं चाहता। इसकी रचना में कवि ने जो अपनी अपूर्व काव्य शक्ति का परिचय दिया है वह सर्वथा प्रशंसनीय है। इसका प्रत्येक पद आत्मा पर अपना सीधा असर डालता है। उदाहरणार्थ दो पद्य उपस्थित किये जाते हैं—

> राम रसिक अरु राम रस कहन सुनन को दोइ।
> जब समाधि परगट भई तब दुविधा नहिं कोइ॥

× × × ×

> जाके घट समता नहीं, ममता मगन सदीव।
> रमता राम न जानही सो अपराधी जीव॥

समयसार की रचना आचार्य कुन्दकुन्द ने प्राकृत भाषा में की थी। उस पर आचार्य अमृतचन्द्र ने संस्कृत टीका एवं कलशों

की रचना की। १६-१७ वीं शताब्दी मे पाडे राजमल्लजी ने हिन्दी गद्य मे बालावबोधिनी टीका लिखी और इन्हीं रचनाओं के आधार पर बनारसीदासजी द्वारा हिन्दी पद्यात्मक समयसार की रचना की गयी। यद्यपि कवि की यह केवल एक प्रकार से समय-सार पर हिन्दी टीका मात्र ही है लेकिन उसमे अपनी अपूर्व काव्य शक्ति से इतनी विशेषता लादी कि उनकी यह रचना सर्वथा मौलिक मालूम देने लगी। इसमे कवि ने शब्दों का चुनाव एव चयन इतना सुन्दर किया है कि पाठक उसमे अपने आपको खोया हुआ अनुभव करने लगता है।

पूरे समयसार में ३१० दोहा सोरठा, २४३ सवैय्या इकतीसा, ८६ चौपाई, ६० सवैय्या तेईसा, २० छप्पय, १८ कवित्त, ७ अडिल्ल एव ४ कुण्डलिया हैं। इस प्रकार सब मिला कर इसमें ७२७ छन्द हैं। यह रचना सवत् १६६३ मे आसोज शुक्ला दशमी रविवार के दिन समाप्त हुई थी।

आदरणीय नाथूरामजी प्रेमी के शब्दों मे समयसार को भाषा साहित्य के अध्यात्म की चरम सीमा कहें तो कुछ अत्युक्ति नहीं होगी। आगे आने वाले जैन कवि एव लेखकों पर समयसार में वर्णित आध्यात्मिकता का जो का प्रभाव पडा है वह उल्लेखनीय है।

नाममाला——

महाकवि धनजय कृत सस्कृत नाममाला का यह हिन्दी पद्य मे भाषान्तर है। कवि ने सस्कृत पद्यों का हिन्दी अनुवाद बहुत ही

सरल एवं उत्तम रीति से किया है। हिन्दी-कोश-साहित्य में यह सर्वप्रथम उल्लेखनीय रचना है। हाईस्कूल तक के विद्यार्थियों के लिये तो शब्दों का ज्ञान बढ़ाने के लिये यह अत्यधिक उपयोगी पुस्तक है। उदाहरणार्थ विद्वान् के नामों का वर्णन करने वाले पद देखिए।

> निपुण विचक्षण विबुध बुध विद्याधर विद्वान्
>
> पटु प्रवीन पंडित चतुर, सुधी सुजन मतिमान ॥
>
> कलावंत कोविद कुसल, सुमन दच्छ धीमंत।
>
> ज्ञाता सज्जन ब्रह्मविद तज्ञ गुनीजन संत ॥

अर्धकथानक—

यह कवि द्वारा लिखा हुआ स्वयं का जीवन चरित्र है। कवि ने इसमें अपने ५५ वर्ष की जीवन घटनाओं को असली रूप में उपस्थित किया है। इससे यह सिद्ध होता कि भारतीय विद्वान् भी आज से ३ वर्ष पहिले अपने जीवन इतिहास का महत्त्व समझते थे। कवि का यह आत्म-चरित ठीक आज जैसे आत्म-चरितों के समान लिखा गया है। कविने अपने जीवन की किसी भी घटना को लिखने में छिपाछिपाव नहीं की है। हिन्दी के प्राचीन आत्म-चरितों में ऐसा कोई आत्मचरित नहीं है जिसको इसकी तुलना में रखा जा सके। इसमें सब मिलाकर ६७५ चौपाई तथा दोहे हैं। रचना सुन्दर एवं सरल है। इसमें ५५ वर्षों के तत्कालीन सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन का सुगमता से पता लगाया जा

सकता है। संवत् १६६२ मे जब बादशाह अकबर का स्वर्गवास हुआ तो राज्य मे चारों ओर अव्यवस्था एवं अशान्ति आ गयी। लोगों को चारों ओर विपत्ति ही विपत्ति दिखाई देने लगी। कवि ने इसका बडा सुन्दर चित्र खैंचा है। उसे पढिये—

घर घर दर दर दिये कपाट, हटवानी नहिं बैठे हाट।
हडवाई गाडी कहुँ और, नक्द माल निरभरमी ठौर।
भले वस्त्र अरु भूषण भले, ते सब गाड़े धरती तले।
घर घर सबनि विसाहे शस्त्र, लोगन पहिरे मोटे वस्त्र॥
ठाढो कंबल अथवा खेस, नारिन पहिरे मोटे वेस।
ऊँच नीच कोउ नहिं पहिचान, धनी दरिद्री भये समान॥
चोरि धाड दीसै कहुँ नाहि, योही अपभय लोग डराहिं।

कवि की इन रचनाओं से तत्कालीन शासन व्यवस्था एवं सामाजिक स्थिति आदि का अच्छी तरह पता चलता है। ये वर्णन इतिहास निर्माण के लिए बडे उपयोगी है।

बनारसीविलास—

बनारसीदासजी ने पूर्व वर्णित रचनाओं के अतिरिक्त अन्य कितनी ही स्फुट रचनायें भी लिखी थीं। इनकी कुल संख्या कितनी हैं इसके सम्बन्ध मे तो जैन शास्त्र भण्डारों की पूरी खोज होने के पश्चात ही निश्चित लिखा जा सकता है, लेकिन फिर भी वर्तमान मे इन स्फुट रचनाओं की संख्या ६२ है। बनारसीविलास के

प्रारम्भ में जो कवित्वमय विषय सूचनिका दी हुई है उसमें कवि की ८० रचनाओं के नाम दिये हुये हैं। इनके सिवाय तीन नवीन पदों की खोज महोदय साधूराम जी प्रेमी ने की है। तथा अभी कवि के ९ नवीन पद जयपुर के पाटोदी के मन्दिर के शास्त्र भण्डार की सूची बनाते हुये एक गुटके में हमें मिले हैं। संभव है कि कवि द्वारा रचित और भी रचनायें खोज करने पर प्राप्त हो सकें।

बनारसीविलास 'नाटक समयसार' अद्ध' कथानक और नाममाला के अतिरिक्त कवि की अब तक सभी उपलब्ध रचनाओं का संग्रह है। यह स्वयं कविका संग्रह किया हुआ नहीं है किन्तु कवि की मृत्यु के पश्चात् पं जगजीवन राम ने इसका संग्रह किया है। पंडितजी आगरे के रहने वाले ही थे। इनको बनारसीदासजी की रचनाओं से अत्यधिक अनुराग था, इसलिये उन्होंने उस समय तक उपलब्ध सभी रचनाओं का एक स्थान पर संग्रह कर लिया और इस संग्रह का नाम बनारसीविलास रखा।। इन्होंने इस कार्य को संवत् १७०१ में समाप्त किया।

जैसा कि पहले कहा जा चुका है बनारसीविलास एक संग्रह ग्रंथ है। इसमें किसी एक विषय का संग्रह न होकर कवि की विविध विषयों पर रचित कविताओं का संग्रह है। सम्पूर्ण विलास को हम मुख्यतया निम्न भागों में विभाजित कर सकते हैं—

१ जैन सिद्धान्त से सम्बन्धित कवितायें

२. अनूदित रचनायें

३ आध्यात्मिक एवं रहस्यवादी कवितायें

४ सुभाषित, पद एवं स्फुट कवितायें

१ जैनधर्म सिद्धान्त से सम्बन्धित कवितायें:—

बनारसीदासजी जैन शास्त्रों के पारदर्शी विद्वान थे। उनका गंभीर अध्ययन था। बनारसीविलास में संग्रहीत जैन सिद्धान्त विषय से सम्बन्धित रचनाओं में जैनधर्म के गहन तत्त्वों का जो परिचय दिया गया है वह उनके जैन सिद्धान्त विषयक गंभीर ज्ञान का स्पष्ट प्रमाण है। सिद्धान्त की गहन चर्चाओं को उदाहरण देकर समझाना उन्हें अच्छी तरह आता था। सिद्धान्त के इस भाग में विलास की मुख्यतया रचनायें आती हैं—ज्ञान बावनी, मार्गणा-विधान, कर्मप्रकृतिविधान, साधु वन्दना, कर्मछत्तीसी, ध्यान बत्तीसी, पंच पद विधान, अष्ट प्रकार जिनपूजा, दश दान दश बोल, परमार्थ वचनिका, निमित्त उपादान की चिट्ठी आदि।

अनूदित रचनायें:—

इस संग्रह में कवि की तीन अनूदित रचनाएँ भी हैं। सूक्ति-मुक्तावलि, कल्याणमन्दिरस्तोत्र और जिनसहस्रनाम। सूक्ति-मुक्तावलि आचार्य सोमप्रभ की संस्कृत रचना है। कवि और उनके साथी कवि कुमारपाल (कौरपाल) ने उसका सुन्दर अनुवाद किया है। कवि द्वयने इसे संवत् १६६१ वैशाख सुदी ११ को समाप्त किया था। यह समय कवि की सबसे महत्वपूर्ण रचना 'नाटक समयसार' की रचना समाप्ति से करीब २ वर्ष पूर्व का आता है।

सूक्ति मुक्तावलि के सभी पद्य सुन्दर एवं हृदयग्राही हैं। एक पद्य का नमूना देखिये—

> ज्यों मतिहीन विवेक बिना नर साजि मतंगज ईंधन ढोवै।
> कंचन भाजन धूल भरै शठ मूढ़ सुधारस सों पग धोवै॥
> बाहित काग उड़ावन कारन डार महामणि मूरख रोवै।
> त्यों यह दुर्लभ देह बनारसि पाय अजान अकारथ खोवै॥

कल्याण मन्दिर स्तोत्र श्री कुमुदचन्द्राचार्य की संस्कृत रचना का हिन्दी पद्यानुवाद है। इसे परम ज्योति भी कहते हैं। बहुत से भाई प्रतिदिन इसका पाठ करते हैं। इसके प्रथम पद्य का पहिला पद परमज्योति है, इसीलिये इसे परमज्योति कहते हैं। विस्तार भय से हम इसका उदाहरण उपस्थित नहीं कर सकते। श्री जिनसेनाचार्य के संस्कृत जिनसहस्रनाम स्तोत्र का हिन्दी पद्यानुवाद कवि की तीसरी रचना है। इन तीनों ही रचनाओं के अनुवाद में कवि काफी सफल रहे हैं।

आध्यात्मिक एवं रहस्यवादी कवितायें:—

बनारसीविलास की अधिकांश रचनायें किसी न किसी रूप में अध्यात्म विषय से ओतप्रोत हैं। ऐसा लगता है मानो आत्मा और परमात्मा के गुणगान में कवि ऐसे मग्न हुवे थे कि उनका प्रत्येक शब्द अध्यात्म की छाप लेकर निकलता था। स्वयं कवि आत्मा के गुणगान में तल्लीन होकर उसके गुणगान किया करते थे और "मेरे अन्तर बसिये पद पद अन्तर राम" को गुनगुनाते से

जगत को सावधान किया करते थे। आत्मा का गुणगान करते हुये उन्होंने अध्यात्मबत्तोसी मे जो निम्न पद्य लिखा है वह देखिये कितना सुन्दर है।

ज्यों सुवास फल फूल में दही दूध में घीव।
पावक काठ पाषाण मे त्यों शरीर में जीव॥
चेतन पुद्‌गल यों मिले, ज्यों तिल में खलि तेल।
प्रकट एक से देखिये, यह अनादि को खेल।
वह वाके रस में रमें वह वासों लपटाय।
चुम्बक करषै लोह को, लोह लगै तिह धाय।
कर्मचक्र की नींद सों मृषा स्वप्न की दौर
ज्ञान चक्र की दरनि में सजग भांति सब ठौर॥

अध्यात्म की उत्कर्ष सीमा का नाम रहस्यवाद है। इसलिये कवि की कुछ कवितायें जिनमे अध्यात्म अपनी चरम सीमा पर पहुँच गया है, रहस्यवाद की कोटि मे चली जाती हैं। हिन्दी के प्राचीन रहस्यवादी कवियों मे महाकवि कबीर का नाम उल्लेखनीय है। लेकिन यदि पाठकगण बनारसीविलास की कुछ रहस्यवादी कविताए पढेंगे तो ज्ञात होगा कि कविवर बनारसीदास भी कबीर की कोटि के ही कवि थे। डा० रामकुमार के शब्दों में रहस्यवाद आत्मा की उस अन्तर्हित प्रवृत्ति का प्रकाशन है जिसमे वह दिव्य और अलौकिक शक्ति से अपना शान्त एवं निश्चल सम्बन्ध जोडना चाहती है और यह सम्बन्ध यहा तक बढ़ जाता है कि दोनों में कुछ भी अन्तर नहीं रह जाता।

मालम तुहूँ तन, चितवन गागरि फूटि ।
अचरा गौ फहराय, सरम गै छूटि ॥
पिउ सुधि-आवत वन में पेसिउ पेले ।
छाडउ राज डगरिया भयउ अकेलि ॥२॥
काय नगरिया भीतर चेतन, भूप ।
करम लेप लिपटा मल ज्योति स्वरूप ॥३॥
चेतन तुहु जनि सोवहु नींद अघोर ।
चार चोर घर मूसहिं, सरवस तोर ॥४॥
चेतन भयऊ अचेतन सगरा पाय ।
थकमक में धानी देखी नहिं जाय ॥५॥
चेतन तुहि लपटाय प्रेम रस फांद ।
जस राखत घन तोपि विमल निशि चांद ॥६॥
चेतन यह भव सागर धरम जिहाज ।
तिहि चढ़ बैठा छांडि लोक की लाज ॥७॥

एक दूसरी विशेषता रहस्यवाद मे बतलाई गई है वह यह है उसमे आध्यात्मिक तत्त्व हो। ससार का नीरस वस्तुओं से बहुत दूर एक ऐसे वातावरण मे रहस्यवाद रूप ग्रहण करता है जिसमें सर्वत्र नयी नयी उमगो की सृष्टि होती है। रहस्यवादी के मानस मे प्रत्येक समय एक ऐसी स्फूर्ति रहती है जिससे वह अनन्त शक्ति की अनुभूति मे मग्न रहता है और सासारिकता से बहुत दूर किसी ऐसे स्थान मे निवास करता है जहा न तो मृत्यु का भय है, न रोगो का अस्तित्व है और न शोक का ही प्रसार है"।

अध्यात्मफाग में जीव को यह अनुभव होने लगता है कि बिना आत्मज्ञान के ईश्वर का रूप किस तरह प्राप्त हो सकता है। इसकी महिमा अगम्य एवं अनूठी है तथा जो अगोचर होने पर भी हृदय में ही समाया हुआ है। अध्यात्म ज्ञान होने पर शुभ भाव दल रूपी पल्लव लहराने लगते हैं और सहज आनन्द रूपी बसन्त का आगमन होने लगता है। सुमति कोकिल बोलने लगती है और मन रूपी भौंरा मदोन्मत्त हो उठता है। कवि के शब्दों में देखिये—

अध्यातम बिन क्यों पाइए, परम पुरुष को रूप।
अघट अंग घट मिलि रह्यो हो महिमा अगम अनूप॥
माया रजनी लघु भई हो समरस दिव शशि जीत।
मोह पंक की थिति घटी हो संशय शिशिर व्यतीत॥
शुभ दल पल्लव लहलहे हो आयो सहज बसन्त॥
सुमति कोकिला गहगही हो, मन मधुकर मयमंत॥

पहेली नामक कविता में कवि ने आत्मा की सुमति एवं कुमति नामकी दो वनिताओं का स्वरूप एवं उनका वार्तालाप के रूप में जो आत्मा एवं अच्छे बुरे कर्मों का वर्णन किया है वह उस अवस्था का वर्णन है जहाँ वह सदा जागृत रहती है और कभी सुप्त अवस्था में नहीं रहती। सुमति अपने सहेलियों के संग क्रीड़ा करती हुई जो पहेली उनके सामने उपस्थित करती है और सखियाँ जिस प्रकार उसका समाधान करती है उसको कवि के ही शब्दों में पढ़िये—

करें विलास हास कौतूहल, अगणित संग सहेली।
कबहूँ समय पाय सखियन सों कहै पुनीत पहेली॥

मारे आंगन विरला उलझो, विना पवन झकुलाई ।
ऊंचि डाल बड़ पात सघनवा, छांह सौत के जाई ॥
बोली सखि बात मैं समुझी, कहूं अर्थ अब जो है ।
तेरे घर अंतर घट नायक, अद्भुत विरला सोहै ॥
उंची डाल चेतना उद्धत, बड़े पात गुण भारी ।
ममता बात गात नहिं परसे, छकनि छाह छतनारी ॥

इस प्रकार बनारसी विलास की अध्यात्मगीत, अध्यात्मफाग, वरवा, शिवपच्चीसी, पहेली, शान्तिजिनस्तुति आदि कविताएँ रहस्यवादी रचनायें कही जा सकती है ।

सुभाषित, पद एवं स्फुट कवितायें:—

सूक्तियों का ही नाम सुभाषित है । हिन्दी के प्राय सभी कवियों ने अपने २ काव्यों मे सुभाषितों का प्रयोग किया है । ये सुभाषित मानव को सत्प्रेरणा देते हैं । बनारसीदासजी ने भी प्राचीन कवियों के मार्ग को अपनाया एवं अपनी कविताओं को सूक्तियो से अलकृत किया । ज्ञान बावनी, मोक्षपैडी, ज्ञान पच्चीसी प्रश्नोत्तरदोहा, प्रश्नोत्तररत्नमाला आदि कविताओं मे सुभाषितों की भरमार है । इन सुभाषितों के द्वारा कवि ने ससारी मनुष्य को तरह २ के उपदेश दिये हैं । ज्ञान पच्चीसी में प्रयुक्त कुछ सुभाषित देखिये —

ज्यों औषध अजन किये तिमिर रोग मिट जाय ।
त्यो सतगुरु उपदेश तें, सशय वेग विलाय ॥

ज्यों वसिक चौपर परे, मूरख अंध करेय।
त्यों तुम भवजल में परे, बिन विवेक धर भेष ॥

× × × × × × ×

मन अज्ञान घट में प्रगट, भ्रम समुद्र मन माँहि।
मूरख मरम न जानहीं, पखीर चौगम जान ॥

सुभाषितों के अतिरिक्त बनारसीदासजी के कुछ पद भी मिलते हैं जो गागर में सागर की कहावत को चरितार्थ करने वाले हैं। सभी पद अध्यात्म रस से सने हुये हैं। तथा संसार की वास्तविक दशा को समझाने वाले हैं। कवि एक पद में जगत् के प्राणियों को सम्बोधित करता हुआ कहता है।

चेतन तू तिहुंकाल अकेला।
नदी नाव संजोग मिले ज्यों त्यों कुटुंब का मेला ॥चेतन॥

एक दूसरे पद में वे जीव को उद्बोधन देते हुये कहते हैं—

चेतन तोहि न नेक संभार।
नख सिख लौं दिढ़ बंधन बेढ़े, कौन करे निरवार ॥चेतन॥
जैसे आग पषाण काठ में लखिय न परत लगार।
मदिरापान करत मतवारो ताहि न कछू विचार ॥चेतन॥

एक पद में आप यह कहते हैं—

हम बैठे अपने मौन सौं।
दिन दश के महिमान जगत जन बोलि बिगारैं कौन सौं ॥ हम बैठे ॥

इसे पढ कर आत्मा में एक नवीन लहर दौडती है और संसार की विचित्र दशा पर अवश्य विचार उत्पन्न होता है।

इस प्रकार कवि के सभी पद जिनकी सख्या २७ है, भावपूर्ण एव सुन्दर हैं।

सुभाषित एव पदों के अतिरिक्त कवि द्वारा लिखी हुई कुछ स्फुट रचनायें भी हैं जिनका उल्लेख करना भी यहा आवश्यक है। इन रचनाओं मे हमे कवि की बहुमुखी प्रतिभा का पता लगता है। सोलह तिथि, षट्दर्शनाष्टक, चातुर्वर्ण्य, प्रस्ताविक फुटकर कविता, गोरखनाथ के वचन, वैद्य आदि के भेद आदि रचनाओं को स्फुट कविताओं मे स्थान दिया जा सकता है।

कवि के समय मे भारत में मुसलमानों का राज्य था। हिन्दू और मुसलमान आपस मे धर्म के नाम पर लडते थे। उससे कवि को घृणा थी। कवि की भावना के अनुसार दोनों धर्म भिन्न २ होते हुये भी दोनों का परमात्मा एक ही है "मेरे नैनन देखिये घट घट अन्तर राम"। इसका उदाहरण कवि के शब्दों में पढिये -

एक रूप हिन्दू तुरुक, दूजी दशा न कोय।
मन की द्विविधा मान कर भये एक सौं दोय॥
दोउ भूले भरम में करें वचन की टेक।
राम राम हिन्दू कहें, तुर्क सलामालेक॥
इसके पुस्तग वांचिये, वे हू पढे कितेब।
एक वस्तु के नाम द्वय, जैसे शोभा, जेब॥

जिनके हिरदय जो करें रैन दिन भारी वाम
मेरे देव देखिये घर घर अन्तर राम ॥

गोरखनाथ के सम्प्रदाय का कवि के समय में काफी प्रचार था इसीलिये गोरखनाथ के वास्तविक उपदेशों को कवि ने अपनी कविता में उपस्थित किया। सुन्दर एवं सरल शब्दों में कवि ने किस प्रकार गोरखनाथ के वचनों को उपस्थित किया है यह पठनीय है। इसकी एक चौपाई देखिये।

माया बीर कहै मैं अन्ध, माया भये नहावै बाहर।
माया त्याग होय जो ज्ञानी, सो गोरख तीनों पद्मानी ॥

हिन्दी गद्य लेखक के रूप में:—

बनारसीदासजी की प्रायः सभी रचनाएँ पद्यों अथवा छन्दों में ही है किन्तु गद्य में भी उनकी दो रचनाएँ बनारसी विलास में है। इन दोनों के नाम "परमार्थवचनिका" और "उपादान निमित्त की चिट्ठी" है। ये दोनों निबन्ध १७ वी शताब्दी के हिन्दी गद्य के नमूने हैं। ये निबन्ध ब्रजभाषा में लिखे हुए हैं लेकिन अवधि भाषा का भी उन पर पर्याप्त प्रभाव दिखलाई देता है। इसके अतिरिक्त कहीं २ ढूंढारी भाषा का भी प्रभाव इनमें दृष्टिगोचर होता है।

हिन्दी भाषा के अतिरिक्त कवि पञ्जाबी भाषा के भी अच्छे जानकार थे। उन्होंने जो मोखपैड़ी नामक कविता लिखी है वह पञ्जाबी भाषा की सुन्दर रचना है।

जयपुर　　　　　　　　　कस्तूरचन्द कासलीवाल
ता १५-२-५४ ई

पृष्ठ सख्या	पक्ति	अशुद्ध मुद्रित	शुद्ध पाठ
४७	८	कल	मल
४६	१०	सूजी	सूजि
५५	१३	गिशाचर	निशाचर
५६	१	ताको	ताकी
५६	१३	सतम सुपुज	सतमस पुज
६१	८	ध्रव	ध्रुव
६५	१५	राजाको	राजको
७२	६	वनारसी	वानारसी
७२	१६	तिन मे	तामें
७६	२०	विपरात	विपरीत
७८	५	कषायक	कषायके
८०	८	मनमथको	मनमथको
८१	४	वढ	वढै
८३	३	नाभि	मृगनाभि
८८	१८	मढभावको	मूढभावको
८६	२३	ह्व	ह्वै
६२	१३	व्यालीस आठ	चालीस आठ
६२	१७	घर	धर
६२	१६	सम	सभ
६२	२२	ध्रन	ध्रुव
६४	१०	मन॰ार	मरनहार

पृष्ठ संख्या	पंक्ति	अशुद्ध मुद्रित	शुद्ध पाठ।
६४	१४	त्यों त्यों त्यों	त्यों त्यों
६६	२	अनुरागी	अनुरागो
६७	४	मति	मुति
६८	६	गये	मये
१ १	२	कनु	मनु
१ २	१७	जिनंद सुमति	जिनद अभिमद सुमति
१०४	२१	सुमति	सुमुति
१०६	१६	शुद्धाम अम	द्वाम अद्दाम
१ ५	१८	सीचे	साचे
१०८	३	विसद्य	विसद
११४	७	अब	जब
११८	३	मोग सुरै	मोग न सुरै
११८	६	उरमोग	उपमोग
१२०	६	पेव	वेष
१२१	१०	अपग	सर्पग
१२२	१२	कम	कर्म
१३०	८	f हार	मिहार
१३	१४	मत	मीत
१३१	१२	शिवपथसपथक	शिवपथसाधक
१३२	१६	झोपना	~ झे पना
१३३	१६	तिर्दुधारी	मिर्दुदारी

शुद्धि पत्र

पृष्ठ संख्या	पंक्ति	अशुद्ध मुद्रित	शुद्ध पाठ
२	७	सपनिका	सवपनिका
२	१०	बिरपी	बिरपी
६	४	अकुत	अकुन
८	१०	मृ	मृद
११	३	मेपालीन	मेपालील
११	८	विमाम्मो	विम्ममी
१३	५	बजमम्बरी	बजमम्परी
१५	११	कोपद्वानल	कापद्वानल
१७	११	मेपस्नरो	मेपस्तरो
२	६	कमपवतदमम	कापवतदमन
२१	८	गुणिमग	गुणिमग
३३	१६	कुरग	कुरंग
३४	५	बिसरे	बिस्वरै
३५	१७	पम	पन
३६	१२	कुप	कुल
४०	६	जनु	जनु
४४	१	सम्पाप	सतान
४६	५	ऐसो	ऐसी

पृष्ठ सख्या	पक्ति	अशुद्ध मुद्रित	शुद्ध पाठ
४७	८	कल	मल
४६	१०	सूजी	सूजि
५५	१३	गिशाचर	निशाचर
५६	१	ताको	ताकी
५६	१३	सतम सुपुज	सतमस पुज
६१	८	ध्रव	ध्रुव
६५	१५	राजाको	राजको
७२	६	वनारसी	वानारसी
७२	१६	तिन मे	तामें
७६	२०	विपरात	विपरीत
७८	५	कषायक	कपायके
८०	८	मनमथको	मनमथको
८१	४	बढ	बढै
८३	३	नाभि	मृगनाभि
८८	१८	मढभावको	मूढभावको
८६	२३	ह्व	ह्वै
६२	१३	व्यालीस आठ	चालीस आठ
६२	१७	घर	धर
६२	१६	सम	सभ
६२	२२	ध्रव	ध्रुव
६४	१०	मनह्वार	[illegible]

पृष्ठ संख्या	पंक्ति	अशुद्ध मुद्रित	शुद्ध पाठ
१३४	७	रुंकसा	रकमा
१३४	१८	हस्यै तन	हस्यैतन
१३४	२१	परं रे	परंरें
१३५	१	पापी	पानी
१३५	४	दुद्दु वादी	दुद्दुवादी
१३५	१६	तु माटा	तुसाडा
१४२	६	चोरा	घोरी
१४२	१६	धर्म घ्या	धर्मध्यान
१४३	६	निपरीत	निपरति
१४४	१२	थातैं	यातैं
१४४	१६	उयों	ज्यों
१४७	१०	परिगृह	परिग्रह
१४६	६	शुल्कध्यान	शुक्लध्यान
१५०	१६	चढ ड लै	चढ डोलै
१५२	१८	पावनके	पवनके
१५३	८	वदवान	वादवान
१५४	७	मयमत	मयमत
१५५	७	विराम	विराग
१५८	८	भग	भग
१५८	१८	आप न	आपन
विषयभोग सामग्री छती । जीव न भोग कर् सकै रती ॥ १७ ॥
रोग होय कै भोग जुरै । भोगअन्तरायबल फुरै ॥
एक भोगसामग्री सार । ताको भोग जु वारवार ॥ १८ ॥
कोजे सो कहिये उपभोग । ताहू को न जुरै सजोग ॥
यह उपभोगघातकी कथा । वीरजअन्तराय सुन जथा ॥ १९ ॥
शक्ति अनत जीवकी कही । सो जगदशामांहि दब रही ॥
जगमें शक्ति कर्मआधीन । कबहूं सबल कबहू बलहीन ॥ २० ॥
तनइन्द्रियबल फुरै न जहा । वीरजअन्तराय है तहा ॥
तातें जगतदशा परवान । नय राखी भाखी भगवान ॥ २१ ॥

दोहा ।

ये वरणी व्यवहार की, अन्तराय विधि पच ॥
अन्तर बहिर विचारतें, संशय रहै न रच ॥ २२ ॥
स्याद्वाद जिनके वचन, जो मानै परमान ।
सो जानै सब नवदशा, और न कोऊ जान ॥ २३ ॥
सर्वघातिया की प्रकृति, देशघातियावान ॥
वाकी और अघातिया, ते सब कहों वखान ॥ २४ ॥

केवलज्ञानावरणी वान । केवलदरश आवरण जान ॥
निद्रा पच चौकरी तीन । प्रकृती द्वादश लीजे चीन ॥ २५ ॥

अनंतबंध अप्रत्याख्यान । प्रत्याख्यान चौक त्रिक नाम ॥
सब मिथ्या मिश्रित मिथ्यात । ए इकवीस प्रकृति सब घात ॥२६॥

दोहा ।

सर्वघातियाकी कह्यो, विराति एक बखान ।
अब बरनौं छबीसविधि, देशघातियाथान ॥ २७ ॥

चौपाई ।

केवलज्ञानावरणी बिना । बाकी चार आवरण गिना ॥
केवलदरशनावरण छोड़ । बाकी तीनौं लीजे जोड़ ॥ २८ ॥
चारभेद संज्वलनकषाय । नवविधि नोकषाय समुदाय ॥
समयप्रकृति मिथ्यात बखान । अन्तरायकी पाँचौं थान ॥ २९ ॥
ए छब्बीस प्रकृति सब भई । देशघातियाकी वरनई ॥
बाकी रही पचासी एक । ते सब कही घाति अतिरेक ॥ ३० ॥

दोहा ।

त्रिविधिगोत्र द्वय वेदनी आयु चारविधिजानि ॥
मिश्र तिरानवै नाम की, एकोत्तरशत मानि ॥ ३१ ॥

चौपाई ।

जे घातहिं सब आतमसर्वे । ते ही कही घातिया सर्वे ॥
जे कछु घात करहिं कछु नाहिं । देशघातिया ते इन माहिं ॥ ३२ ॥
जे न करहिं आतमगुण घात । ते अघातिया कही विख्यात ॥
अब सुन पुण्यपापके भेद । भिन्न भिन्न सब कहौं निवेद ॥ ३३ ॥

इक सातावेदनी स्वभाव । नरकआयु विन तीनों आव ॥
ऊचगोत्र मानुषगति भलि । मानुषआनुपूरवी रली ॥ ३४ ॥
सुरगति सुरानुपूरवि जान । जात पँचेन्द्री एक वखान ॥
पच शरीर पच सघात । वंधनसहित पंचसगात ॥ ३५ ॥
अग उपग तीनविधि भास । विंशति वर्ण गध रस फास ॥
पहिला समचतुरस्र सँठान । वज्रवृषभनाराच वखान ॥ ३६ ॥
भली चाल आतप उद्योत । पर परघात अगुरुलघु होत ॥
सास उसास प्रतेक प्रवान । त्रस वादर पर्यापत जान ॥ ३७ ॥
थिर शुभ शुभग सुस्वर आदेय । जसनिम्माण तीर्थंकर घेय ॥
पुण्यप्रकृतिकी अडसठ वान । पापप्रकृति अव कहों वखान ॥ ३८ ॥
सर्वघातियाकी इकवीस । देशघातिया की छब्बीस ।
ये सैतालिस प्रकृति कहीं । वाकी और कहहुं जो रहीं ॥ ३६ ॥

प्रकृति असाता नीचकुल, नरकआयु गति दोय ।
पशु नारकि इन दुहुनकी, आनुपूरवी जोय ॥ ४० ॥

चार जाति पचेन्द्री विना । पचसंहनन प्रथम न गिना ॥
समचतुरसविन पचप्रकार । वर्णादिक विंशति परकार ॥ ४१ ॥
बुरी चाल थावर उपघात । सूक्ष्म साधारण विख्यात ॥
अनादेय अपर्यात दशा । दुर्भग दुस्वर अशुभ अपजशा ॥ ४२ ॥
अथिरसमेत एकसौ वान । ए सब पापप्रकृति परवान ॥
केती बंध उदय केतीक । तिनकी वात कहों अव ठीक ॥ ४३ ॥

दोहा ।

चारबंध वरणादिमें, बाकी सोलह नाहिं ।
एक बधमिथ्यातमें, द्वै गर्भित इसमाहिं ॥ ४४ ॥

तनबंधन संघातकी प्रकृति पचदश जान ।
पंच बंध दश बंध बिन, ये अट्ठाइस जान ॥ ४५ ॥
अट्ठाइसके बंध नहिं बंध एकसौबीस ॥
इनमें दोय मिलाइये, होहिं एकसौबाईस ॥ ४६ ॥

चौपाई ।

बंध उदय विशेष यह बात । एक मिथ्यात्व तीन मिथ्यात ॥
यहै दोय अधिक बरनई । प्रकृति एकसौबाइस भई ॥ ४७ ॥
अब विपाक बरनौं विधि चार । पुद्गल जीव क्षेत्र भव धार ॥
जे पुद्गलविपाककी जान । ते बासठविधि कहौं बखान ॥ ४८ ॥
पंच शरीर बंधसंघात । अंग उपंग अठारह बात ॥
षट संहनन कहौं संठान । वर्णादिक गुन बीस बखान ॥ ४९ ॥
थिर उद्योत आतप निरमान । अथिर अगुरुलघु अशुभ विधान ॥
साधारण प्रतेक उपघात । शुभ परघात सुबासठ बात ॥ ५० ॥
जीव विपाक अठत्तर गनी । द्विविधि गोत्र द्वयविधि वेदनी ॥
सर्वघात अरु देशविघात । सैंतालीस प्रकृति विख्यात ॥ ५१ ॥
तीर्थंकर बादर उस्वास । सूक्षम परजापत परकास ॥
अपरजापति सुस्वर गैन । दुस्वर अनादेय आदेय ॥ ५२ ॥
त्रस अपजस जस बादर जान । दुर्भग शुभग चाल दुयवान ॥
इन्द्री जाति पंचविधि कही । गति चारौं एती सब कही ॥ ५३ ॥

दोहा ।

जीवविपाकीकी कही प्रकृति अठत्तर ठौर ॥
क्षेत्रविपाकी अब कहौं भवविपाकिनी और ॥ ५४ ॥

आनुपूरवी चार विधि, क्षेत्रविपाकी जान।
चार आयुबलकी प्रकृति, भवविपाकिया वान ॥ ५५ ॥
घाति अघाति त्रिविधि कहे, पुण्य पाप द्वय चाक।
बध उदय दोऊ कहे वरनें चार विपाक ॥ ५६ ॥
अब इन आठों करमकी, थिति जघन्य उतकृष्ट।
कहों बात सच्चेपसों, सुनों कान दे इष्ट ॥ ५७ ॥

चौपाई।

ज्ञानावरणीकी थिति वीस। कोडाकोडीसागरतीस ॥
यह उत्कृष्टदशा परवान। एकमुहूर्त जघन्य वखान ॥ ५८ ॥
द्वितिय दर्शनावरणीकर्म। थिति उत्कृष्ट कहों सुन मर्म ॥
कोडाकोडी तीस समुद्र। एकमुहूरतकी थिति क्षुद्र ॥ ५९ ॥
तीजा कम वेदनी जान। कोडाकोडीतीस बखान ॥
यह उत्कृष्ट महाथिति जोय। जघन मुहूरतबारह होय ॥ ६० ॥
चौथा महामोह परधान। थिति उत्कृष्ट कही भगवान ॥
सागरसत्तरकोडाकोडि। लघुथिति एकमुहूरत जोडि ॥ ६१ ॥
पञ्चम आयु कही जगदीस। उत्कृष्टी सागर तेतीस ॥
थिति जघन्य मुमुहूरतएक। यों गुरु कही विचार विवेक ॥ ६२ ॥
छट्टा नाम कर्मथिति कहों। कोडाकोडी बीस सरदहों ॥
सागर यह उत्कृष्टविधान। आठमुहूर्त जघन्य बखान ॥ ६३ ॥
गोत्रकर्म सातघा सरीस। उत्कृष्टी थिति सागरवीस ॥
कोडाकोडिकाल परमान। लघुथिति आठ मुहूरत मान ॥ ६४ ॥

जो जोगीन्द्र करहिं तप खेद । तेउ न जानहिं तुमगुणभेद ॥
भगतिभाव मुझ मन अभिलाख । ज्यों पंछी बोलहिं निज भाख ॥७॥

तुम जसमहिमा अगम अपार । नाम एक त्रिभुवन आधार ॥
आवै पवन पदमसर होय । ग्रीषमतपत निवारै सोय ॥८॥

तुम आवत भविजन मनमाहिं । कर्मनिबंध शिथिल ह्वै जाहिं ॥
ज्यों चंदनतरु बोलहिं मोर । डरहिं भुजंग लगे चहुंओर ॥९॥

तुम निरखतजन दीनदयाल । संकटतैं छूटहिं ततकाल ॥
ज्यों पशु घेर लेहिं निशिचोर । ते तज भागहिं देखत भोर ॥१०॥

तू भविजन तारक किम होइ । ते चित धार तिरहिं लै तोइ ॥
यह ऐसैं करि जान स्वभाव । तिरै मसक ज्यों गर्भितवात ॥११॥

जिन सब देव किये वश वाम । तैं छिनमें जीत्या सो काम ॥
ज्यों जल करै अगनिकुलहानि । बड़वानल पीवै सो पानि ॥१२॥

तुम अनन्त गरुवा गुण लिये । क्योंकरभक्ति धरूं निजहिये ॥
ह्वै लघुरूप तिरहिं संसार । यह प्रभुमहिमा अकथ अपार ॥१३॥

क्रोध निवार कियो मनशांति । कर्म सुभटजीते किहिं भांति ॥
यह पटतर देखहु संसार । नीलवृक्ष ज्यों दहै तुसार ॥१४॥

मुनिजनहिये कमल निज टोहि । सिद्धरूप सम ध्यावहिं तोहि ॥
कमलकर्णिका बिन नहिं और । कमलबीज उपजनकी ठौर ॥१५॥

जब तुव ध्यानधरै मुनि कोय । तब विदेह परमातम होय ॥
जैसे धातु शिलातन त्याग । कनकस्वरूप धवै जब आग ॥१६॥

जाके मन तुम करहु निवास । विनश जाय क्यों विग्रह तास ॥
ज्यों महन्त बिच आवै कोय । विग्रह मूल निवारै सोय ॥१७॥

करहिं विबुध जे आतम ध्यान । तुम प्रभावतें होय निदान ॥
जैसे नीर सुधा अनुमान । पीवत विष विकारकी हान ॥१८॥
तुम भगवत विमल गुणलीन । समलरूप मानहिं मतिहीन ॥
ज्यों नीलिया रोग दृग गहै । वर्ण विवर्ण संदर्शी कहै ॥१९॥

दोहा ।

निकट रहत उपदेश सुनि, तरुवर भये अशोक ।
ज्यों रवि ऊगत जीव सब, प्रगट होत भुविलोक ॥ २० ॥
सुमनवृष्टि जो सुरकरहि, हेठ बीटमुख सोहि ।
त्यों तुम सेवत सुमनजन, वध अधोमुख होहिं ॥ २१ ॥
उपजी तुम हिय उदधितैं वाणी सुधा समान ।
जिहि पीवत भविजन लहहिं, अजर अमर पदथान । २२ ॥
कहहि सार तिहु लोकको, ये सुरचामर दोय ।
भावसहित जो जिन नमे, तसु गति ऊरध होय ॥ २३ ॥
सिंहासन गिरि मेरु सम, प्रभुधुनि गरजित घोर ।
श्याम सुतन घनरूप लख, नाचत भविजन मोर ॥ २४ ॥
छवि हत होंहि अशोकदल, तुमभामंडल देख ।
वीतराग के निकट रह, रहत न राग विशेख ॥ २५ ॥
शीख कहै तिहुंलोकको, यह सुरदुंदुभि नाद ।
शिवपथ सारथिवाह जिन, भजहु तजहु परमाद ॥ २६ ॥
तीन छत्र त्रिभुवन उदित मुक्तागण छविदेत ।
त्रिविधिरूप धर मनहु शशि, सेवत नखतसमेत ॥ २७ ॥

पद्धरिछन्द ।

प्रभु तुम शरीर दुति रतन जेम । परताप पुंज जिम शुद्ध हेम ॥
अति धवलसुजस रूपा समान । तिनके गढ तीन विराजमान ॥२८॥

सेवहिं सुरेन्द्र कर नमित भाल। तिन सीसमुकुट तज देहिं माल॥
तुम चरण लगत लहलहैं प्रीति। नहिं रमहिं और जन सुमनरीति॥२९॥
प्रभुभोग विमुख तन कर्म दाह। जन पार करत भवजल निवाह॥
ज्यों माटीकलश सुपक्व होय। ले भार अधोमुख तिरहि तोय॥३०॥
तुम महाराज निर्धन निराश। तज विभव विभव सब जग विकाश॥
अक्षर स्वभावसैं लिखै न कोय। महिमा अनन्त भगवंत सोय॥३१॥
कोप्यो सु कमठ निज बैर देख। तिन करी धूल वर्षा विशेष॥
प्रभु तुम छाया नहिं भई हीन। सो भयो पापी लंपट मलीन॥३२॥
गरजंत घोर घन अन्धकार। चमकंत विज्जु जलमुसलधार॥
वरषंत कमठ धर ध्यान रुद्र। दुस्तर करंत निजभवसमुद्र॥३३॥

वस्तु छन्द।

मेघमाली मेघमाली आप बल फोरि।
भेजे तुरत पिशाचगण, नाथ पास उपसर्ग कारण।
अग्नि जाल झलकंत मुख धुनि करंत जिमि मत्तवारण॥
कालरूप विकराल तन मुंडमाल हित कंठ।
ह्वै निशंक वह रंकनिज करै कर्मदृढगंठ॥

चौपाई।

जे तुम चरणकमल तिहुंकाल। सेवहिं तज मायाजंजाल॥
भाव भगतिमन हरष अपार। धन्य २ जग तिन अवतार॥३४॥
भवसागरमहं फिरत अजान। मैं तुम सुजस सुन्यो नहिं कान॥
जो प्रभुनाम मंत्र मन धरै। तासौं विपति भुजंगम डरै॥३५॥

मनवाञ्छित फल जिनपदमाहिं । मैं पूरव भव पूजे नाहिं ॥
माया मगन फिर्‌यो अज्ञान । करहिं रकजन मुझ अपमान ॥३७॥
मोहतिमर छायो दृग मोहि । जन्मान्तर देख्यो नहिं तोहि ॥
तो दुर्जन मुझ संगति गहैं । मरमछेद के कुवचन कहैं ॥३८॥
सुन्यो कान जस पूजे पाय । नैनन देख्यो रूप अघाय ॥
भक्ति हेतु न भयो चित चाव । दुखदायक किरियाबिन भाव ॥३६॥
महाराज शरणागत पाल । पतितउधारण दीनदयाल ॥
सुमिरण करहुँनाय निज शीस । मुझ दुख दूर करहु जगदीश ॥४०॥
कर्मनिकन्दनमहिमा सार । अशरणशरण सुजश विसतार ॥
नहिं सेये प्रभु तुमरे पाय । तो मुझ जन्म अकारथ जाय ॥४१॥
सुरगण वन्दित दया निधान । जगतारण जगपति जगजान ॥
दुखसागरतें मोहि निकासि । निर्भयथान देहु सुखराशि ॥४२॥
मैं तुम चरणकमल गुन गाय । बहुविधि भक्ति करी मनलाय ॥
जन्मजन्म प्रभु पावहुं तोहि । यह सेवा फल दीजे मोहि ॥४३॥

दोधकान्त वेसरी छन्द । षट्पद

इहिविधि श्रीभगवत, सुजश जे भविजन भाषहिं ।
ते निज पुण्य भंडार, संच चिरपाप प्रणासहिं ॥
रोमरोम हुलसति अंग प्रभु गुणमनध्यावहिं ।
स्वर्गसंपदा भुंज, वेग पंचम गति पावहिं ॥
यह कल्याणमन्दिर कियो, कुमुदचन्द्र की बुद्धि ।
भाषा कहत बनारसी, कारण समकितशुद्धि ॥४४॥

इति श्रीकल्याणमन्दिरस्तोत्रं ।

अथ साधुवन्दना लिख्यते

दोहा ।

श्रीजिनभाषित भारती सुमरि आन मुखपाठ ।
कहौं मूल गुण साधुके, परमित बिंसतिआठ ॥ १ ॥
पंचमहाव्रत आचरन, समिति पंच परकार ।
प्रबल पंच इन्द्रिय विजय, षट आवशिक आचार ॥ २ ॥
भूमिशयन मंजनतजन, वसनत्याग कचलोच ।
एकबार लघुअसन थिति–असन दंतवन मोच ॥ ३ ॥

चौपाई ।

थावर जन्तु पंच परकार । चार भेद जंगम तन धार ।
जो सब जीवनकी रखपाल । सो मुसाधु वन्दहु तिरकाल ॥४॥
संकट सत्य वचन मुख कहै । अथवा मौनविरत धर रहै ।
मृषावाद नहि बोलै रती । सो जिन मारग सांचा जती ॥५॥
कौड़ी आदि रतन परजंत । परिघ अदत्त पदभेद अनंत ॥
दत्त अदत्त न परसै जोय । तरस तरस मुनीश्वर सोय ॥६॥
पशु पंछी नर नारी देव । इत्यादिक रमनी रति सेव ॥
तजहिं तिरस्कार मदन विकार । सो मुनि नमहु जगत हितकार ॥७॥
द्विविधि परिग्रह दशविधि जान । दंभ असंख अनन्त बखान ॥
सकल त्यागन होय निरास । सो मुनि कहै मोक्ष परकास ॥८॥
जथोदिष्ट मारग अनुसरै । प्रासुक भूमि निरख पग धरै ॥
सदय हृदय साधै शिव पंथ । सो ईर्या निरमल निर्ग्रन्थ ॥९॥

निरभिमान निरवद्य अदीन । कोमल मधुर दोष दुख हीन ॥
ऐसे सुवचन कहै स्वभाव । सो ऋषिराज नमहु धरि भाव १०॥
उत्तम कुल श्रावक संचार । तासु गेह प्राशुक आहार ॥
भुंजै दोष छियालिस टाल । सो मुनि वंदौं सुरति सभाल ॥११॥
उचितवस्तु निजहित परहेत । तथा धर्म उपकरण अचेत ॥
निरख जतनसों गहै जु कोय । सो मुनि नमहु जोर कर दोय ॥१२॥
रोगविकृति पूरव आदान । नवदुवार मल अग उठान ॥
डारै प्राशुक भूमि निहार । सो मुनि नमहु भगति उरधार ॥१३॥
कोमल कर्कश हरुव सभार । रुक्ष सचिक्कण तपत तुसार ॥
इनको परसन दुख सुखलहै । सो मुनिराज जिनेश्वर कहै ॥१४॥
आमल कटुक कषायल मिष्ट । तिक्त क्षार रस इष्ट अनिष्ट ॥
इनहिं स्वाद रति अरति न वेव । सो ऋषिराज नमहिं तिहँ देव ।१५
शुभ सुगध नाना परकार । दुखदायक दुर्गन्ध अपार ॥
नासा विषय गनहिं समतूल । सो मुनि जिनशासनतरुमूल ॥१६॥
श्यामहरित सित लोहित पीत । वरण विवरण मनोहर भीत ॥
ए निरखै तज राग विरोध । सो मुनि करै कर्ममल शोध ॥१७॥
शब्द कुशब्दहिं समरस साद । श्रवण सुनत नहिं हरष विषाद ॥
थुति निंदा दोऊ सम सुणै । सो मुनिराज परम पद मुणै ॥१८॥
सामाइक साधै तिहु काल । मुकति पंथकी करै सँभाल ॥
शत्रुमित्रदोऊ सम गणै । सो मुनिराज करमरिपु हणै ॥१९॥
अर्हत सिद्ध सूरि उवझाय । साधु पंच पद परम सहाय ॥
इनके चरणन में मन लाय । तिस मुनिवरके बन्दौं पाय ॥२०॥

पावन पंचपरम पद इष्ट । आगममाहिं जानै उत्कृष्ट ॥
ठानै गुरुथुति बारंबार । सो मुनिराज सदै भवपार ॥२१॥
साम क्रिया गुरुभारे चित्त । दोष विलोक करै प्राछित्त ॥
नित प्रतिक्रमणक्रियासलीन । सो सुसाधु संजम परवीन ॥२२॥
श्रीजिनवचन रचन विस्तार । द्वादशांग परमागम सार ॥
नियमवंत मान करै सज्झाय । सो मुनिवर वंदहु धर भाव ॥२३॥
कायसमर्ग मुद्रा धर नित्त । शुद्धस्वरूप विचारै चित्त ॥
त्यागै त्रिविधियोग ममकार । सो मुनिराज नमो निरधार ॥२४॥
प्रासुक शिला वसति भूखेत । अथवा अंग समभाव सचेत ॥
पश्चिमरैन अलप निद्राय । सो योगीश्वर पैवे काय ॥२५॥
धर्मध्यान शुभ परम विचित्र । अन्तर बाहिज सहज पवित्र ॥
न्हान विलेपन तजै त्रिकाल । नमौं सो मुनि दीनदयाल ॥२६॥
लोकाचारविवर्जित समहीस । विषयवासनारहित अदीन ॥
नगन दिगम्बर मुद्राधार । सो मुनिराज जगत सुखकार ॥२७॥
थावर भेद गर्भित भवजीव । त्रस असंख्य थापति सुसुजीव ॥
कच लुंचै पद करपल जान । सो मुनि नमहु घोरझगपान ॥२८॥
क्षुधा वेदनी उपशम हेत । रस मनरस समभाव समेत ॥
एकवार लघु भोजन करै । सो मुनि मुकति पंथ पगधरै ॥२९॥
देह सवारै साधन मोख । तबलौं वरित कायबल पोख ॥
यह विचार थित लेहिं अहार । सो मुनि परम धरम अनगार ॥३०॥
जहँ जहँ लघुधारमउपाय । तहँ तहँ अमित जीव उतपाद ॥
यह लख तजहिं दंतवन काज । सो शिवपथ चढ़ मुनिराज ॥३१॥

ये अट्ठाविस मूल गुण, जो पालहिं निरदोष ।
सो मुनि कहत "बनारसी" पावै अविचल मोष ॥ ३२ ॥

इतिसाधुवन्दना

अथ मोक्षपैडी लिख्यते

दोहा ।

इक समय रुचिवंतनो, गुरु अक्खै सुनमल्ल ।
जो तुझ अंदरचेतना, वहै तुसाडी अल्ल ॥ १ ॥
ए जिनवचन सुहावने, सुन चतुर छयल्ला ।
अक्खै रोचकशिक्खनो, गुरु दीनदयल्ला ॥
इस बुझै बुध लहलहै, नहीं रहै मयल्ला ।
इसदा मरम न जानई, सो द्विपद वयल्ला ॥ २ ॥
जिसदी गिरदा पेंचसों, हिरदा कलमल्ला ।
जिसना रत्तौ तिमिरसों, सूझै झलमल्ला ॥
सनै जिन्हादी भूमिनौ, कुज्ञान कुदल्ला ।
सहज तिन्हादा वहजसों, चित रहै दुदल्ला ॥ ३ ॥
जिन्हा इक करमदा, दुविधा पद भल्ला ।
इक अनिष्ट असोहणा, इक झाक झमल्ला ॥
तिन्हा इकन सूझई, उपदेश अहल्ला ।
चकचटाछे लोपना, ज्यों चंद गहल्ला ॥ ४ ॥
जिन्हा चित इतबारसों, गुरुवचन न झल्ला ।
जिन्हा आगें कथन यो, ज्यों कोदों दल्ला ॥

किए तू जकरा साकलां, किए पकरा पल्ला ।
मिटमकरा ज्यौं उरझिया, उर जाल उगल्ला ॥
चेतन जड संजोगमैं, तैं टाका झल्ला ।
तुही छुडावहि आपको, लख रूप इकल्ला ॥ ११ ॥

जो तैं दारिद मानिया, ह्वै ठल्लमठल्ल ।
जो तू मानहि संपदा, भरि दामहू गल्ला ॥
जो तू हुवा करकसा, अरु मोगर मल्ला ।
सो सब नाना रूप ह्वै, नाचै पुद्गल्ला ॥ १२ ॥

जो कुरूप दुरलच्छणा, जो रूप रसल्ला ।
वै सघा भरि जोवना, बूढा अरु बल्ला ॥
लब मझोला ठींगना, गोरा अरु कल्ला ।
सो सब नानारूप है, निहचै पुद्गल्ला ॥ १३ ॥

जो जीरण ह्वै झरपडै, जो होय नवल्ला ।
जो मुरझावै सुक्कैं, फुला अरु फल्ला ॥
जो पानीमें बह चलै, पावकमें जल्ला ।
सो सब नानारूप ह्वै, निहचै पुद्गल्ला ॥ १४ ॥

एक कर्म दीसै दुधा, ज्यों तुलदा पल्ला ।
हरुवै तन गुरुवैतसों, अध ऊरध थल्ला ॥
अशुभरूप शुभरूप ह्वै, दुहु दिशिनो चल्ला ।
धरै दुविधि विस्तार ज्यौं, वट विरख जटल्ला ॥ १५ ॥

पवन परै रे जो उडै, माटी बिच गल्ला ।
जो अकाशमें देखिये, चल रूप अचल्ला ॥

ज्ञान दिवाकर ऊगियो, मति किरण प्रवल्ला।
है शत खंड विहड्डिया, भ्रम तिमर पटल्ला।
सत्य प्रतापै भजिया, दुर्गती दुहल्ला।
अगि अगारे दज्झिया, ज्यौं तूल पहल्ला ॥ २२ ॥

दोहा।

यह सतगुरुदी देशना, कर आस्रव दीवाड़ि।
लद्धी पैडि मोखदी, करम कपाट उघाडि ॥ २३ ॥
भव थिति जिनकी घटगई, तिनको यह उपदेश।
कहत 'बनारसिदास' यों, मूढ़ न समुझै लेश ॥ २४ ॥

॥ इति श्रीमोखपैडी ॥

अथ कर्मछत्तीसी लिख्यते

दोहा।

परम निरंजन परमगुरु, परमपुरुष परधान।
वन्दहु परमसमाधिगत, भयभंजन भगवान ॥ १ ॥
जिनवाणी परमाण कर, सुगुरु शीख मन आन।
कछुक जीव अरु कर्मको, निर्णय कहों बखान ॥ २ ॥
अगम अनंत अलोकनभ, तामें लोक अकाश।
सदाकाल ताके उदर, जीव अजीव निवास ॥ ३ ॥
जीव द्रव्यकी द्वै दशा, संसारी अरु सिद्ध।
पंच विकल्पअजीव के, अखय अनादि असिद्ध ॥ ४ ॥

गगन, काल, पुद्गल धरम, अरु अधरम अभिधान ।
अब कछु पुद्गल द्रव्यको, कहों विशेष विधान ॥ ५ ॥
परमाणूनिसों प्रगट है, पुद्गल द्रव्य अनंत ।
जड़ लच्छन निर्जीव दल, रूपी मूरतिवंत ॥ ६ ॥
जो त्रिभुवन थिति देखिये थिर जंगम आकार ।
सो पुद्गल परवानको, है अनादि विस्तार ॥ ७ ॥
अब पुद्गलके बीसगुण, कहों प्रगट समुझाय ।
गर्भित और अनन्तगुण अरु अनन्त परजाय ॥ ८ ॥
श्याम पीत उज्ज्वल अरुण हरित मिश्र बहु भाँति ।
विविधवरन जो देखिये सो पुद्गलकी कांति ॥ ९ ॥
आमल तिक्त कषाय कटु खार मधुर रसभोग ।
ए पुद्गलके पांचगुण धरै नामहिं सबलोग ॥ १० ॥
ताता सीरो चीकनो रूखो नरम कठोर ।
हलका अरु भारीसहज आठ फरस गुणजोर ॥ ११ ॥
जो सुगंध दुर्गंधगुण, सो पुद्गलको रूप ।
अब पुद्गल परवानकी महिमा कहौं अनूप ॥ १२ ॥
शब्द गंध, सूक्षम सरल लम्ब वक्र, लघुथूल ।
विछुरन, भिदन उदोत, तम, इनको पुद्गल मूल ॥ १३ ॥
छाया आकृति, तेज, दुति इत्यादिक बहु भेद ।
ए पुद्गलपरजाय सब प्रगटहिं होय उछेद ॥ १४ ॥
केई शुभ केई अशुभ रुचिर, भयानक भेष ।
सहज स्वभाव विभाव गति अरु सामान्य विशेष ॥ १५ ॥
गर्भित पुद्गलपिंडमें अलख अमूरति देव ।

फिरै सहज भवचक्रमें, यह अनादिकी टेव ॥ १६ ॥

पुद्गलकी संगति करै, पुद्गलहीसों प्रीति ।
पुद्गलको आप गणै, यहै भरमकी रीति ॥ १७ ॥

जे जे पुद्गलकी दशा, ते निज मानै हंस ।
याही भरम विभावसों, बढै करमको वंश ॥ १८ ॥

ज्यों ज्यों कर्म विपाकवश, ठानै भ्रमकी मौज ।
त्यों त्यों निज संपति दुरै, जुरै परिग्रह फौज ॥ १९ ॥

ज्यों वानर मदिरा पिये, विच्छू डंकित गात ।
भूत लगै कौतुक करै, त्यों भ्रमको उत्पात ॥ २० ॥

भ्रम संशयकी भूलसों, लहै न सहज स्वकीय ।
करम रोग समुझै नहीं, यह संसारी जीय ॥ २१ ॥

कर्म रोगके द्वै चरण विषम दुहू की चाल ।
एक कंप प्रकृती लिये, एक ऐंठि असराल ॥ २२ ॥

कंपरोग है पाप पद, अकर रोग है पुण्य ।
ज्ञान रूप है आतमा, दुहू रोगसों शून्य ॥ २३ ॥

मूरख मिथ्यादृष्टिसों, निरखै जगकी रौंस ।
डरहिं जीव सब पापसों, करहिं पुण्यकी हौंस ॥ २४ ॥

उपजै पापविकारसों, भय तापादिक रोग ।
चिन्ता खेद विथा बढै, दुखमानै सबलोग ॥ २५ ॥

उपजै पुण्यविकारसों, विषयरोग विस्तार ।
आरत रुद्र विथा बढै, सुख मानै संसार ॥ २६ ॥

अथ ध्यानबत्तीसी लिख्यते

दोहा ।

ज्ञान स्वरूप अनन्त गुण, निराबाध निरुपाधि ।
अविनाशी आनन्दमय, वन्दहु ब्रह्मसमाधि ॥ १ ॥
भानु उदय दिनके समय, चन्द्र उदय निशि होत ।
दोऊ जाके नाम मे, सो गुरु सदा उदोत ॥ २ ॥

चौपाई (सोलामात्रा)

चेतहु प्राणी सुन गुरुवाणी । अमृतरूप सिद्धांत बखानी ।
परगट दोऊ नय समुझावैं । मरमी होय मरम सो पावैं ॥ ३ ॥
चेतन जड अनादि सजोगी । आपहि करता आपहि भोगी ।
सहज स्वभाव शकति जब जागै । तब निहचैके मारग लागै ॥ ४ ॥
फिरकै देहबुद्धि जब हो । नयव्यवहार कहावे सोई ।
भेदभाव गुन पंडित बूझै । जाको अगम अगोचर सूझै ॥ ५ ॥
प्रथमहिं दान शील तप भावै । नय निहचै विवहार लखावै ।
परगुणत्यागबुद्धि जब होई । निहचै दान कहावै सोई ॥ ६ ॥
चेतन निज स्वभावमहँ आवै । तब सो निश्चयशील कहावै ।
कर्मनिर्जरा होय विशेषै । निश्चय तप कहिये इह लेषै ॥ ७ ॥
विमलरूप चेतन अभ्यासै । निश्चयभाव तहा परगासै ।
अब सदगुरु व्यवहार बखानै । जाकी महिमा सब जगजानै ॥ ८ ॥
मनवचकाय शकति कछु दीजे । सो व्यवहारी दान कहीजे ।
मनवचकाय तजै जब नारी । कहिये सोइ शील विवहारी ॥ ९ ॥

मनवचकाय कष्ट जब सहिये । तासों विवहारी तप कहिये ।
मनवचकाय लगनि ठहरावै । सो विवहारी ध्यान कहावै ॥ १० ॥

दोहा ।

दान शील तप भावना, चारों सुख दातार ।
निहचै सों निहचै मिलै, विवहारी विवहार ॥ ११ ॥

चौपाई ।

अब सुन चार ध्यान हितकारी । साधहिं मुक्तिपंथ व्यापारी ॥
मुद्रा मूरति छवि चतुराई । ध्यावै भेष पदस्थ बढ़ाई ॥ १२ ॥
फरस वरण रस गंध सुभाव । यह रूपस्थध्यानकी ठाव ॥
इनको संगति मनसा साधै । लगन सीख निज गुण आराधै ॥१३॥
यौं मगन सो मूढ कहावै । अलख अनंत विचक्षण पावै ॥
अर्हंत आदि पंच पदवीजे । तिनके गुणको सुमरण कीजे ॥१४॥
गुणको भेद करत गुण कहिये । परमपदस्थध्यान सो कहिये ॥
पंचास्रव तज चित निरोधै । आतमदृष्टि घटअन्तर शोधै ॥ १५ ॥
भिन्न भिन्न जड़ चेतन जोवै । गुण विशेष गुणमाहिं समोवै ॥
यह पिंडस्थध्यान सुखदाई । कर्मनिर्जरा हेतु उपाई ॥ १६ ॥
आप संभार आपसों जोरै । परगुणसों सब नाता तोरै ॥
लगे समाधि अकम्पम होई । रूपातीत कहावै सोई ॥ १७ ॥

दोहा ।

यह रूपस्थपदस्थविधि, अरु पिंडस्थविचार ।
रूपातीत चितीत अब ध्यान चार परकार ॥ १८ ॥

चौपाई ।

ज्ञानी ज्ञान भेद परकाशै । ध्यानी होय सो ध्यान अभ्यासै ॥
आर्त रौद्र कुध्यानहिं त्यागै । धर्मशुकलके मारग लागै ॥ १९ ॥

आरत ध्यान चिंतवन कहिये । जाकी संगति दुरगतिलहिये ॥
इष्टविजोग विकलता भारी । अरि अनिष्ट सजोग दुखारी ॥ २० ॥

तनकी व्यथा मगन मन झूरै । अग्र शोचकर वाछति पूरै ॥
ए आरतके चारों पाये । महा। मोहरससों लपटाये ॥ २१ ॥

अव सुन रौद्र ध्यानकी सैली । जहा पापसों मतिगति मैली ॥
मनउछाहसों जीव विराधै । हिये हर्षधर चोरा साधै ॥ २२ ॥

विकसित झूटवचन मुखभाखै । आनदितचितविषया राखै ॥
चारों रौद्र ध्यानके पाये । कर्मवन्धके हेतु वनाये ॥ २३ ॥

दोहा ।

आरतरौद्र विचारतें, दुखचिन्ता अधिकाय ।
जैसें चढ़ै तरगिनी, महामेघ जलपाय ॥ २४ ॥

चौपाई ।

आर्त रौद्र कुध्यान वखाने । धर्मध्यान अव सुनहु सयाने ॥
केवल भाषित वाणी मानै । कर्मनाशको उद्यम ठानै ॥ २५ ॥
पूरवकम उदय पहिचानै । पुरुषाकार लोकथिति जानै ॥
चारों धर्म ध्या के पाये । जे समुझे ते मारग आये ॥ २६ ॥
अव सुन शुक्ल ध्यानकी वातें । मिटै मोहकी सत्ता जातें ।
जोग साध सिद्धात विचारै । आतम गुण परगुण निरवारै ॥ २७ ॥

उपशम क्षपक श्रेणि आरोहै । पृथक्त्व वितर्क आदि पद सोहै ॥
उपशम पद चढ़ै नहिं कोई । क्षपकश्रेण निर्मल मन होई ॥ २८ ॥
तब मुनि लोकालोकविलासी । जहँ कर्मनकी प्रकृति पचासी ॥
केवल ज्ञान लहै अरु दूजा । एक वितर्क नाम पद पूजा ॥ २९ ॥
जिनवर आयु निकट जब आवै । तहां बहत्तर प्रकृति खपावै ॥
सूक्षम चित्त मनोबल छीना । सूक्षम क्रिया नाम पद तीना ॥ ३० ॥
शक्ति अनंत जहां परकासै । तत्क्षिण तेरह प्रकृति विनासै ॥
पंच लघुक्षर परमित बेरा । अष्ट कर्मको होय निबेरा ॥ ३१ ॥
चरण चतुर्थ साधि शिव पावै । विपरीत क्रिया निवृत्ति कहावै ॥
शुक्ल ध्यानके चारौं पाये । मुक्तिपंथकारण समुझाये ॥ ३२ ॥

शुक्ल ध्यान औषधि लगे मिटै करमको रोग ।
कोइला छांडै कालिमा, होत अग्निसंजोग ॥ ३३ ॥
यह परमारथ पंथ गुन, अगम अनन्त बखान ।
कहत बनारसि अल्पमति जथाशक्ति परवान ॥ ३४ ॥

इति ध्यानबत्तीसी

अथ अध्यातमबत्तीसी लिख्यते

शुद्ध वचन सद्गुरु कहैं, केवल भाषित अंग ।
लोक पुरुषपरिमाण सब चौदह रज्जु उतंग ॥ १ ॥
धनघनपूरित लोकमैं धर्म अधर्म अकास ।
काल जीव पुद्गल सहित, जहाँ सर्वको वास ॥ २ ॥

छहों दरब न्यारे सदा, मिलें न काहू कोय।
छीर नीर ज्यों मिल रहे, चेतन पुद्गल दोय ॥ ३ ॥
चेतन पुद्गल यों मिलें, ज्यों तिलमें खलि तेल।
प्रगट एकसे देखिये, यह अनादिको खेल ॥ ४ ॥
वह वाके रससों रमें, वह वासों लपटाय।
चुम्बक करषे लोहको, लोह लगे तिहँ धाय ॥ ५ ॥
जड़ परगट चेतन गुपत, द्विविधा लखै न कोय।
यह दुविधा सोई लखै, जो सुविचच्छण होय ॥ ६ ॥
ज्यों सुवास फल फूलमे, दही दूधमें, घीव।
पावक काठ पषाणमें, त्यों शरीरमे जीव ॥ ७ ॥
कर्मस्वरूपी कर्ममे, घटाकार घटमाहिं।
गुणप्रदेश प्रच्छन्न सब, यातैं परगट नाहिं ॥ ८ ॥
सहज शुद्ध चेतन वसै, भावकर्मकी ओट।
द्रव्यकर्म नोकर्मसों, बँधी पिंडकी पोट ॥ ९ ॥
ज्ञानरूप भगवान शिव, भावकर्म चित भर्म।
द्रव्यकर्म तनकारमन, यह शरीर नोकर्म ॥ १० ॥
ज्यों कोठीमें धान थो, चमी माहिं कनबीच।
चमी धोय कन राखिये, कोठी धोए कीच ॥ ११ ॥
कोठी सम नोकर्म मल, द्रव्य कर्म ज्यों धान।
भावकर्ममल ज्यों चमी, कन समान भगवान ॥ १२ ॥
द्रव्यकर्म नोकर्ममल, दोऊ पुद्गल जाल।
भावकर्म गति ज्ञान मति, द्विविधि ब्रह्मकी चाल ॥ १३ ॥

द्विविधि धरमकी धारसों द्विविधि धारको फेर।
एक ज्ञानको परिणमन, एक कर्मको घेर ॥ १४ ॥
ज्ञानधार अन्तर गुपत, कर्मधार प्रत्यच्छ।
दोऊ चेतनभाव ज्यों, शुकलपच्छ, तमपच्छ ॥ १५ ॥
निज गुण निज परजायमें, ज्ञानचक्रकी भूमि।
परगुण पर परजायसों, कर्मचक्रकी घूमि ॥ १६ ॥
ज्ञानचक्रकी ढरनिमें सजग भाँति सब ठौर।
कर्मचक्रकी नींदसों, मृषा स्वप्नकी दौर ॥ १७ ॥
ज्ञानचक्र ज्यों दरदामी, कर्मचक्र ज्यों अंध।
ज्ञानचक्रमें निर्जरा कर्मचक्रमें बन्ध ॥ १८ ॥
ज्ञानचक्र अनुसरणको देव धर्म गुरु द्वार।
देव धर्म गुरु जो लखैं, ते पावैं भवपार ॥ १९ ॥
भववासी जानै नहीं, देवधरमगुरुभेद।
पर्यो मोहके फन्दमें, करै मोक्षको खेद ॥ २० ॥
उदय सुकर्म कुकर्मके, रुलै चतुर्गति माहिं।
निरखै बाहिजदृष्टिसों तहँ शिवमारग नाहिं ॥ २१ ॥
देवधर्म गुरु हैं निकट, मूढ़ न जानै ठौर।
बँधी दृष्टि मिथ्यातसों लखै औरकी और ॥ २२ ॥
भेषधारीको गुरु कहै, पुण्यवन्तको देव।
धर्म कहै कुल रीतिको, यह कुकर्मकी टेव ॥ २३ ॥
देव निरंजनको कहै, धर्म वचन परवान।
साधु पुरुषको गुरु कहै, यह सुकर्मको ज्ञान ॥ २४ ॥

ज्यों नर दाव उपावकैं, गहि आनै गज साधि।
त्यों या मनवश करनको, निर्मल ध्यान समाधि ॥११॥

तिमिररोगसों नैन ज्यों, लखै औरको और।
त्यों तुम संशयमें परे, मिथ्या मतिकी दौर ॥ १२ ॥

ज्यों औषध अंजन किये, तिमिररोग मिट जाय।
त्यों सतगुरुउपदेशतैं, संशय वेग विलाय ॥ १३ ॥

जैसैं सब जादव जरे, द्वारापतिकी आग।
त्यों मायामें तुम परे, कहा जाहुगे भाग ॥ १४ ॥

दीपायनसों ते बचे, जे तपसी निर्ग्रन्थ।
तज माया समता गहो, यहै मुकतिको पंथ ॥ १५ ॥

ज्यों कुधातुके फेटसों, घटवढ़ कंचनकांति।
पापपुण्य कर त्यों भये, मूढातम बहु भांति ॥ १६ ॥

कंचन निज गुण नहिं तजै, वानहीनके होत।
घटघट अंतर आतमा, सहजस्वभाव उदोत ॥ १७ ॥

पन्ना पीट पकाइये, शुद्ध कनक ज्यों होय।
त्यों प्रगटै परमातमा, पुण्यपापमल खोय ॥ १८ ॥

पर्व राहुके ग्रहणसों, सूर सोम छविछीन।
संगति पाय कुसाधुकी, सज्जन होहिं मलीन ॥ १९ ॥

निंबादिक चन्दन करै, मलयाचलकी बास।
दुर्ज्जनतैं सज्जन भये, रहत साधुके पास ॥ २० ॥

जैसैं ताल सदा भरै, जल आवै चहुँ ओर।
तैसैं आस्रवद्वारसों, कर्मबंधको जोर ॥ २१ ॥

ज्यों जल कातक मूरिये, सूखे सरवर पानि ।
तैसें संवरके किये कर्म्म निर्ज्जरा जानि ॥ २२॥

ज्यों बूटी संजोगतैं पारा मूर्छित होय ।
त्यों पुद्गलसों तुम मिले, आतमशक्ति समोय ॥ २३॥

मेल खटाई मांजिये पारा परगट रूप ।
शुक्लध्यान अभ्यासतैं, दर्शनज्ञान अनूप ॥ २४॥

कहि उपदेश बनारसी चेतन अब कछु चेतु ।
आप बुझावत आपको, उदय करनके हेतु ॥ २५॥

इति ज्ञानपचीसी

अथ शिवपचीसी लिख्यते

दोहा ।

ब्रह्मविलास चिदाकाशधर, चिदानन्द सुखरूप ।
बन्दौं सिद्धसमाधिमय शिवस्वरूप भगवान ॥ १॥
मोह महातम नाशिनी, ज्ञान उदधिकी सीव ।
बन्दौं जगतविकाशनी, शिवमहिमा शिवनीव ॥ २॥

चौपाई ।

शिवस्वरूप भगवान अवाची । शिवमहिमा अनुभवमति सांची ॥
शिवमहिमा जाके घट भासी । सो शिवरूप हुआ अविनाशी ॥३॥
जीव और शिव और न होई । सोई जीववस्तु शिव सोई ॥
जीव नाम कहिये व्यवहारी । शिवस्वरूप निहचै गुणधारी ॥ ४॥

जानै मानै अनुभवै, करै भक्ति मन लाय।
परसगति आस्रव सधै, कर्मबन्ध अधिकाय ॥ २५ ॥

कर्मबंधतैं भ्रम बढै, भ्रमतैं लखै न वाट।
अंधरूप चेतन रहै, बिना सुमति उद्‌घाट ॥ २६ ॥

सहजमोह जब उपशमै, रुचै सुगुरु उपदेश।
तब विभाव भवथिति घटै, जगै ज्ञान गुण लेश ॥२७॥

ज्ञानलेश सो है सुमति, लखै मुकतिकी लीक।
निरखै अन्तरदृष्टिसों, देव धर्म गुरु ठीक ॥ २८ ॥

ज्यों सुपरीक्षित जौंहरी, काच डाल मणि लेय।
त्यों सुबुद्धि मारग गहै, देव धर्म गुरू सेय ॥ २९ ॥

दर्शन चारित ज्ञान गुण, देव धर्म गुरु शुद्ध।
परखै आतम संपदा, तजै सनेह विरुद्ध ॥ ३० ॥

अरचै दर्शन देवता चरचै चारित धर्म।
दिढ परखै गुरुज्ञानसों, यहै सुमतिको कर्म ॥ ३१ ॥

सुमतिकर्मतैं शिव सधै, और उपाय न कोय।
शिवस्वरूप परकाशसों, आवागमन न होय ॥ ३२ ॥

सुमतिकर्म सम्यक्तसों, देव धर्म गुरु द्वार।
कहत 'बनारसि' तत्त्व यह, लहि पावैं भवपार ॥ ३३ ॥

इति श्रीअध्यातमबत्तीसी

अथ श्री ज्ञानपच्चीसी लिख्यते

सुरनर तिर्यग योनिमें, नरक निगोद भ्रमंत ।
महा मोहकी नींदसों सोये काल अनंत ॥ १ ॥

जैसें ज्वरके जोरसों भोजनकी रुचि जाइ ।
तैसें कुकरमके उदय, धर्मवचन न सुहाइ ॥ २ ॥

लगै भूख ज्वरके गयें, रुचिसों लेय अहार ।
अशुभ गये शुभके जगे जानै धर्मविचार ॥ ३ ॥

जैसें पवन झकोरतें, जलमें उठे तरंग ।
त्यों मनसा चंचल भई परिगहके परसंग ॥ ४ ॥

जहां पवन नहिं संचरै तहां न जल कल्लोल ।
त्यों सब परिग्रह त्यागसों मनसा होय अडोल ॥ ५ ॥

ज्यों काहू विषधर डसै रुचिसों नीम चबाय ।
त्यों तुम ममतासों मढ़े मगन विषयसुख पाय ॥ ६ ॥

नीम रसन परसै नहीं निर्विष तन जब होय ।
मोह घटे ममता मिटे विषय न वांछै कोय ॥ ७ ॥

ज्यों सछिद्र नौका चढ़े बूडहि अंध अदेख ।
त्यों तुम भवजलमें परे बिन विवेक धर भेख ॥ ८ ॥

जहां अखंडित गुण लगे खेवट शुद्धविचार ।
आतम रुचि नौका चढ़े पावहु भव जल पार ॥ ९ ॥

ज्यों अंकुश मानै नहीं महामत्त गजराज ।
त्यों मन तृष्णामें फिरै, गनै न काज अकाज ॥ १० ॥

ज्यों नर दाव उपावकैं, गहि आनै गज साधि ।
त्यों या मनवश करनको, निर्मल ध्यान समाधि ॥११॥

तिमिररोगसों नैन ज्यों, लखै औरको और ।
त्यों तुम संशयमें परे, मिथ्या मतिकी दौर ॥ १२ ॥

ज्यों औषध अंजन किये, तिमिररोग मिट जाय ।
त्यों सतगुरुउपदेशतैं, संशय वेग विलाय ॥ १३ ॥

जैसैं सब जादव जरे, द्वारावतिकी आग ।
त्यों मायामें तुम परे, कहा जाहुगे भाग ॥ १४ ॥

दीपायनसों ते बचे, जे तपसी निर्ग्रन्थ ।
तज माया समता गहो, यहै मुकतिको पंथ ॥ १५ ॥

ज्यों कुधातुके फेटसों, घटवढ कंचनकांति ।
पापपुण्य कर त्यों भये, मूढातम बहु भांति ॥ १६ ॥

कंचन निज गुण नहिं तजै, बानहीनके होत ।
घटघट अंतर आतमा, सहजस्वभाव उदोत ॥ १७ ॥

पन्ना पीट पकाइये, शुद्ध कनक ज्यों होय ।
त्यों प्रगटै परमातमा, पुण्यपापमलखोय ॥ १८ ॥

पर्व राहुके ग्रहणसों, सूर सोम छविछीन ।
संगति पाय कुसाधुकी, सज्जन होहिं मलीन ॥ १९ ॥

निंबादिक चन्दन करै, मलयाचलकी बास ।
दुर्ज्जनतैं सज्जन भये, रहत साधुके पास ॥ २० ॥

जैसैं ताल सदा भरै, जल आवै चहुँ ओर ।
तैसैं आस्रवद्वारसों, कर्मबंधको जोर ॥ २१ ॥

ज्यों बल कावत मूर्छिवे, सूखे सरवर पानि ।
वैसें सबरके किये, कर्म निर्जरा जानि ॥ २२॥

ज्यों बूटी संजोगतें पारा मूर्छित होय ।
त्यों पुद्गलसों तुम मिले, आतमशक्ति समोय ॥ २३॥

मेल खटाई मांजिये पारा परगट रूप ।
शुकलध्यान अभ्यासतें दर्शनज्ञान अनूप ॥ २४॥

कहि उपदेश बनारसी चेतन अब कछु चेतु ।
आप बुझावत आपको उदय करनके हेतु ॥ २५॥

इति अध्यात्मपचीसी

अथ शिवपचीसी लिख्यते

दोहा ।

ब्रह्मविलास विकाशधर, चिदानन्द गुणठान ।
बन्दों शिवसमाधिमय शिवस्वरूप भगवान ॥ १॥

मोह महातम मारिनी, ज्ञान ज्वलिकी सींव ।
बन्दों जगतविकाशनी, शिवमहिमा शिवनींव ॥ २॥

चौपाई ।

शिवस्वरूप भगवान अवाची । शिवमहिमानुभवमति साची ॥
शिवमहिमा जाके घट भासी । सो शिवरूप हुआ अविनाशी ॥३॥

जीव और शिव और न होई । सोई जीवबस्तु शिव सोई ॥
जीव नाम कहिये व्यवहारी । शिवस्वरूप निहचै गुणधारी ॥ ४॥

करै जीव जब शिवकी पूजा । नामभेदतैं होय न दूजा ॥
विधि विधानसों पूजा ठानैं । तब शिव आप आपको जानैं ॥५॥
तन मंडप मनसा जह 'वेदी' । शुभलेश्या गह सहज 'सफेदी' ॥
आतमरुचि 'कुंडली' वखानी । तहां 'जलहरी' गुरुकी वानी ॥६॥
भावलिंग सो 'मूरति' थापी । जो उपाधि सो सदा अव्यापी ॥
निर्गुणरूप निरंजन देवा । सगुणस्वरूप करै विधिसेवा ॥ ७ ॥
समरस 'जल' अभिषेक करावै । उपशम 'रसचन्दन घसि लावै ॥
सहजानन्द 'पुष्प' उपजावै । गुणगर्भित 'जयमाल' चढावै ॥८॥
ज्ञानदीपकी 'शिखा' सवारै । स्याद्वाद घटा झनकारै ॥
अगम अध्यातम चौंर दुलावै । चायक 'धूप' स्वरूप जगावै ॥९॥
निहचै दान 'अर्घविधि होवै । सहजशील गुण 'अक्षत ढोवै ॥
तप नेवज' काढै रस पागै । विमलभाव फल राखइ आगै ॥१०॥

जो ऐसो पूजा करै, ध्यानमगन शिवलीन ।
शिवस्वरूप जगमें रहै, सो साधक परवीन ॥ ११ ॥

सो परवीन मुनीश्वर सोई शिवमुद्रा मंडित जो होई ॥
सुरसरिता करुणारसवाणी । सुमति गौरि अर्द्धङ्ग वखानी १२ ॥
त्रिगुणभेद जहँ नयन विशेखा । विमलभावसमकित शशिलेखा ॥
सुगुरु शीख सिंगो उर बाधै । नयविवहार बाघम्बर काधे ॥-१३ ॥
कबहू तन कैलाश कलोलै । कबहु विवेकबैल चढ डलै ॥
रुंडमाल परिणाम त्रिभंगी । मनसा चक्र फिरै सरवंगी ॥ १४ ॥

शक्ति विभूति अंगछवि छाजै । तीन गुपति तिरशूल विराजै ।
कंठ विभाव विषम विष सोहै । महामोह विषहर नहिं मोहै ॥१५॥
संजम जटा सहज सुख भोगी । निरवेरूप दिगम्बर जोगी ॥
ब्रह्म समाधिध्यान गृह साजै । तहाँ अनाहत डमरू बाजै ॥ १६ ॥

पंच भेद शुभज्ञान गुण, पंच वदन परधान ।
ग्यारह प्रतिमा धारतैं, ग्यारह रुद्र समान ॥ १७ ॥

मंगल करन मोक्षपद दाता । यातैं शंकर नाम विख्याता ॥
जब मिथ्यामत तिमिर विनशै । अंधकहरण नाम परकाशै ॥१८॥
ईश महेश भुवननिधिस्वामी । सर्व नाम जग अंतरजामी ॥
त्रिभुवन त्याग रमै शिवठामा । कहिये त्रिपुरहरण तब नामा ॥१९॥
अष्टकर्मसों मिलै अकेला । महारुद्र कहिये तिहिं बेला ॥
मनकामना रहै नहिं कोई । कामदहन कहिये तब सोई ॥ २० ॥
अक्षवाणी अभ्यास पढ़ावै । महादेव न्याइ उपमा पावै ॥
आदि अन्त कोई नहीं जानै शंभुनाम तब जगत बखानै ॥ २१ ॥
मोहहरण हर नाम कहीजे । शिवस्वरूप शिवसाधन कीजे ॥
जब करनी निश्चयमैं आवै । तब जगमंडन विरद कहावै ॥ २२ ॥
निश्चनाथ जगपति जग जानै । मृत्युंजय तब मृत्यु न मानै ॥
शुक्ल ध्यान गुण जब आरोहै । नाम कपूरगौर तब सोहै ॥ २३ ॥

इहिविधि जे गुण आदरै रहै राचि जिहँ ठौर ।
जिहँ जिहँ मारग अनुसरै, ते सब शिवके मौर ॥२४॥

नाव जथामति कल्पना, कहू प्रगट कहु गूढ़ ।
गुणी विचारै वस्तु गुण, नाँव विचारै मूढ़ ॥ २५ ॥

मूढ़ मरम जानै नहीं, करै न शिवसों प्रीति ।
पंडित लखै 'बनारसी, शिवमहिमा शिवरीति ॥२६॥

इति शिवपचीसी

अथ भवसिन्धुचतुर्दशी लिख्यते

जैसें काहू पुरुषको, पार पहुँचवे काज ।
मारगमाहि समुद्र तहा, कारणरूप जहाज ॥ १ ॥

तैसें सम्यकवतको, और न कछु इलाज ।
भवसमुद्रके तरणको, मन जहाजसों काज ॥ २ ॥

मनजहाज घटमें प्रगट, भवसमुद्र घटमाहिं ।
मूरख मर्म न जानहीं, बाहिर खोजन जाहिं ॥ ३ ॥

मूरखहूके घटविषै, जलजहाज अरु पौन ।
दृगमुद्रित मालीम तहँ, लखै सँभारै कौन ? ॥ ४ ॥

कर्मसमुद्र विभाव जल, विषयकषाय तरंग ।
बडवागनि तृष्णा प्रबल, ममता धुनि सरवंग ॥५॥

भरम भँवर तामें फिरै, मनजहाज चहु ओर ।
गिरै फिरै बूडै तिरै, उदय पवनके जोर ॥६॥

जब चेतन मालिम जगै, लखै विपाक नजूम।
डारै समता शृंखला, थकै भँवर की घूम ॥७॥
मालिम सहज समुद्रको जानै सब विरतंत।
शुभोपयोग तहँ एक सम, अशुभ भाव अलहंत ॥८॥
वस्तु देख नहिं भय करै, रत देखै उमगाह।
करै गमन शिवदीपको यह मालिमकी चाह ॥९॥
दिशि परखै गुरुवचनसौं फेरै राचवि सुगम।
धरै सांग शिवदीपमुख न दवान शुभध्यान ॥ १० ॥
चहै शुद्ध अनुभव पवन गहै विवेक निरनीक।
बहै अमर शिवदीपको रहै दृष्टिगति ठीक ॥ ११ ॥
मनजहाज इहिविधि चलै गेहै सिंधुकपाट।
लावै निज सपरिग्रह, पावै केवल घाट । १२ ॥
मालिम उतर जहाजसों, करै दीप को दौर।
जहां न जल न जहाज गति, नहिं करनी कछु और ॥१३॥
मालिमकी अखिलमतिटी, मालिम दीप न दोय।
यह भवसिन्धुचतुर्दशी मुनिचतुर्दशी होय ॥ १४ ॥
इति सिन्धुचतुर्दशी

अथ अध्यातम फाग लिख्यते

अध्यातम बिन क्यों पाइये हो परमपुरुषको रूप।
अघट अंग घट मिल रह्यो हो महिमा अगम अनूप ॥
अध्यातमबिन क्यों पाइये हो ॥ १ ॥

विषम विरष पूरो भयो हो, आयो सहज वसंत।
प्रगटी सुरुचि सुगंधिता हो, मन मधुकर मयमत॥
अध्यातमबिन क्यों पाइये हो॥

सुमति कोकिला गह गही हो बही अपूरब बाउ।
भरम कुहर बादरफटे हो, घट जाडो जड ताउ॥
अध्यातमबिन क्यों पाइये हो॥

मायारजनी लघु भई हो, समरस दिवशशिजीत।
मोहपंककी थिति घटी हो, संशय शिशिर व्यतीत॥
अध्यातमबिन क्यों पाइये हो॥

शुभ दल पल्लव लहलहे हो, होहिं अशुभ पतझार।
मलिन विषय रति मालती हो, विरति वेलिविस्तार॥
अध्यातमबिन क्यों पाइये हो॥

शशिविवेक निर्मल भयो हो, थिरता अमिय झकोर।
फैली शक्ति सुचन्द्रिका हो, प्रमुदित नैन चकोर॥
अध्यातमबिन क्यों पाइये हो॥

सुरति अग्निज्वाला जगी हो, समकित भानु अमन्द।
हृदयकमल विकसित भयो हो, प्रगट सुजश मकरन्द॥
अध्यातमबिन क्यों पाइये हो॥ ७

दिढ कषाय हिमगिर गले हो, नदी निर्ज्जरा जोर।
धार धारणा बहचली हो, शिवसागर मुख ओर॥
अध्यातमबिन क्यों पाइये हो॥ ८

वितथवात प्रभुता मिटी हो, जग्यो जथारथ काज।
जंगलभूमि सुहावनी हो, नृप वसन्तके राज॥

मवपरणवि चाचरि भई हो, चहकर्म बनचाह ॥
चलख चमूरति चातमा हो खेली धर्म धमाल ॥
चप्पातमबिन क्यों पाइये हो ॥ १० ॥

नयपरकति चाचरि मिलि हो, ज्ञानध्यान डफताल।
पिचकारी पद साधना हो संवर भाव गुलाल ॥
चप्पातमबिन क्यों पाइये हो ॥ ११ ॥

राग विराग चलापिये हो भावभगति शुभ तान।
रीझ परम रसलीनता हो दीजे दश विधिदान ॥
चप्पातमबिन क्यों पाइये हो ॥ १२ ॥

दया मिठाई रसभरी हो, तप मेवा परधान।
शील सलिल चति सीयला हो संजम नागर पान ॥
चप्पातमबिन क्यों पाइये हो । १३ ॥

गुपति चंग परगासिये हो यह निलजता रीति।
चकथ कथा मुखभाखिये हो यह गारी निरनीति ॥
चप्पातमबिन क्यों पाइये हो ॥१४॥

उद्धत गुण रसिया मिले हो चमल विमल रसप्रेम।
सुरत तरंग मह छकि रहे हो मनसा वाचा नेम ॥
चप्पातमबिन क्यों पाइये हो ॥१५॥

परम ज्योति परगट भई हो, लगी होलिका चाग।
चाठ काठ सब जरि बुझे हो गई, तताई भाग ॥
चप्पातमबिन क्यों पाइये हो ॥१६॥

प्रकृति पचासी लगि रही हो भस्म लेख है सोय।

न्हाय धोय उज्ज्वल भये हो, फिर तहँ खेल न कोय ॥
अध्यातमविन क्यों पाइये हो ॥१७॥
सहज शक्ति गुण खेलिये हो, चेत "बनारसिदास।"
सगे सखा ऐसे कहै हो, मिटै मोहदधि फास ॥
अध्यातमविन क्यों पाइये हो ॥ १८ ॥

इति अध्यातमधमार।

अथ सोलह तिथि लिख्यते.

चौपाई

परिवा प्रथम कला घट जागी। परम प्रतीतिरीति रसपागी ॥
प्रतिपद परम प्रीति उपजावै। वहै प्रतिपदा नाम कहावै ॥ १ ॥
दूज दुहूँधी दृष्टि पसारै। स्वपरविवेकधारणा धारै ॥
दर्वित भावित दीसै दोई। द्वय नय मानत द्वितीया होई ॥ २ ॥
तीज त्रिकाल त्रिगुण परकासै। त्रिविधिरूप त्रिभुवन आभासै ॥
तीनों शल्य उपाधि उछेदै। त्रिधा कर्मकी परिणति भेदै ॥ ३ ॥
चौथ चतुर्गतिको निरवारै। कर चकचूर चौकरी चारै ॥
चारों वेद समुझि घर आवै। तब सुअनंत चतुष्टय पावै ॥ ४ ॥
पाचैं पच सुचारित पालै। पचज्ञानकी सुरति संभालै ॥
पाचों इन्द्रिय करै निरासा। तव पावै पंचमगति वासा ॥ ५ ॥
छठ छहकाय त्याग धर सोवै। छह रस मगन छ आकृति होवै ॥
जब छहदरशनमे न अरूझै। तब छ दर्वसों न्यारा सूझै ॥ ६ ॥
सातैं सातों प्रकृति खिपावै। सप्तभंग नयसों मन लावै ॥
त्यागै सात व्यसनविधि जेती। निभय रहै सात भयसेती ॥ ७ ॥

आठैं आठ महामद भजै। अष्टसिद्धिरिद्धिसों नहीं रजै॥
अष्टकर्ममलमूल बहावै। अष्टगुणातम सिद्ध कहावै॥८॥
नौमी नवरस मैं रस चखै। सो ममधित पर नवपद सेवै॥
करै भक्तिविधि नव परकारा। निरखै नवतत्त्वमसों न्यारा॥९॥
दसमी दशदिशिसों मन मारै। दश प्रश्नसों नाता टारै॥
दशविधि दान अभ्यन्तर साधै। दशलक्षण मुनिधर्म अराधै॥१०॥
ग्यारस ग्यारह प्रकृति विडारै। ग्यारह प्रतिमापद परकारै॥
ग्यारह रुद्र कुलिंग बखानै। ग्यारह विधा अंग जिन मानै॥ ११॥
बारस बारह विरति बढ़ावै। बारह विधि तपसों तन तावै॥
बारहभेद भावना भावै। बारह अंग जिनागम गावै॥ १२॥
तेरस तेरह क्रिया संभालै। तेरह विधन काठिया टालै॥
तेरहविधि संजम अवधारै। तेरह पालक जीव विचारै॥ १३॥
चौदस चौदह विद्या मानै। चौदह गुणथानक पहिचानै॥
चौदह मारगना मन आनै। चौदहरज्जु लोक परवानै॥ १४॥
पन्द्रस पन्द्रह तिथि गनिलीजे। पन्द्रह पात्र परखि धन दीजे॥
पन्द्रह जोगरहित जो परखी। सो पद शून्य अमावस परखी॥१५॥
पूनौं पूरन अविनासी। पूरन गुण पूरन परगासी॥
पूरन प्रभुता पूरणमासी। कहै साधु तुलसी बनवासी॥ १६॥

इति षोडशतिथि

अथ तेरह काठिया लिख्यते

जे बटपारें वाटमें करहिं उपद्रव जोर।
तिन्हें देश गुजरात में कहहिं काठिआवार॥ १॥

त्यों या तेरह काठिया, करहि धर्मकी हानि ।
तातै कछु इनकी कथा, कहहुँ विशेष बखानि ॥ २ ॥
जूआ आलस शोक भय, कुकथा कौतुक कोह ।
कृपणबुद्धि अज्ञानता, भ्रम निद्रा मद मोह ॥ ३ ॥

प्रथम काठिया 'जूआ' जान । जामें पंच वस्तुकी हान ।
प्रभुता हटै घटै शुभ कर्म । मिटै सुजश विनशै धनधर्म ॥ ४ ॥
द्वितिय काठिया "आलसभाव" । जासु उदय नाशै विषभाव ॥
बाहिर शिथिल होहि सब अंग । अंतर धर्मवासना भंग ॥ ५ ॥
ठग तीसरो 'शोक' संताप । जासु उदय जिय करै विलाप ॥
सूतक पातक जिहि घर होय । धर्मक्रिया तहं रहै न कोय ॥ ६ ॥
'भय' चतुर्थ काठिया बखान । जाके उदय होय बलहान ॥
डर कपे नहि फुरै उपाय । तब सुधर्म उद्यम मिट जाय ॥ ७ ॥
ठग पंचम "कुकथा" बकवाद । मिथ्यापाठ तथा ध्वनिनाद ॥
जबलों जीव मगन इसमाहिं । तबलों धर्म वासना नाहिं ॥ ८ ॥
"कौतूहल' छट्टम काठिया । भ्रमविलाससों हरषै हिया ॥
मृषा वस्तु निरखै धर ध्यान । विनशि जाय सत्यारथ ज्ञान ॥ ९ ॥
'कोप" काठिया है सातमा । अग्नि समान जहां आतमा ॥
आप न दाहै औरको दहै । तहां धर्मरुचि रंचन रहै ॥ १० ॥
"कृपणबुद्धि" अष्टम बटपार । जामें प्रगट लोभ अविकार ॥
लोभ माहिं ममता परकाश । ममता करै धर्मको नाश ॥ ११ ॥
नवमा ठग 'अज्ञान" अगाध । जासु उदय उपजै अपराध ॥
जो अपराध पाप है सोय । जहां पाप तहां धर्म न होय ॥१२॥

दशम काठिया भ्रम' विरूप। भ्रमसों अशुभ करमका धूप ॥
अशुभ कर्म दुरमति की खानि। दुरमति करै धर्मको हानि ॥१३॥
एकादशम काठिया "नींद"। जासु उदय चित वस्तु न बींद ॥
मन वच काय हाय अडडम। बूडै धन कर्मघनकूप ॥ १४ ॥
ठग द्वादशम "मदन" मार। जामें मकरराग अधिकार ॥
मकररोग मरु विनर्षविराय। जहँ अविनय तहँ धर्मविरोध ॥१५॥
तेरम चरम काठिया "मोह"। जो विवेकसों करै विद्रोह ॥
अविवेकी मानुष तिरजंच। धर्मवारता धरै न रंच ॥ १६ ॥
येही तेरह करम ठग। लहिँ रतन त्रय छीन ॥
यातैं संसारी दशा। कहिये तेरह तीन ॥ १७ ॥

इति काठिया कथित।

अथ अध्यातम गीत लिख्यते,

राग गौरी

मेरा मनका प्यारा जो मिलै। मेरा सहज सनेही जो मिलै ॥टेक॥
अवधि अयोध्या आतम राम। सीता सुमति करै परणाम ॥
मेरा मनका प्यारा जो मिलै, मेरा सहज० ॥१॥
उपज्यो कंत मिलनको चाव। समता सखीसों कहै इसभाव ॥
मेरा मनका प्यारा जो मिलै मेरा० ॥ २ ॥
मैं विरहिन पियके आधीन। यों तलफों ज्यों जल बिन मीन।
मेरा — — ॥ ३ ॥

बाहिर देखू तो पिय दूर। बट देखे घटमे भर पूर॥
मेरा मनका प्यारा जो मिलै, मेरा० ॥ ४ ॥

घटमहि गुप्त रहै निरधार। वचनअगोचर मनके पार॥
मेरा० ॥ ५ ॥

अलख अमूरति वर्णन कोय। कबधों पियको दर्शन होय॥
मेरा० ॥ ६ ॥

सुगम सुपथ निकट है ठौर। अंतर आड विरहकी दौर॥
मेरा० ॥ ७ ॥

जउ देखों पियकी उनहार। तन मन सर्वस डारों वार॥
मेरा० ॥ ८ ॥

होहुँ मगन मैं दरशन पाय। ज्यों दरियामें बूंद समाय॥
मेरा० ॥ ९ ॥

पियको मिलों अपनपो खोय। ओला गल पाणी ज्यों होय॥
मेरा० ॥१०॥

मैं जग ढूढ फिरी सब ठौर। पियके पटतर रूप न और॥
मेरा० ॥ ११॥

पिय जगनायक पिय जगसार। पियकी महिमा अगम अपार॥
मेरा० ॥१२॥

पिय सुमिरत सब दुख मिट जाहिं। मोरनिरख ज्यों चोर पलाहि॥
मेरा० ॥१३॥

भयभजन पियको गुनवाद। गजगजन ज्यों केहरिनाद॥
मेरा० ॥१४॥

भागइ भरम करत पियध्यान। फटइ तिमिर ज्यों उगत भान॥

मेरा॰ — — ॥१५॥

दोष दुरइ देखत पिय ओर। नाग डरइ ज्यों बोलत मोर॥

मेरा — — ॥१६॥

बसौं सदा मैं पियके गाँव। पियतज और कहाँ मैं जाँव॥

मेरा॰ — — ॥१७॥

जो पिय जाति जाति मम सोइ। जातहि जात मिलै सब कोइ॥

मेरा॰ — — ॥१८॥

पिय मोरे घट, मैं पियमाहिं। जलतरंग ज्यों दुविधा नाहिं॥

मेरा — — ॥१९॥

पिय मो करता मैं करतूति। पिय ज्ञानी मैं ज्ञानविभूति॥

मेरा॰ — — ॥२०॥

पिय सुखसागर मैं सुखसींव। पिय शिवमन्दिर मैं शिवनींव॥

मेरा — — ॥२१॥

पिय ब्रह्मा मैं सरस्वति नाम। पिय माधव मो कमला नाम॥

मेरा — — ॥२२॥

पिय शंकर मैं देवि भवानि। पिय जिनवर मैं केवलवानि॥

मेरा॰ — ॥२३॥

पिय भोगी मैं भुक्तिविशेष। पिय जोगी मैं मुद्र भेष॥

मेरा — — ॥२४॥

पिय मो रसिया मैं रसरीति। पिय व्यवहारिया मैं परतीति॥

मेरा॰ — — ॥२५॥

जहा पिय साधक तहाँ मैं सिद्ध । जहा पिय ठाकुर तहाँ मैं रिद्ध ॥
मेरा० ॥२६॥
जहाँ पिय राजा तहा मैं नीति । जहँ पिय जोद्धा तहाँ मैं जीति ॥
मेरा० ॥२७॥
पिय गुणग्राहक मैं गुणपाति । पिय बहुनायक मैं बहुभाति ॥
मेरा० ॥२८॥
जहँ पिय तहँ मैं पियके संग । ज्यों शशि हरिमे ज्योति अभंग ॥
मेरा० ॥२९॥
पिय सुमिरन पियको गुणगान । यह परमारथपथ निदान ॥
मेरा० ३०॥
कहइ व्यवहार 'बनारसी' नाव । चेतन सुमति सटी इकठाव ॥
मेरा० ॥३१॥

॥ इति चेतनसुमति गीत ॥

अथ पंचपदविधान

दोहा

नमो ध्यान
पंचसुचरण

बन्दों श्री अर
बन्दों आचारज
एई पंच इष्ट
सिद्ध देव पर

मिटइ मोई जम करै न कोइ। भयो कदाच न कबहूँ होइ ॥
भ्रलख भ्रखंडित भ्रविचलधाम। निर्मल निराकार निरमाम ॥४॥
भव गुरु कहों चार परकार। परम निधान धरमधनधार ॥
मरमवंत शुभ कर्म सुजान। त्रिभुवनमाहिं पुरुष परधान ॥ ५ ॥
प्रथम परमगुरु श्री अरहंत। द्वितिय परमगुरु सूरि महंत ॥
तृतिय परमगुरु श्रीउवझाय। चौथे परम सुगुरु मुनिराय ॥६॥
परम ज्ञान दर्शनभण्डार। वाणी खिरै परम सुखकार ॥
परम चतारिक तमचारंत। परम सुगुरु कहिये अरहंत ॥७॥
धर्मध्यान धारै वरविद्व। मानें धर्म वैराग्य सिद्ध ॥
धर्मनिधान धरम सों प्रेम। धर्म सुगुरु आचारज एम ॥ ८ ॥
चौदह पूरब ग्यारह अंग। पढ़ै मरम जानै सरवंग ॥
परको मर्म कहै समुझाय। यातें परम सुगुरु उवझाय ॥ ६ ॥
षट आवश्यक कर्म नित करै। त्रिविधि कर्मममता परिहरै ॥
विपुल करम सायें समकिती। परम सुगुरु सामानिक जती ॥१०॥
पंच सुपद श्रीजिन विलीन। दुरित हरन दुख दारिद दौन ॥
पढ़ जप सुमर भोर जप गौन। इम गुण महिमा बरणे कौन ॥

दोहा

महामंत्र ये पंचपद भाराधै जो कोय।
कहत 'बनारसिदास' पद अजर सदाशिव होय ॥ १२ ॥

॥ इति श्री पंचपदविधान ॥

अथ सुमतिके देव्यष्टोत्तरशतनाम

नमौ सिद्धिसाधक पुरुष, नमौ आतमाराम।
बरणो देवी सुमति के, अष्टोत्तरशत नाम ॥॥ १ ॥

॥ रोडक छन्द ॥

सुमति सबुद्धि सुधी सुबोधनिधिसुता पुनीता।
शशिवदनी सेमुषी शिवमति धिषणा सीता ॥
सिद्धा संजमवती स्याद्वादिनी विनीता।
निरदोषा नीरजा निर्मला जगत अतीता ॥
शीलवती शोभावती शुचिधर्मा रुचिरीति।
शिवा सुभद्रा शंकरी, मेधा दृढ़परतीति ॥ २ ॥
ब्रह्माणी ब्रह्मजा ब्रह्मरति, ब्रह्मअधीता।
पद्मा पद्मावती वीतरागा गुणमीता ॥
शिवदायिनि शीतला राधिका, रमा अजीता।
समता सिद्धेश्वरी सत्यभामा निरनीता ॥
कल्याणी कमला कुशलि, भवभजनी भवानि।
लीलावती मनोरमा, आनन्दी सुखखानि ॥ ३ ॥
परमा परमेश्वरी परम पंडिता अनन्ता।
असहाया आमोदवती अभया अघहन्ता ॥
ज्ञानवती गुणवती गौमती गौरी गंगा।
लक्ष्मी विद्याधरी आद सुंदरी असंगा ॥
चन्द्राभा चिन्ताहरणि, चिद्विद्या चिद्वेलि।
चेतनवती निराकुला, शिवमुद्रा शिवकेलि ॥ ४ ॥

चिदानन्दी चिद्रूप क्षमा वसुमती विचित्रा ।
सर्वंगी अचला जगतजननी जगमित्रा ।
अविकारा चेतना चमत्कारिणी चिदंका ।
दुर्गा दर्शनवती दुरितहरणी निरशंका ॥
धर्मधरा धीरज धरनि मोहनाशिनी वाम ।
जगत विश्रामिनि भगवती मरमभेदनी नाम ॥ ५ ॥

घत्तानन्द

त्रिभुवनजनमीता चितवचितीता सुमता भवसागरतरणी ।
जिनमता जिनवानी दयानिधानी यह सुमतिदेवी वरणी ॥ ६ ॥

इति श्रीसुमतिदेवीशतक.

अथ शारदाष्टकं लिख्यते

वस्तु छन्द

नमो केवल नमो केवल रूप भगवान ।
मुख ओंकारधुनि सुनि अर्थ गणधर विचारै ॥
रचि आगम उपदिशै भविक जीव संशय निवारै ॥
सो सत्यारथ शारदा तासु भक्ति उर आन ।
छन्द भुजंगप्रयातमें अष्टक कहौं बखान ॥ १ ॥

भुजंगप्रयात

जिनादेशजाता जिनेन्द्रा विख्याता ।
विशुद्धप्रबुद्धा नमों लोकमाता ॥
दुराचार दुर्नैहरा शंकरानी ।
नमो देवि वागेश्वरी जैनवानी ॥ २ ॥

सुधाधर्मसंसाधनी धर्मशाला।
सुधातापनिर्नाशनी मेघमाला॥
महामोह विध्वंसनी मोक्षदानी।
नमो देवि वागेश्वरी जैनवानी॥ ३॥

अखैवृक्षशाखा व्यतीताभिलाषा।
कथा संस्कृता प्राकृता देशभाषा॥
चिदानन्द-भूपाल को राजधानी।
नमो देवि वागेश्वरी जैनवानी॥ ४॥

समाधान रूपा अनूपा अक्षुद्रा।
अनेकान्तधा स्यादवादाङ्कमुद्रा॥
त्रिधा सप्तधा द्वादशाङ्गी बखानी।
नमो देवि वागेश्वरी जैनवानी॥ ५॥

अकोपा अमाना अदंभा अलोभा।
श्रुतज्ञानरूपी मतिज्ञानशोभा॥
महापावनी भावना भव्यमानी।
नमो देवि वागेश्वरी जैनवानी॥ ६॥

अतीता अजीता सदा निर्विकारा।
विषैवाटिकाखण्डिनी खड्गधारा॥
पुरापापविक्षेपकर्त्री कृपाणी।
नमो देवि वागेश्वरी जैनवानी॥ ७॥

अगाधा अबाधा निरंध्रा निराशा।
अनन्ता अनादीश्वरी कर्मनाशा॥

निशाङ्क निरङ्क चिदङ्क भवानी ।
नमो देवि वागेश्वरी जैनवानी ॥ ८ ॥
अशाङ्क सुदेका विवेका विधानी ।
जगज्जन्तुमित्रा विचित्रावसानी ॥
समस्तावलोका निरस्तानिदानी ।
नमो देवि वागेश्वरी जैनवानी ॥ ९ ॥

वस्तुछन्द

जैनवाणी जैनवाणी सुनहि जे जीव ।
जे आगम रुचिधरैं जे प्रतीति मन माहिं आनहिं ।
अवधारहिं जे पुरुष समर्थ पद अर्थ जानहिं ॥
जे हितहेतु "बनारसी" देहिं धर्म उपदेश ।
ते सब पावहिं परम सुख तज संसार कलेश ॥ १ ॥

इति शारदाष्टक

अथ नवदुर्गाविधान लिख्यते ।

कवित्त

प्रथमहिं समकितवंत लखि आपापर
परको सरूप त्यागी आप गहलेतु है ।
बहुरि विशेष साध्यसाधक अवस्था भेद
साधक ह्वै सिद्धिपद को सुदृष्टि देतु है ॥
अविरतगुणथान आदि क्षीनमोह अन्त,
नवगुणथान थिति साधकको खेतु है ॥

सजम चिह्न विना साधक गुपतरूप,
त्यों त्यों परगट ज्यों ज्यों सजम सुचेतु है ॥ १ ॥
जैसै काहू पुरुषको कारण ऊरध पथ,
कारज स्वरूपी गढ भूमिगिरश्रृ ग है ।
तैसै साध्यपद देव केवल पुरुष लिंग,
साधक सुमति देवीरूप तियलिंग है ॥
ज्ञानकी अवस्था दोऊ निश्चय न भेद कोऊ,
व्यवहार भेद देव देवी यह व्यग है ।
ऐसा साध्य साधक स्वरूप सूधो मोखपथ,
संतनको सत्यारथ मूढनको ढिंग है ॥ २ ॥
जाको भौनभषकूप मुकुट विवेकरूप,
अनाचार रासभ आरूढदुति गूझी है ।
जाके एक हाथ परमारथ कलश दूजे,
हाथ त्याग शकति बोहारी विधि बूझी है ।
जाके गुणश्रवण विचार यहै बासी भोग,
औपन भगतिरसरागसों अरूझी है ॥
सो है देवी शीतला सुमति सूझै सतनको
दुरबुद्धि लोगनको रोगरूप सूझी है ॥ २ ॥
कूपसों निकस जबभूपर उदोत भई,
तब और ज्योति मुख ऊपर विराजी है ।
भुजा भई चौगुणी शकति भई सौगुणी,
कजाय गए औगुणी रजायछिति छाजी है ॥

यहै जगमाता अनुकंपारूप देखियत,
यहै देवी सुमति अनेकभांति बरनी ॥ ७ ॥
यहै सरस्वती हंसवाहिनी प्रगट रूप,
यहै भवभेदिनी भवानी शंभुघरनी।
यहै ज्ञान लच्छनसों लच्छमी विलोकियत,
यहै गुणरतनभंडार भारभरनी
यहै गंगा त्रिविधि विचारमें त्रिपथ गौनी,
यह मोखसाधन को तीरथ की धरनी।
यहै गोपी यहै राधा राधै भगवान भावै,
यहै देवी सुमति अनेक भांति बरनी ॥ ८ ॥
यहै परमेश्वरी परम ऋद्धि सिद्धि साधै,
यहै जोग माया व्यवहार द्वार दरनी।
यहै पद्मावती पद्म ज्यों अलेप रहै,
यहै शुद्ध शकति मिथ्यात को कतरनी ॥
यहै जिनमहिमा बखानी जिनशासन में,
यहै अखंडित शिवमहिमा अमरनी।
यहै रसभोगनी वियोग में वियोगिनी है,
यहै देवी सुमति अनेकभांतिवरनी ॥ ६ ॥

॥ इति श्री नवदुर्गा विधान ॥

अथ नामनिर्णयविधान लिख्यते,

दोहा

काहू दिन काहू समय करुणाभाव समेत।
सुगुरु नामनिर्णय करै, भविक जीव हितहेत ॥ १ ॥
जीव द्विविधि संसार मैं अथिररूप थिररूप।
अथिर देहधारी अलख थिर भगवान अनूप ॥ २ ॥

कवित्त (३१ वर्ण)

जो है अविनाशी वस्तु ताको अविनाशी नाम
विनाशीक वस्तु ताको नाम विनाशीक है।
फूल मरै वास जीवै मरै भ्रमरूपी बात
दोऊ मरै दोऊ जीवै यह बात ठीक है ॥
अनादि अनंत भगवंत को सुजस नाम
सत्यसिंधु सास्वत सत्य तहकीक है।
अवतरै मरै भी मरै जे फिर फिर देह
तिनको सुजस नाम अथिर अलीक है ॥ ३ ॥

दोहा

थिर न रहै नर नाम की, अथिर कथा असरेस।
तिसे पर मिथ्यामती ममता करै विसेस ॥ ४ ॥

कवित्त

जग मैं मिथ्याती जीव भ्रम करै है सदीव,
भ्रम के प्रवाह मैं बह्यो है आगे बहैगा।

नाम राखिवे को महारंभ करै दंभ करै,

यों न जानै दुर्गति में दुःख कौन सहैगा।

बार बार कहैं मोह भागवत धनवत्त,

मेरा नाव जगत में सदाकाल रहैगा।

याही ममता सों गहि आयो है अनंत नाम,

आगें योनियोनि में अनत नाम गहैगा ॥ ५ ॥

दोहा

बोल उठैं चित च कि नर, सुनत नामकी हाक।

षहै शब्द सतगुरु कहैं है भ्रमकूप धमाक ॥ ६ ॥

कवित्त

जगत में एक एक जनके अनेक नाम,

एक एक नाम देखिये अनेक जनमें।

वा जनम और या जनम और आगें और

फिरता रहै पै याकी थिरता न तनमें ॥

कोई कलपना कर जोई नाम धरै ताको,

सोई जीव सोई नाम मानें तिहूँ पन मे।

ऐसो विरतत लख सतसों सुगुरु कहै,

तेरो नाम भ्रम' तू विचार देख मन में ॥ ७ ॥

दोहा

नाम अनेक समीप तुव, अग अग सव ठौर।

जासों तू अपनो कहै, सो भ्रमरूपी और ॥ ८ ॥

नाम राखिवे को महारंभ करै- दंभ करै,

यों न जानै दुर्गति में

बार बार कहैं मोह

मेर

याही ममता सें

बोल उठे

बढै श

जग

ब

प्रभु सेवा बस करिय, सोमवन्ती धन दिन्न ॥
कुमति प्रेम बस करिय, साधु आदर बस मानिय ।
महाराज गुणगान प्रभु समरस मनमानिय ॥
गुणनन गीत रसलौ रसिक, विद्या बल बुधि मन हरिय ।
मूरख विनोद विकथा वचन, शुभ स्वभाव जगवश करिय ॥ ३ ॥

आलस समुपद लहै, काम आतुर कलंक पद ।
लोभी भयवश लहै, असनलालची लहै गद ॥
अमत लहै निपात दुष्ट परदोष लहै तकि ।
कुमन विकलता लहै लहै संशय जु रहे चकि ॥
अपमान लहै निर्धन पुरुष, ज्वार बहु संकट सहै ।
जो कहै सहज करकश वचन, सो जग अप्रियता लहै ॥ ४ ॥

शिथिल मूल दिढ़ करै, फूल चूंटै जलसींचै ।
ऊरध डार नवाय, भूमिगत ऊरध खींचै ।
जे मलीन मुरझाहिं, टेक दे तिनहिं सुधारइ ।
कूड़ा कटक गलित पत्र, बाहिर चुन डारइ ॥
लघु वृद्धि करइ भेटै जुगल थाहि सँवारै फल भलै ।
माली समान जो नृप चतुर, सो विलसै संपति अलै ॥५॥

मूढ मसकती तपी दुष्ट मानी गृहस्थ नर ।
नरनायक आलसी, विपुल धनवंत कृपण कर ॥
धरमी दुसह स्वभाव, वेद पाठी अधरम रत ।
पराधीन शुचिवन्त, भूमिपालक निदेशहत ॥
रोगी दरिद्रपीड़ित पुरुष, वृद्ध नारि रसगृद्धचित ।
एते विडम्ब संसारमें, इन सब कहँ धिक्कार नित ॥ ६ ॥

प्रभु सेवा वश करिय, लोभवन्तहिं धन दिजय
युवति प्रेम वश करिय, साधु आदर वश आनिय
महाराज गुणकथन वधु समरस सनमानि
गुरुनमन शीस रससों रसिक, विद्या बल बुधि
मूरख विनोद विकथा वचन, शुभ स्वभाव जगवश
जाचक लघुपद लहै, काम आतुर कलंक प
लोभी अपजस लहै, अमनलालची लहै गद
उन्नत लहै निपात दुष्ट परदोष लहै त
कुमन विकलता लहै लहै संशय जु रहै चकि
अपमान लहै निर्धन पुरुष, ज्वार बहु सकट सां
जो कहै सहज करकश वचन, सो जग अप्रियता
शिथिल मूल दिढ करै, फूल चूटै जलसीं
ऊरध डार नवाय, भूमिगत ऊरध खींचै
जे मलीन मुरझाहिं, टेक दे तिनहिं सुधार
कूडा कटक गलित पत्र, बाहिर चुन डारइ
लघु वृद्धि करइ भेदै जुगल बाढ़ संवारै
माली समान जो नृप चतुर, सो विलसै सप
मूढ़ मसकती तपी, दुष्ट मानी गृहस्थ न
नरनायक आलसी, विपुल धनवत कृपण कर
धरमी दुसह स्वभाव, वेद पाठी अधरम र
पराधीन शुचिवन्त, भूमिपालक निदेशहत
रोगो दरिद्रपीड़ित पुरुष, वृद्ध नारि रसगृद्धचित
एते विडम्ब ससारमें, इन सब कहँ धिक्कार ि

अक्षतसों जिन पूजतैं अक्षय गुणपरकाश ॥ ५ ॥
नैवेद्य—परम भाव नैवेद्य विधि क्षुधाहरण तन पोष ।
जिनपद नैवेद्यसों मिटहिं क्षुधादिक दोष ॥ ६ ॥
दीपक—आपा पर देखै सकल निशिमें दीपक होत ।
दीपकसों जिन पूजतैं, निर्मलज्ञान उद्योत ॥७॥
धूप—पावक दहै सुगंधिको धूप कहावै सोय ।
खेवत धूप जिनेशको कर्म दहन तब होय ॥८॥
फल—जो जैसी करनी करै सो तैसा फल लेय ।
फल पूजा जिनदेवकी निश्चय शिवफल देय ॥९॥
अर्घ—यह जिन पूजा अष्टविधि कीजे कर शुचि अंग ।
भविपूजा व्यवहारमें दीजे अर्घ अभंग ॥१०॥

इति अष्टप्रकार जिन पूजन

अथ दशदानविधान लिख्यते

गो सुवर्ण दासी भवन, गज तुरंग परधान ।
कुलकलत्र तिल भूमि रथ ये पुनीत दशदान ॥१॥
अब इनके विवरण कहूँ भावितरूप बखानि ।
व्यवहारीति अशुभकथा जो समझै सो ज्ञानि ॥२॥

चौपाई ।

गो कहिये इन्द्री अभिधाना । बछरा कर्मंग भोग पय पाना ।
जा इसके रसमाहिं न राचा । सो समकित गोदानी साँचा ॥

भुजबलसमर्थ मडन छमा, गृहपति मडन विपुल धन ।
मडन सिद्धान्त रुचि सन्त कहँ, कायामडन लखन घन

ज्ञानवन्त हट गहै, निधन परिवार बढ़ावै ।
विधवा करै गुमान, धनी सेवक है धावै ॥
वृद्ध न समझै धर्म, नारि भर्ता अपमानै ।
पंडित क्रिया विहीन, राय दुर्बुद्धि प्रमानै ॥

कुलवत पुरुष कुलविधितजै, बंधु न मानै बधुहित ।
सन्यासधार धन संग्रहै, ए जगमें मूरख विदित ॥

इति श्रीनवरस कवित्त

अथ अष्टप्रकारजिनपूजन लिख्यते.

दोहा ।

जलधारा चन्दन पुहुप, अछत अरु नैवेद ।
दीप धूप फल अर्घयुत, जिनपूजा वसुभेद ॥१॥

जल-मलिन वस्तु उज्ज्वल करै, यह स्वभाव जलम
जलसों जिनपद पूजतें, कृतकलङ्क मिट जाहिं ॥

चन्दन-तप्तवस्तु शीतल करै, चन्दन शीतल आप ।
चन्दनसों जिन पूजतें, मिटै मोह सताप ॥ ३ ॥

पुष्प-पुष्प चापधर पुष्पशर, धारै मनमथ वीर ।
यातें पूजा पुष्पकी, हरै मदनशरपीर ॥ ४ ॥

अथ दश बोल लिख्यते

चौपाई।

जिनकी भांति कहौं समुझाई। जिनपद कहा सुनो रे भाई॥
धर्म स्वरूप कहावै ऐसा। सो जिनधर्म बखानी जैसा॥१॥
आगम कहो जिनागम सांचा। बरनौं वचन और जिन वाचा॥
मत भाषौं जिनमत समुझाऊं। ये दश बोल बनारस गाऊं॥२॥

जिन-दोहा।

सकल कर्मबंधक रहित सहित अनन्तचतुष्ट।
जोगी जोगातीत मुनि सो जिन आतम पुष्ट॥३॥

जिनपद।

विधि निषेध जानै नहीं जहँ अखंड रस पान।
विमल अवस्था जो धरै, सो जिनपद परमान॥४॥

धर्म।

कहिये वस्तु अवस्तुमें, यथा अवस्थित बोध।
जो स्वभाव जामें सधै धर्म कहावै सोध॥५॥

जिनधर्म।

पुरुष प्रमाण परंपरा वचन बीज विस्तार।
धरै धर्मकी धमकता, यह आगम की धार॥६॥

जिनआगम।

जहां द्रव्य षट तत्त्व नव, लोकालोक विचार।
विवरण करै अनंत नय सो जिन आगम सार॥७॥

कनक सुरग सु अक्षर षानी। तीनों शब्द सुवर्ण कहानी॥
ज्यों त्यागै तीनहुँकी साता। सो कहिये सुवरण को दाता॥४॥
पराधीन पररूप गरासी। यों दुर्बुद्धि कहावै दासी॥
ताकी रीति तजै जब ज्ञाता। तब दासीदातार विख्याता॥५॥
तन मन्दिर चेतन घरवासी। ज्ञान दृष्टि घट अन्तरभासी॥
समझै यह पर है गुण मेरा। मन्दिरदान होहि तिहिं वेरा॥६॥
अष्ट महामद धुरके साथी। ए कुकर्म कुदशाके हाथी॥
इनको त्याग करै जो कोई। गजदातार कहावै सोई॥७॥
मनतुरंग चढ़ ज्ञानी दौरइ। लखै तुरंग औरमैं औरइ॥
निज दृगको निजरूप गहावै। सो तुरगको दान कहावै॥८॥
अविनाशी कुलके गुण गावै। कुल कलित्र सद्बुद्धि कहावै॥
बुद्धि अतीत धारणा फैली। वहै कलत्रदान की सैली॥९॥
ब्रह्मविलास तेल खलि माया। मिश्रपिंड तिल नाम कहाया॥
पिंडरूप गहि द्विविधा मानी। द्विविधा तजै सोइ तिलदानी॥१०॥
जो व्यवहार अवस्था होई। अन्तरभूमि कहावै सोई॥
तज व्यवहार जो निश्चय मानै। भूमिदानकी विधि सो जानै॥११॥
शुकल ध्यान रथ चढ़ै सयाना। मुक्तिपन्थ को करै पयाना॥
रहै अजोग जोगसों यागी। वहै महारथ रथको त्यागी॥१२॥

ये दशदान जु मैं कहे, सो शिवशासनमूल।
ज्ञानवन्त सूक्षम गहै, मूढ़ विचारै थूल॥१३॥
ये ही हित चित जानको, ये ही अहित अजान।
रागरहित विधिसहित हित, अहित आनकी आन॥१४॥

इति दशदानविधान

मेरे आंगन बिरख लगायो बिना पवन लहकाई।
रुचि डाल बड़ पात सघनतों छाई सीतलके छाई ॥ ४ ॥
बोले सखी बात मैं समुझी कहूँ बनै अब या है।
तारे पर अम्बरपटमाफक, अद्भुत बिरछा सो है ॥ ५ ॥
ऊंची डाल चेतना उद्धत बहे पात गुन भारी।
ममता बात गात नहीं परसे लखनि छाह छव नारी ॥ ६ ॥
उदय सुभाव पाव पद चञ्चल पानै हत अम डोले।
कबहूँ घर कबहूँ घर बाहिर, सहज सरूप कलोले ॥ ७ ॥
कबहूँ मिश्र संपति भाक्षैं कबहूँ परसे माया।
जब तनको त्यौनार करै तब परी सीति पर छाया ॥ ८ ॥
तारे हिये अबद यो भावे ही सुजान वह चेरी।
कहे सखी सुन दीनदयाली बड़े हिमाची तेरी ॥ ९ ॥

दोहा

हिय आंगनमें प्रेम तरु, सुरति क्यार गुणपाल।
मगनरूप है लहलहै, बिना धनगुणकाल ॥ १० ॥
मरमभान मोख्म भयो सरस भूमि चितमाहिं।
तेरा दशा इक सम भई बढ़े सोनपर नाहिं ॥ ११ ॥

इति पदेषु।

अथ प्रश्नोत्तरदोहा लिख्यते।

प्रश्न—कौन वस्तु वपु माहिं है कहाँ आवै कहाँ जाय।

वचन ।

कहु अक्षर मुद्रा धरै, कहूं अनक्षर धार ।
मृषा सत्य अनुभय उभय, वचन चार परकार ॥८॥

जिनवचन ।

जाकी दशा निरक्षरी, महिमा अक्षर रूप ।
स्यादवादजुत सत्यमय, सो जिनवचन अनूप ॥६॥

मत ।

थापै निजमतकी क्रिया निन्दै परमत रीति ।
कुलाचारसौं बँधि रहै यह मतकी परतीति ॥१०॥

जिनमत ।

अर्हत् देव सुसाधु गुरु, दया धर्म जहँ होय ।
केवल भाषित रीति जहँ, कहिये जिनमत सोय ॥११॥

इति दशबोल

अथ पहेली लिख्यते.

कहरानामाकी चाल

कुमति सुमति दोऊ व्रजवनिता, दोउको कन्त अवाची ।
वह अजान पति मरम न जानै, यह भरतासौं राची ॥१॥
यह सुबुद्धि आपा परिपूरण, आपापर पहिचानै ।
लख लालनकी चाल चपलता, सौतसाल उर आनै ॥ २ ॥
करै विलास हास कौतूहल, अगणित संग सहेली ।
काहू समय पाय सखियनसौं, कहै पुनीत पहेली ॥ ३ ॥

समता कैसी दान कहा कहा तितिक्षा भाव ।
धीरज ज्ञान सु तप कहा, कहा सुभट विख्यात ॥ २ ॥
कहा सत्यव्रत है कहा, शौच त्याग मन शुद्ध ।
कहा इन्द्रिया भक्ति कहा, कहा दया सदबुद्ध ॥ ३ ॥
कहा लाभ विद्या कहा लज्जा लक्ष्मी गूढ़ ।
सुख अरु दुख दोऊ कहा, को पंडित को मूढ़ ॥ ४ ॥
पंथ कुपथ क्यों कहा, स्वर्ग नरक कितौन ।
को बंधव अरु गृह कहा धनी दरिद्री कौन ॥ ५ ॥
कौन पुरुष कहिये कृपण, को ईश्वर जग माहिं ।
ये सब प्रश्न विचार मन कही मधुप हरिपाहिं ॥ ६ ॥
नारायण उत्तर कहैं सुनु उद्धव मम बात ।
बारह यम बारह नियम कहूं तोहि समुझाय ॥ ७ ॥
दया सत्य थिरता क्षमा अभय अचौर्य सुमौन ।
लाज असंग्रह आस्तिकत्व, संग त्याग तियगौन ॥ ८ ॥
हरि पूजा संतोष गुरु, भक्ति होम उपकार ।
जप तप तीरथ त्रिविधि शुचि श्रद्धा अतिथि अहार ॥९॥

सोरठा ।

कहे भेद चौबीस भिन्न २ यम नियमके ।
रहे प्रश्न चौबीस, तिनके उत्तर अब सुनहु ॥ १० ॥
समता नाम सुधारस पीजे । यम इन्द्रियनको निग्रह कीजे ॥
सन्मुखसहन तितिक्षा धीरज । रसना मदन जीतबो धीरज ॥ ११ ॥
दान अभय कहुँ दंड न दीजे । तप कामनानिरोध कहीजे ॥
अन्तरविभ्रमसूरता सांची । सत्यसम दरसन निरबाची ॥ १२ ॥

उत्तर—चिदानंद वपुमांहि है, भ्रममहिं आवै जाय।
ज्ञान प्रकट आपा लखैं, आपमांहिं ठहराय ॥ २ ॥
प्रश्न—जाको खोजत जगत जन, कर कर नानाभेष।
ताहि बतावहु, है कहाँ, जाको नाम अलेप ॥ ३ ॥
उत्तर—जग शोधत कछु औरको, यह तो और न होय।
यह अलेख निरभेप मुनि, खोजन हारा सोय ॥ ४ ॥
प्रश्न—उपजै विनसै थिररहै, वह अविनाशी नाम।
भेदी तुम भारी भला!, मोहि बताचहु ठाम ॥ ५ ॥
उत्तर—उपजै विनसै रूप जड़, वह चिद्रूप अखंड।
जोग जुगति जगमें लसै, बसै पिण्ड ब्रह्मंड ॥ ६ ।
प्रश्न—शब्द अगोचर वस्तु है, कछु कहौं अनुमान।
जैसी गुरु आगम कही, तैसी कहो सुजान ॥ ७ ॥
उत्तर—शब्द अगोचर कहत हैं, शब्दमाहिं पुनि सोय।
स्याद्वाद शैली अगम, विरला बूझै कोय ॥ ८ ॥
प्रश्न—वह अरूप है रूपमें, दुरिकै कियो दुराव।
जैसें पावक काठमें, प्रगटे होत लखाव ॥ ९ ॥
उत्तर—हुतो प्रगट फिर गुपतमय, यह तो ऐसो नाहिं।
है अनादि ज्यों खानिमें, कंचन पाहनमाहिं ॥ १० ॥
इति प्रश्नोत्तर दोहा।

अथ प्रश्नोत्तरमाला लिख्यते।

नमत शीस गोविन्दसों, उद्धव पूछत एम।
कै विधि यम कै विधि नियम, कहो यथावत जेम ॥ १ ॥

समता कैसी रन कहा, कहा तितिक्षा भाव ।
धीरज दान सु तप कहा, कहा सुभट विवसाय ॥ २ ॥
कहा सत्यरति है कहा सौच त्याग धन शुद्ध ।
कम दरिद्रता बलि कहा, कहा दया स्वर्गसिद्ध ॥ ३ ॥
कहा काम विधा कहा लज्जा अकसी गूढ़ ।
सुख अरु दुख दोऊ कहा, को पंडित को मूढ़ ॥ ४ ॥
पंथ कुपंथ कहो कहा, स्वर्ग नरक निर्वीम ।
को बंधव अरु गृह कहा धनी दरिद्री कौन ॥ ५ ॥
कौन पुरुष कहिये कृपण, को ईश्वर जग मांहि ।
ये सब प्रश्न विचार मन कही मधुप हरिपांहि ॥ ६ ॥
नारायण उत्तर कहै सुन उद्धव मन लाय ।
अन्तरा यम अन्तरा नियम कहूं तोहि समुझाय ॥ ७ ॥
दया सत्य विरता क्षमा अभय अचौर्य सुसील ।
ज्ञान असंग्रह आस्तिकत, संग त्याग विपरीत ॥ ८ ॥
हरि पूजा संतोष गुरु भक्ति होम उपकार ।
जप तप तीरथ त्रिविधि शुचि श्रद्धा अतिथि अहार ॥९॥

सोरठा ।

कहे भेद चौबीस भिन्न २ यम नियमके ।
रहे प्रश्न चौबीस तिनके उत्तर अब सुनहु ॥ १ ॥
समता ज्ञान सुधारस पीजे । पथ इन्द्रियनको निग्रह कीजे ॥
सहजसहन तितिक्षा धीरज । रसना मदन जीतबो धीरज ॥ ११ ॥
दान अभय कहँ दंड न दीजे । तप कामनानिरोध कहीजे ॥
अन्तरविषयसूरता सांची । सत्यवचन पर्यीम निरवाची ॥ १२ ॥

रतु अनक्षरी ध्वनि जहँ होई । करम अभाव शौचविध सोई ॥
त्याग परम सन्यास विधाना । परम धरम धन इष्ट निधाना ॥१३॥

ध्रुव धारणा यज्ञकी करनी । हित उपदेश दक्षिणा वरनी ॥
प्राणायाम बोधवल अक्षा । दया अशेष जन्तुकी रक्षा ॥ १४ ॥

लाभ भावशुभगतिपरकाशा । विद्या सो जु अविद्यानाशा ॥
लाज कुकर्म गिलानि कहावै । लक्ष्मी नाम निराशा पावै ॥ १५ ॥

सुखदुखत्यागबुद्धि सुखरेखा । दुख विपयारस भोगविशेखा ॥
पंडित बंध मोक्ष जो जानै । मूरख देहादिक निज मानै ॥ १६ ॥

मारग श्रीगुरु आगम भाषा । उतपथ कुधी कुमन अभिलाषा ॥
सुकृतिवासना स्वर्गविलासा । दुरित उछाह नर्क गतिवासा ॥ १७ ॥

बंधव हितू स्वर्ग सुख दाता । गृह मानुपी शरीर विख्याता ॥
धनी सो जु गुणरत्नभंडारी । सदा दरिद्री तृष्णाधारी ॥ १८ ॥

कृपण सो जु विषयारसलोभी । ईश्वर त्रिगुणातीत अक्षोभी ॥
बहुत कहा लगि कहौं विचक्षण । गुण अरु दोष दोहुके लक्षण ॥१९॥

दोहा ।

दृष्टि सुगुन अरु दोषकी, दोष कहावै सोय ।
गुण अरु दोष जहा नहीं, तहा गुन परगट होय ॥ २० ॥
इति प्रश्नोत्तरमालिका, उद्धवहरिसवाद ।
भाषा कहत "बनारसी" 'भानु' सुगुरुपरसाद ॥ २१ ॥

इति प्रश्नोत्तरमालिका ।

अथ अवस्थाष्टक लिख्यते ।

दोहा ।

चेतनरूप निश्चनय सबै जीव इकसार ।
मूढ़ विचक्षण परमसों त्रिविधि रूप व्यवहार ॥ १ ॥

मूढ़ आतमा एक विधि त्रिविधि विचक्षण जान ।
द्विविधि मान परमातमा षट्विधि जीव बखान ॥ २ ॥

विधि निषेध जाने नहीं हित अनहित नहीं सूझ ।
विषयमगन तन लीनता, यहै मूढ़की बूझ ॥ ३ ॥

जो जिनभाषित सरदहै, भ्रम संशय सब खोय ।
समकितवंत असंजमी अधम विचक्षण होय ॥ ४ ॥

वैरागी त्यागी दमी स्वपर विवेकी होय ।
देशसंजमी संजमी मध्यम पंडित होय ॥ ५ ॥

अप्रमाद गुणथानसों, क्षीणमोहलों और ।
श्रेणिधारा जो धरै, सो पंडित सिरमौर ॥ ६ ॥

जो केवल पद आचरै चहि सयोगिगुणथान ।
सो जंगम परमातमा भववासी भगवान ॥ ७ ॥

सिद्धिपदमें सकलपद मगन ज्यों जलमें जल गुण ।
सो अविचल परमातमा, निराकार निरगुण ॥ ८ ॥

इति अवस्थाष्टक ।

अथ षट्दर्शनाष्टक लिख्यते.

शिवमत बौद्ध रु वेदमत, नैयायिक मतदक्ष ।
मीमासकमत जैनमत, षटदर्शन परतक्ष ॥ १ ॥

शैवमत ।

देव रुद्र जोगी सुगुरु, आगम शिवमुख भाख ।
गनै कालपरणति धरम, यह शिवमतकी साख ॥ २ ॥

बौद्धमत ।

देव बुद्ध गुरु पाखड़ी, जगत वस्तु छिन औध ।
शून्यवाद आगम भजै, चारवाक मत बौध ॥ ३ ॥

वेदान्तमत ।

देव ब्रह्म अद्वैत जग, गुरु वैरागी भेष ।
वेद ग्रन्थ निश्चय धरम, मत वेदान्तविशेष ॥ ४ ॥

न्यायमत ।

देव जगतकरता पुरुष, गुरु सन्यासी होय ।
न्याय ग्रन्थ उद्यम धरम, नैयायिक मत सोय ॥ ५ ॥

मीमासकमत ।

देव अलख दरवेश गुरु, मानै कर्म गिरथ ।
धर्म पूर्वकृतफलउदय, यह मीमासक पथ ॥ ६ ॥

जैनमत ।

देव तीर्थंकर गुरु यती, आगम केवलि नैन ।
धर्म अनन्त नयातमक, जो जानै सो जैन ॥ ७ ॥

ए अष्टमद हे भेदसों मये ब्रूट कछु और ।
मतिपोड़स पाखंडसों दशा कथानये और ॥ ८ ॥

इति परदर्शनाष्टक

अथ चातुर्वर्ण्य लिख्यते

जो निश्चय मारग गहै रहै ब्रह्म गुणलीन ।
ब्रह्मदृष्टि सुख अनुभवै सो 'ब्राह्मण' परवीन ॥ १ ॥
जो निश्चय गुण जानके, करै शुद्ध व्यवहार ।
जीतै सेना मोहकी सो 'क्षत्री' भुजभार ॥ २ ॥
जा जानै व्यवहार नय दृढ़ व्यवहारी होय ।
शुभ करणीसों रम रहै, 'वैश्य' कहावै सोय ॥ ३ ॥
जो मिथ्यामत आदरै रागद्वेषकी खान ।
विनविवेक करणी करै शूद्रवर्ण सो जान ॥ ४ ॥
चार भेद करतूतिसों ऊंच नीच कुलनाम ।
और वर्णसंकर सबै जे मिश्रित परिणाम ॥ ५ ॥

इति चातुर्वर्ण ।

अथ अजितनाथजी के छंद

गोवमगणधरपय नमो सुमरि सुगुरु 'रविचन्द' ।
सरसुति देवि प्रसादकरि, गाऊं अजित जिनन्द ॥ १ ॥

छन्द.

श्री अवध्यापुर देश सुहायाजी।
राजै तहं जितशत्रू रायाजी॥
राया सुधर्म निधान सुन्दर, देवि विजया तसु घरै।
तसु उदर विजय विमान सुरवर, स्वप्न सूचित अवतरै॥
तब जन्म उत्सव करहिं वासव, मधुर धुनि गावहिं सुरी।
आनन्द त्रिभुवन जन 'बनारसि' धन्य श्रीअवध्यापुरी॥ २॥

महियल राजिद्द अजित जिनदाजी।
गज वर लच्छन निर्मल चंदाजी॥
चन्दा उदित इक्ष्वाक वंशहि, कुमति तिमर विनासिये।
सय साठ चार सुचाप परिमित, देह कंचन भासिये॥
दिढ़ पालिराज सु गहिय संजम मुकति पथ रथ साजियो।
उत्पन्न केवल सुख "बनारसि" अजित महियल राजियो॥ ३॥

गढ योजनमहि रचें सुदेवाजी।
अष्ट प्रतीहार करहिं सु सेवाजी॥
सेवहिं अशोक प्रसून वरसत, दिव्यधुनि तहं गाजहीं।
चामर सिंहासन प्रभामण्डल छत्र तीन विराजहीं॥
नवदेव दुंदभि सभा बारह, चौतिसौं अतिशय सही।
सुर असुर किन्नरगण 'बनारसि' रचित गढ़ योजन मही॥ ४॥

लक्ष बहत्तरि पूरब आया जी।
भोग सु जिनवर शिवपद पायाजी॥
शिवपद विनायक सिद्धि दायक, कर्म महारिपु भंजनो।
वरणे शिखैराबाद मंडन, भविक जनमनरंजनो॥

सोलैसै सत्तर समय फागुन, मास सितपक्ष बारसी।
विनवत गुरु पद जोर सेवक, सिरीमाल 'बनारसि' ॥ ५ ॥

इति श्रीजिनविलास के छन्द.

अथ शान्तिनाथजिनस्तुति

वासीमरकार राग के चरचरी ढाल।

सहि एरी! दिन आज सुहाया मुझ भाया आया नहिं घरे।
सहि एरी! मन उदधि अनन्दा सुख, कन्दा चन्दा देह धरे ॥
चन्द जिवां मेरा वल्लभ सोहै नैन चकोरहिं सुक्ख करे।
जगज्योति सुहाई कीरतिछाई बहु दुख तिमिरवितान हरे ॥
सहु कालविनानी अमृतवानी अरु मृगका लांछन कहिए।
श्रीशान्ति जिनेशनरोत्तमको प्रभु आज मिला मेरी सहिए! ॥१॥
सहि एरी! तू परम सयानी सुघराणी रानी राजप्रिया।
सहि एरी! तू अति सुकुमारी वरनारी प्यारी प्राणप्रिया ॥
प्राणप्रिया लखि रूप अचंभा रति रंभा मन लाज रही।
अम्बलोल कुरंग कौंच करि केसरि ये सरि तोहि न होहि कही ॥
अनुराग सुहाग भाग गुण आगरि, नागरि पुन्यहिं लहिये।
जिहिं का तुम कन्त नरोत्तमका प्रभु धन्य सयानी सहिये! ॥२॥

दोहा।

विश्वसेन कुलकमलरवि अचिरा उर अवतार।
धनुष दु चालिस कनकतन वन्दहुँ शान्ति कुमार ॥३॥

त्रिभंगी छन्द (१०, ८, ८, ६)

गजपुर अवतारं, शान्ति कुमारं, शिवदातारं, सुखकारं ।
निरुपम आकारं, रुचिराचारं, जगदाधारं, जितमारं ॥
कृतअरिसंहारं, महिमापारं, विगतविकारं, जगसारं ।
परहित संसारं, गुणविस्तारं, जगनिस्तारं, शिवधारं ॥ ४ ॥

सकल सुरेश नरेश अरु, किन्नरेश नागेश ।
तिनिगणवन्दित चरणजुग, वन्दहु शान्ति जिनेश ॥ ५ ॥

श्रीशान्तिजिनेशं जगतमहेशं, विगतकलेशं भद्रेशं ।
भविकमलदिनेशं, मतिमहिशेशं, मदनमहेशं, परमेशं ॥
जनकुमुदनिशेशं, रुचिरादेशं, धर्मधरेशं चक्रेशं ।
भवजलपोतेशं, महिमनगेशं, निरुपमवेशं, तीर्थेशं ॥ ६ ॥

करत अमरनरमधुप जसु, वचन सुधारसपान ।
वन्दहु शान्तिजिनेशवर, वदन निशेश समान ॥ ७ ॥

वररूप अमानं, अरितमभानं, निरुपमज्ञानं, गतमानं ।
गुणनिकरस्थानं मुक्तिवितानं लोकनिदानं, सध्यानं ॥
भवतारनयानं कृपानिधानं, जगतप्रधानं, मतिमानं ।
प्रगटितकल्यानं, वरमहिमानं, शिवपददानं, मृगजानं ॥८॥

भवसागर भयभीत बहु, भक्तलोकप्रतिपाल ।
बन्दहु शान्ति जिनाधिपति, कुगतिलताकरवाल ॥ ६ ॥

भजितभवजालं, जितकलिकालं, कीर्तिविशालं, जनपालं ।
गतिविजितमरालं, अरिकुलकालं, वचनरसालं, वरभालं ॥
मुनिजलजमृणालं, भवभयशालं, शिवउरमालं, सुकुमालं ।

मथितस्मरमानं, त्रिभुवनपानं नयनविशालं गुणमालं ॥ १० ॥

छप्पय ।

हीर हिमाचल हंस, कुन्द शारदभ निशाकर ।
कीर्तिकम्बुविस्तार सार गुणगणरत्नाकर ॥
दुःकृति संतति नाश धर्मविधि विधिविदारण ।
मानमतंगजसिंह, मोहवनदहन सुधारण ॥
श्रीशान्तिदेव जय जिनमदन 'बनारसि' वन्दत चरण ।
भवतापहारिहिमकर परम शान्तिदेव जय शिवकरण ॥ ११ ॥

इति श्रीशान्तिनाथ जिनस्तुति

अथ नवसेनाविधान लिख्यते

वेसरी छन्द

प्रथमहिं पत्ति जघन्य दल जैन । तासों त्रिगुण कहावै सेन ॥
सेन त्रिगुण सेनामुख ठीक । सेनामुखसों त्रिगुण अनीक ॥ १ ॥
तीमे त्रिगुण वाहिनी सोइ । वाहनि त्रिगुण चमूदल होइ ॥
त्रिगुण वरूथनि दल परचंड । तासों त्रिगुण कहावै दंड ॥ २ ॥

दोहा ।

दंड कटक चतुरंग करहु सब अक्षौहिणी जान ।
इकगज रथ पायक सहित ये सब कटक बखान ॥ ३ ॥

पत्ति ।

एक मतंगज एक रथ तीन तुरंग प्रमान ।
सुभट पंच पायक सहित पत्ति कटक परवान ॥ ४ ॥

सेना। चौपाई.

नव तुरग रथ तीन सुभायक। हस्ती तीन पचदश पायक।
बल चतुरग और नहिं लेन। यह परवान कहावै सेन ॥ ५ ॥

सेनामुख।

सत्ताइस घौडे नव हाथी। पैंतालिस पायकनर साथी।
नवरथ सहित कटक जो होई। दल सेनामुख कहिये साई ॥ ६ ॥

अनीकनी।

मत्त मतग सात अरु बीस। पवन वेग रथ सत्ताईस।
अनुग एकसौ पैंतस ठीक। हय इक्यासी सहित अनीक ॥ ७ ॥

बाहिनी। आभानक छन्द।

इक्यासी गजराज घोरघन गाजने।
इक्यासी परमान महारथ राजने ॥
तीन अधिक चालीस तुरगम दोयसो।
अनुग चारसौपंच बाहिनी होय सो ॥ ८ ॥

चमू। गीता छन्द।

गज दोयसैतेताल रथवर, दोयसौ तेताल।
है सातसो उन्तीस परमित, जातिवन्त रसाल ॥
जहँ सुभट बारह सौ सुपायक, अधिक दश अरु पच।
सो चमूदल चतुरग शोभित, सहित नर तिरजच ॥ ९ ॥

बिरूथिनी।

रथ सातसै उनतीस कुअर, सातसै उनतीस।
हय एक विंशति सै सतासी, चपल उन्नत सीस ॥
छत्तीससौ बलवत पायक, अधिक पैंतालीस।
सो है बरूथनि कटक दुद्धर, चटक सुन्दर दीस ॥ १० ॥

छन्द-रोला।

कुंजर दोय हजार एक सौ असी सात गनि।
जेते गज तेते प्रमान रथराज रहे बनि॥
नवसौ पैंतिस दसहजार पायक मर्यद बल।
पैंसठसै इकसठ तुरंग यह दंड नाम दल॥११॥

अक्षौहिणी-छप्पय।

गज इकईस हजार, आठ सौ सत्तर आजहिं।
रथ इकईस हजार, आठ सौ सत्तर सजहिं॥
एक लाख अरु नवहजार नर सुभट सुभायक।
तिस ऊपर तीनसौ अधिक पंचास सुपायक।
सोलह तुरंग पैंसठ सहस
छसौ अधिक और लिय।
इहिविधि अभंग चतुरंग दल,
अक्षौहिणी प्रमाण किय॥१२॥

इति नवसेना विधान

❁

अथ नाटक समयसारसिद्धान्त के पाठान्तर कलशोंका भाषानुवाद

मनहर ।

प्रथम अज्ञानी जीव कहै मैं सदीव एक,
दूसरो न और मैं ही करता करम को ।
अन्तर विवेक आयो आपापर भेद पायो,
भयो बोध गयो मिट भारत भरम को ॥
भासे छह द्रव्यनके गुण परजाय सब,
नाशे दुख लख्यो मुख पूरण परमको ।
करमको करतार मान्यो पुद्गल पिंड,
आप करतार भयो आतम धरमको ॥ १ ॥

दोहा ।

जीव चेतना सजुगत, सदाकाल सब ठौर ।
तातैं चेतनभावको, कर्ता जीव न और ॥ २ ॥

गीतिका

जे पूर्वकर्म्मउदयविषयरस,
भोगमगन सदा रहैं ।
आगम विषयसुख भोग वाञ्छहि,
ते न पचमगति लहैं ॥

अथ प्रास्ताविक फुटकर कविता लिख्यते.

मनहर ।

पूरव कि पश्चिम हो उत्तर कि दक्षिण हो,
दिशि हो कि विदिशा कहहु तहा धाइये ।
पढ़िये पढ़ाइये कि गढ़िये गढ़ाइये कि,
नाचिये नचाइये कि गाइये गवाइये ॥
न्हाये विन खाइये कि न्हायकर खाइये कि,
खाय कर न्हाइये कि न्हाइये न खाइये ।
जोग कीजे भोग कीजे दान दीजे छीन लीजे,
जिहि विधि जाने जाहु सो विधि वताइये ॥१॥

दिशि औ विदिशि दोऊ जगत की मरजाद,
पढ़िये शवद गढ़िये सु जड़ साज है ।
नाचिये सुचित्त चपलाय गाइये सुधुनि,
न्हाइये सुजन शुचि खाइये सुनाज है ॥
परको सजोग सुतो योग विषै स्वाद भोग,
दीजे लीजे मायासो तो भरम को काज है ।

चौरीके करनहार द्दारोके अशरमी ॥
मास के भखैया सुरापान के चखैया,
परवधूके लखैया जिनके हिये न नरमी ।
रोषके गहैया परदापके कहैया येते,
पापी नर नीच निरदै महा अधरमी ॥ ५ ॥

मत्तगयन्द ।

सम्यक ज्ञान नहीं उर अन्तर, कीरतिकारण भेष बनावें ।
भौन तजें वनवास गहें सुख, मौन रहें तपसों तन जावें ॥
जोग अजोग कछू न विचारत मूरख लोगन को भरमावें ।
फैल करें वहु जैन कथा कहि, बैन विना नर जैन कहावें ॥ ६ ॥

धीरज तात क्षमा जननी, परमारथ मीत महारुचि मासी ।
ज्ञान सुपुत्र सुता करुणा, मति पुत्रवधू समता अतिभासी ॥
उद्यम दास विवेक सहोदर, बुद्धि कलत्र शुभोदय दासी ।
भाव कुटुम्ब सदा जिनके ढिग, यों मुनिको कहिये गृहवासी ॥ ७ ॥

मनहर ।

मानुष जनम लह्यो सम्यक दरश गह्यो,
अजहूँ विषै विलास त्याग मन बावरे ।
सपति विपति आये हरष विषाद छोड़,
ताही ओर पीठ ओढ जैसी बहै बावरे ॥
भौथिति निकट आई समता सुथाह पाई,
गयो है निघटि जल मिथ्यात डुबावरे ।
टूटैगो करम फाम छूटैगो जगत वास,

मुक्ताको स्वामी चन्द्र मूंगानाथ महीनन्द,
गोमेदक राजा राहु लीलापति शनी है।
केतु लहसुनी पुखराज राग देव गुरु,
पन्नाको अधिप बुध शुक्र हीरा धनी है॥
याही क्रम पीछे घेर दच्छिनावरत फेर,
माणिक सूरेरवीच प्रभु तिन मनी है।
आठों दल आठ ओर, करणिका मध्य ठोर
कौनकैसे रूप नौ ग्रही अनूप बनी है॥ ११॥

बालक दशाकी मरजाद दश जाम लौं,
बीस लौं बढ़ति तीसलौं सुबुद्धि रही है॥
चालीस लौं चतुराई पंचास लौं बलताई,
साठ लग लोचनकी दृष्टि लहलही है॥
सत्तर लौं श्रवन असी लौं पुरुषत्व निन्या-
नवे लग इन्द्रिनकी सकति उमही है।
सौलों चित चेत एक सौ दशोत्तरलौं आउ,
मानुष जनम ताकी पूरी थिति कही है॥ १२॥

चौदह विद्याओंके नाम यथा—

छप्पय।

ब्रह्मज्ञान चातुर्यवान विद्या हय वाहन।
परम धरम उपदेश, बाहुबल जल अवगाहन॥
सिद्ध रसायन करन, साधि सुरमधुर गावन।
वर संगीत प्रमान, नृत्य वादित्र बजावन॥

व्याकरण पाठ मुख वेद पुनि, ज्योतिष चक्र विचारचित।
वैद्यक विधान परवीनता, इति विद्या दशचार मित ॥ १४ ॥

छत्तीस पौन (जाति) के नाम कवित्त

शोखगर दरजी तंबोली रंगवाल ग्वाल
बढ़ई संगतरास तेली धोबी धुनियाँ।
कंदोई कहार काछी कुलाल कलाल माली,
कुन्दीगर कागदी किसान पटबुनियाँ ॥
चितेरा बंधेरा बारी लखेरा ठठेरा राज,
पटुवा छप्परबंध नाई भारभुनियाँ।
सुनार लोहार सिकलीगर हवाईगर
धीवर चमार एही छत्तीस पउनियाँ ॥ १५ ॥

एक सौ अड़तालीस प्रकृति
वस्तु छन्द

सप्तप्रकृति सप्तप्रकृति तुरीय गुण थान।
तह तीन मनुष्यायुमई नवठाण छत्तीस जानहु।
दशमैं पुनि इक लोभ बारमैं सोलह खिपानहु।
बहत्तर तेरम नसै तेरह चौदम पवि।
एम तैहि अड़ताल सौ होय सिद्ध तोषैषि ॥ १६ ॥

छप्पय।

एक ज्ञान दुइ नीरि तीन रस चार न भासहु।
पंच जीव षटपक्ष धाव सम अष्ट निभासहु ॥
नव समारि दश बारि ग्य रमहि बारह भाषहु।

तेरह तिर चौदहँ चढ़त, पन्द्रह विलगावहु ॥
सोलहन मेटि सत्रह भजहु, अट्ठारह कहँ करहु छय ।
सम गणि उनीस वीसहिं विरचि, 'बानारसि' आनंद मय ॥१७॥

तात्पर्य—दोहा ।

शुद्ध आतमा एक जिन, राग द्वेष द्वय बंध ।
तीन शुद्ध ज्ञानादि गुण, चारों विकथा धंध ॥ १८ ॥
प्रबल पच इन्द्री सुभट, षट विधि जीवनिकाय ।
जुआ आदि सातों व्यसन, अष्टकर्म समुदाय ॥ १९ ॥
ब्रह्मचर्य्य की बाड़ि नव, दश मुनिधर्मविचार ।
ग्यारह प्रतिमा श्रावकी, बारह भावन सार ॥ २० ॥
तेरह थानक जीव के, चौदह गुण ठानाइ ।
पन्द्रह जोग शरीर के, सोलह भेद कहाइ ॥ २१ ॥
सत्रह विधि संयम सही, जीव समास उनीस ।
दोष अठारह जान सब, पुद्गलके गुण वीस ॥ २२ ॥

इति प्रस्ताविक फुटकर कविता.

अथ गोरखनाथ के वचन

चौपाई ।

जो भग देख भामिनी मानै । लिङ्ग देख जो पुरुष प्रमानै ॥
जो बिन चिह्न नपुंसक जोवा । कह गोरख तीनों घर खोवा ॥१॥
जो घर त्याग कहावे जोगी । घरवासीको कहै जु भोगी ।
अन्तरभाव न परखै जोई । गोरख [illegible] मूरख सोई ॥ २ ॥

ह मध्यहि को ज्ञान बखाने । पवन साध परमारथ मानै ।
रम तत्त्व के होहिं न मरमी । कह गोरख सो महा अधर्मी ॥३॥
गया जोर कहै मैं ठाकुर । माया गये कहावे चाकर ।
तपा त्याग होय जो कामी । कह गोरख तीनों अज्ञानी ॥ ४ ॥
कोमल पिंड कहावे चेला । कठिन पिंडसों ठेला पेला ।
मूना पिंड कहावे पूरा । कह गोरख ए तीनों मूरा ॥ ५ ॥
येन परिचय को वस्तु विचारे । ध्यान अग्नि चिन्तन परजारे ।
ज्ञानमगन चित रहै अबोला । कह गोरख सो बाबा मोला ॥ ६ ॥
पुनरे बाबा चुनियाँ मुनियाँ । उलट भेषसों उलटी दुनियाँ ।
सतगुरु कहै सहजका पंथा । वाद विवाद करै सो अंधा ॥ ७ ॥

इति गोरखनाथ के वचन

अथ वैद्य आदि के भेद

वैद्यलक्षण

कर्म रोगकी प्रकृती पावे । यथायोग्य औषधि फरमावे ।
दरद आदिअन्तकी गति जानै । सो सुवैद्य मेरे मन मानै ॥ १ ॥

ज्योतिषीलक्षण

नवरस रूप मिलन पहिचानै । वारह रासि मावना मानै ॥
सहज संजमयत साधे सोई । ज्योतिषराज ज्योतिषी सोई ॥ २ ॥

वैष्णवलक्षण दोहा ।

विरहक योग भक्ता विरति मति सुद्ध शुचि आप ।
इन लक्षणसों वैष्णव समुझै हरि परताप ॥ १ ॥

जो हरि घट में हरि लखै, हरि बाना हरि बोइ।
हरि छिन हरि सुमरन करै, विमल वैष्णव सोइ ॥ ४ ॥

मुसलमानलक्षण

जो मन मूसै आपनो, साहिब के रुख होय।
ज्ञान मुसल्ला गह टिकै, मुसलमान है सोय ॥ ५ ॥

गब्बर लक्षण

जो मन लावे भरमसों, परम प्राप्ति कहँ खोय।
जहँ विवेकको घर गयो, गबर कहावै सोय ॥ ६ ॥

एक रूप 'हिन्दू तुरुक' दूजी दशा न कोय।
मनकी द्विविधा मानकर, भये एकसों दोय ॥ ७ ॥
दोऊँ भूले भरम में, करें वचनकी टेक।
'राम राम' हिन्दू कहैं, तुर्क 'सलामालेक' ॥ ८ ॥
इनके पुस्तक बाचिये, वेहू पढ़ें कितेब।
एक वस्तु के नाम द्वय, जैसे 'शोभा' 'जेब' ॥ ९ ॥
तिनको द्विविधा-जे लखें, रंग बिरंगी चाम।
मेरे नैनन देखिये, घट घट अन्तर राम ॥ १० ॥
यहै गुप्त यह है प्रगट, यह बाहिर यह माहिं।
जब लग यह कछु ह्वै रहा, तब लग यह कछु नाहिं ॥११॥
ब्रह्मज्ञान आकाश में, उड़हिं सुमति खग होय।
यथाशक्ति उद्यम करहिं, पार न पावहिं कोय ॥ १२ ॥
गई वस्तु सोचै नहीं, आगम चिंता नाहिं।
वर्त्तमान वरतै सदा, सो ज्ञाता जगमाहिं ॥ १३ ॥

जो जिससे सुख संपदा, गये ताहि दुख होय।

जो धरती बहु तृणवती जरै अग्निसों सोय ॥ १४ ॥

धन पाये मन हरस है, गये करै चित शोक।

मोहन कर केहरि लखै, बरखनि केसो बोक ॥ १५ ॥

माया छाया एक है, घटै बढ़ै छिनमाहि।

इनकी संगति जे लगैं तिनहिं कहीं सुख नाहिं ॥ १६ ॥

जे मायासों राचिके मनमें राखहिं बोझ।

कै तो तिनसों कर' मलो कै बंगलको 'रोम ॥ ७ ॥

इस माया के कारणै जेर कटावहिं सीस।

ते मूरख क्यों कर सकैं, हरिभक्तनकी रीस ॥ १८ ॥

काम मूल सब पापको, दुखको मूल सनेह।

मूल अजीरण व्याधिको मरणमूल यह देह ॥ १९ ॥

जैसी मति तैसी दशा, तैसी गति तिह पाहिं।

पशु मूरख भूपर चलहिं, खग पण्डित नभमाहिं ॥ २० ॥

सम्यक्तकी सुक्रिया, करै न अपने परन।

पूरब कर्म उदोत है रस है नाहिं अमरत्व ॥ २१ ॥

जो महंत है ज्ञानबिन फिरे फुलाये गाल।

आप मत्त औरन करै सो कलिमाहिं कलाल ॥ २२ ॥

ज्यों पावक बिन मणि सरै करै यदपि पुर दाह।

त्यों अपराधी मित्रकी होय सजनको चाह ॥ २३ ॥

कर्ता जीव शरीर है, करै कर्म स्वयमेव।

यह तन कृत्रिम देहरा, तामें चेतन देव ॥ २४ ॥

केवलज्ञानी कर्मको, नहिं कर्त्ता विन प्रेम।
देह अकृत्रिम देहरा, देव निरंजन एम ॥ २५ ॥

भूमि यान धन धान्य गृह, भाजन कुप्य अपार।
शयनासन चौपद द्विपद, परिग्रह दश परकार ॥ २६ ॥

खान पान परिधान पट, निद्रा मूत्र पुरीस।
ये षट कर्म सबहिं करे, राजा रंक सरीस ॥ २७ ॥

रुचित वसन सुरुचित असन, सलिल पान सुख सैन।
बड़ी नीति लघुनीतिसों, होय सबनको चैन ॥ २८ ॥

चतुर्दश नियम

भिगै दरब तबोल पट, शील सचित्त स्नान।
दिशि अहार पान रु पुहुप, सयन विलेपन यान ॥ २६ ॥
शीलवन्त मडै न तन, अधि पद गहै न संत।
पिताजात न हनें पिता, सती न मारहि कत ॥ ३० ॥
कामी तन मंडन करै, दुष्ट गहै अधिकार।
जारजात मारहि पिता, असति हनें भरतार ॥ ३१ ॥
ज्ञानहीन करणी करै, यों निजमन आमोद।
ज्यों छेरी निज खुरहितें, छुरी निकासै खोद ॥ ३२ ॥
राजऋद्धि सुख भोगवें, ऐसे मूढ अजान।
महा सन्निपाती करहि, जैसें शरवत पान ॥ ३३ ॥
जहँ आपा तहँ आपदा, जहँ संशय तहँ सोग।
सतगुरु विन भागें नहीं, दोऊ जालिम रोग ॥ ३४ ॥
जे आशाके दास ते, पुरुष जगत के दास।

माया दासी नाथ की, जगत दास है तास ॥ ३५ ॥
संसारी व्यवहार सब, धरै रोक पर प्यार।
ज्ञानी रोक न आदरै, करै परम व्यवहार ॥ ३६ ॥
कारण कारज ना लखै, भेद अभेद न जान।
वस्तुरूप समुझै नहीं सो मूरख परधान ॥ ३७ ॥
देव धर्म गुरु ग्रन्थ मत, रत्न जगतमें चार।
सांचे लीजे परखके, झूठे दीजे डार ॥ ३८ ॥
अष्टादशदूषणरहित, देव सुगुरु निर्ग्रंथ।
धर्म दया पूरणअपर,—मतअविरोधि सुग्रन्थ ॥ ३९ ॥
मुनिकी वाणी जैनकी, जैन धरै मन ठीक।
जैनधर्म बिन जीवकी, जै न होय तहकीक ॥ ४० ॥
उपजै उर सम्यक्ता दृग दुष्टता न होय।
मिटै मोहभ्रमदुष्टता सहज शुद्धता सोय ॥ ४१ ॥

इति [illegible] कविता

अथ परमार्थवचनिका लिख्यते।

एक जीवद्रव्य ताके अनंत गुण अनन्त पर्याय एक एक गुणके असंख्यात प्रदेश एक एक प्रदेशनिविषे अनन्त कर्मवर्गणा, एक एक कर्मवर्गणाविषे अनन्त अनन्त पुद्गल परमाणु, एक एक पुद्गल परमाणु अनन्त गुण अनंत पर्यायसहित विराजमान. यह एक संसारावस्थित जीव पिंडकी अवस्था याहीभांति अनन्त जीवद्रव्य सपिंडरूप जानने एकजीव द्रव्य

अनत अनत पुद्गलद्रव्यकरि सयोगित (सयुक्त) मानने। ताको व्यौरौ,—

अन्य अन्यरूप जीवद्रव्यकी परनति, अन्य अन्यरूप पुद्गलद्रव्यकी परनति ताको व्यौरौ—

एक जीवद्रव्य जा भातिकी अवस्थालिये नानाकाररूप परिनमैं सो भाति अन्य जीवसों मिलै नाहीं। वाकी और भाति। याहीभाति अनंतानत स्वरूप जीव द्रव्य अनन्तानत स्वरूप अवस्थालिये वर्तहिं। काहु जीवद्रव्यके परिनाम काहु जीवद्रव्य औरस्यौं मिलइ नाहीं। याही भाति एक पुद्गल परवानू एक समयमाहिं जा भातिकी अवस्था धरै, सो अवस्था अन्य पुद्गल परवानू द्रव्यसौं मिलै नाहीं तातैं पुद्गल (परमाणु) द्रव्यकी भी अन्य अन्यता जाननी।

अथ जीवद्रव्य पुद्गलद्रव्य एक छेत्रावगाही अनादिकालके, तामैं विशेष इतनौ जु जीवद्रव्य एक, पुद्गलपरवानू द्रव्य अनतानत चलाचलरूप आगमनगमनरूप अनताकार परिनमनरूप वधमुक्तिशक्ति लिये वर्त्तहिं।

अथ जीवद्रव्यकी अनन्त अवस्था तामैं तीन अवस्था मुख्य थापी। एक अशुद्ध अवस्था, एक शुद्धाशुद्धरूप मिश्र अवस्था, एक शुद्ध अवस्था, ए तीन अवस्था ससारी जीवद्रव्यकी। ससारातीत सिद्ध अनवस्थितरूप कहिये।

अब तीनहू अवस्थाकौ विचार—एक अशुद्ध निश्चयात्मक द्रव्य, एक शुद्धनिश्चयात्मक द्रव्य, एक मिश्रनिश्चयात्मक द्रव्य।

अशुद्धनिश्चय द्रव्यकौ सहकारी अशुद्ध व्यवहार, मिश्रद्रव्यकौ सहकारी मिश्र व्यवहार, शुद्ध द्रव्यकौ सहकारी शुद्धव्यवहार।

अब निश्चय व्यवहार कौ विवरण लिख्यते।

निश्चय तो अभेदरूप द्रव्य, व्यवहार द्रव्यके यथास्थित भाव। परन्तु विशेष इतनौ जु यावत्काल संसारावस्था तावत्काल व्यवहार कहिये, सिद्ध व्यवहारातीत कहिये, यातैं जु संसार व्यवहार एकरूप दिखायौ, संसारी सो व्यवहारी, व्यवहारी सो संसारी।

अब तीनहू अवस्था कौ विवरण लिख्यते।

यावत्काल मिथ्यात्व अवस्था तावत्काल अशुद्ध निश्चयात्मक द्रव्य अशुद्धव्यवहारी। सम्यग्दृष्टी होत मात्र चतुर्थ गुणस्थानकसौं द्वादशम गुणस्थानकपर्यन्त मिश्रनिश्चयात्मक द्रव्य मिश्रव्यवहारी। केवलज्ञानी शुद्धनिश्चयात्मक शुद्धव्यवहारी।

अब निश्चय तौ द्रव्यको स्वरूप, व्यवहार संसारावस्थित भाव
ताको विवरण कहै है—

मिथ्यादृष्टी जीव अपनौ स्वरूप नहीं जानतौ तातैं परस्वरूप विषै मगन होय करि कार्य मानतु है, ता कार्य करतौ छतौ अशुद्ध व्यवहारी कहिए। सम्यग्दृष्टी अपनौ स्वरूप परोक्ष प्रमाणकरि अनुभवतु है। परसत्ता परस्वरूपसौं अपनौ कार्य नहीं मानतौ संतौ जोगद्वारकरि अपने स्वरूपकौ ध्यान विचाररूप क्रिया करतु है, ता कार्य करतौ मिश्र व्यवहारी कहिए, केवलज्ञानी यथाख्यात-चारित्रके बलकरि शुद्धात्मस्वरूपकौ रमनशील है तातैं शुद्धव्यवहारी कहिए, जोगारूढ अवस्था विद्यमान है तातैं व्यवहारी नाम कहिए।

शुद्धव्यवहारकी सरहद्द त्रयोदशम गुनस्थानसौं लेइकरि चतुर्दशम गुनस्थानकपर्यंत जाननी। असिद्धत्वपरिणमनत्वात् व्यवहार।

अथ तीनहु व्यवहारको स्वरूप कहै है —

अशुद्ध व्यवहार शुभाशुभाचाररूप, शुद्धाशुद्धव्यवहार शुभोपयोगमिश्रित स्वरूपाचरनरूप, शुद्धव्यवहार शुद्धस्वरूपाचरनरूप। परन्तु विशेष इनको इतनौ जु कोऊ कहै कि—शुद्धस्वरूपाचरणात्म तौ सिद्धहूविषै छतौ है इहा भी व्यवहार संज्ञा कहिए—सो यौं नाहीं—जातैं संसारी अवस्थापर्यन्त व्यवहार कहिए। संसारावस्था के मिटत व्यवहार भी मिटी कहिए। इहा यह थापना कीनी है तातैं सिद्धव्यवहारातीत कहिए। इति व्यवहारविचार समाप्त।

अथ आगमअध्यातमको स्वरूप कथ्यते।

आगम—वस्तुको जु स्वभाव सो आगम कहिए। आत्माको जु अधिकार सो अध्यातम कहिए। आगम तथा अध्यात्म स्वरूप भाव आत्मद्रव्यके जानने। ते दोऊभाव संसार अवस्थाविषै त्रिकालवर्ती मानने। ताको व्यौरौ—आगमरूप कर्मपद्धति, अध्यात्मरूप शुद्धचेतनापद्धति। ताकौ व्यौरौ कर्मपद्धति पौद्गलीकद्रव्यरूप अथवा भावरूप, द्रव्यरूप पुद्गलपरिणाम भावरूप पुद्गलाकारआत्मा की अशुद्धपरिणतिरूप परिणाम—ते दोऊपरिणाम आगमरूप थापे। अब शुद्धचेतनापद्धति शुद्धात्मपरिणाम सो भी द्रव्यरूप अथवा भावरूप। द्रव्यरूप तौ जीवत्वपरिणाम—भावरूप ज्ञानदर्शन सुखवीर्य आदि अनन्तगुणपरिणाम, ते दोऊ परिणाम अध्यात्मरूप जानने। आगम अध्यातम दुहु पद्धतिविषै अनन्तता माननी।

अनन्तता का दानी विचार—

अनंतताको स्वरूप दृष्टान्तकरि दिखाइयतु है जैसैं—वटवृक्षको बीज एक हाथविषै लीजै ताको विचार दीर्घ दृष्टिसौं कीजे तो वा वटके बीजविषै एक वटको वृक्ष है सो वृक्ष जैसो कछु भाविकाल होनहार है तैसो विस्तारलिये विद्यमान वामैं वास्तवरूप बनो है अनेक शाखा प्रशाखा पत्र पुष्पफलसंयुक्त है फल फलनिविषै अनेक बीज होंय। या भांतिकी अवस्था एक वटके बीजविषै विचारिए। भी और सूक्ष्मदृष्टि दीजै तो जे जे वा वट वृक्षविषै बीज हैं ते ते अंतर्गर्भित वटवृक्षसंयुक्त होंहि। याही भांति एकवटविषै अनेक अनेक बीज एक एक बीज विषै एक एक वट, ताको विचार कीजे तो भाविनयप्रमानकरि न वटवृक्षनिकी मर्यादा पाइए न बीजनिकी मर्यादा पाइए। याही भांति अनंतताको स्वरूप जाननी। या अनंतताके स्वरूपको केवलज्ञानी पुरुष भी अनन्तही देखै जाणै कहै—अनन्तका ओर अंत है ही नाहीं जो ज्ञानविषै भासै। तातैं अनन्तता अनन्तहीरूप प्रतिभासै या भांति आगम अध्यात्मकी अनन्तता जाननी. तामैं विशेष इतनी जु अध्यात्मको स्वरूप अनन्त आगमको स्वरूप अनन्तानंतरूप यथापना प्रमान करि अध्यात्म एक द्रव्याश्रित। आगम अनन्तानन्त पुद्गलद्रव्याश्रित। इन दुहू को स्वरूप सर्वथा प्रकार तौ केवलगोचर, अंशमात्र मति श्रुतज्ञानग्राह्य तातैं सर्वथाप्रकार आगमी अध्यात्मी तो केवली अंशमात्र मतिश्रुतज्ञानी देशमात्र अवधिज्ञानी मनपर्यय ज्ञानी ए तीनों यथावस्थित ज्ञानप्रमाण न्यूनाधिकरूप जानने।

मिथ्यादृष्टी जीव न आगमी न अध्यात्मी है। काहेतैं यातैं जु कथन मात्र तौ ग्रंथपाठके बलकरि आगम अध्यातमको स्वरूप उपदेश-मात्र कहै परन्तु आगम अध्यातमको स्वरूप सम्यक् प्रकार जानै नहीं। तातैं मूढ जीव न आगमी न अध्यात्मी, निर्वेदकत्वात्।

अब मूढ तथाज्ञानी जीवको विशेषपणो और भी सुनो,—

ज्ञाता तो मोक्षमार्ग साधि जानै, मूढ मोक्षमार्ग न साधि जानै काहे—यातैं सुनो—मूढ जीव आगमपद्धतिको व्यवहार कहै अध्यात्मपद्धतिको निश्चय कहै तातैं आगम अग एकान्तपनौ साधिकै मोक्षमार्ग दिखावै अध्यात्म अगको व्यवहारै न जानै यह मूढदृष्टीको स्वभाव, वाहि याही भांति सूझै काहेतैं ?—यातैं—जू आगम अग बाह्यक्रियारूप प्रत्यक्ष प्रमाण है ताको स्वरूप साधिवो सुगम। ता बाह्यक्रिया करतौ संतौ आपकू मूढ जीव मोक्षको अधिकारी मानै, अन्तरगर्भित को अध्यात्मरूप क्रिया सौ अतर-दृष्टि ग्राह्य है सो क्रिया मूढजीव न जानै। अन्तरदृष्टि के अभावसौं अन्तर क्रिया दृष्टिगोचर आवै नाहीं, तातैं मिथ्यादृष्टी जीव मोक्ष-मार्ग साधिवेको असमर्थ।

अथ सम्यक्दृष्टीको विचार सुनौ—

सम्यग्दृष्टी कहा सो सुनो—सशय विमोह विभ्रम ए तीन भाव जामैं नाहीं सो सम्यग्दृष्टी। सशय विमोह विभ्रम कहा ताको स्वरूप दृष्टान्तकरि दिखायतु है सो सुनो—जैसैं च्यार पुरुष काहु एकस्थानक विषै ठाढे। तिन्ह चारिहू के आगे एक सीपको खड किनही और पुरुषनै आनि दिखायो। प्रत्येक प्रत्येकतैं प्रश्न कीनी कि यह कहा है सीप

है कै रूपो है प्रथमही एक पुरुष संशैवालो बोल्यो—कछु सुध नाहीन परत किधौं सीप है किधौं रूपा है मोरी दृष्टिविषै याकौ निरधार होत नाहिने । भी दूजो पुरुष विमोहवालो बोल्यो कि—कछु मोहि यह सुधि नाहीं कि तुम सीप कौनसौं कहत है रूपो कौनसौं कहत है मेरी दृष्टिविषै कछु भासत नाहीं तातैं हम जांहिनै जानत कि तू कहा कहत है अथवा चुप ह्वै रहै बोलै नाही गहलरूपसौं । भी तीसरो पुरुष विभ्रमवालो बोल्यो कि—यह तो प्रत्यक्षप्रमानरूपो है याकौ सीप कौन कहै मेरी दृष्टिविषै तो रूपो सूझत है तातैं सर्वथाप्रकार यह रूपो है सो तीनौं पुरुष तौ वा सीपका स्वरूप जान्यौ नाहीं । तातैं तीनौं मिथ्यावादी । अब चौथो पुरुष बोल्यो कि यह तौ प्रत्यक्ष प्रमान सीपको खंड है यामैं कहा धोखो सीप सीप सीप निरधार सीप याको जु कोई और वस्तु कहै सो प्रत्यक्षप्रमान भ्रामक अथवा अंध तैसें सम्यग्दृष्टीकौ स्वपरस्वरूपविषै न संसै न विमोह न विभ्रम यथार्थदृष्टि है तातैं सम्यग्दृष्टी जीव अन्तरदृष्टि कार मोक्षपद्धति साधि जानै । बाह्यभाव बाह्यनिमित्तरूप मानै सो निमित्त नानारूप, एक रूप नाहीं अन्तरदृष्टिके प्रमान मोक्षमार्ग साधै सम्यग्ज्ञान स्वरूपाचरणकी कनिका जागे मोक्षमार्ग सांचो । मोक्षमार्गकौ साधिबोप है व्यवहार, शुद्धद्रव्य अक्रियारूप सो निश्चै । ऐसें निश्चय व्यवहारकौ स्वरूप सम्यग्दृष्टी जानै मूढजीव न जानैं न मानै । मूढ जीव बंधपद्धतिका साधिकरि मोक्ष कहै, सो बात ज्ञाता मानै नाहीं । काहेतैं यातैं जु बंधके साधते बंध सधै मोक्ष सधै नाहीं । ज्ञाता जब कदाचित् बंधपद्धति विचारै तब जानै कि या पद्धतिसौं मेरो द्रव्य अनादिको बंधरूप चल्यो आयो है—अब या पद्धतिसौं मोह

तौरि वहै तौ या पद्धतिको राग पूर्वकी त्यों है नर काहे करो ? । छिन मात्र भी बन्धपद्धतिविषै मगन होय नाहीं सो ज्ञाता अपनो स्वरूप विचारै अनुभवै ध्यावै गावै श्रवन करै नवधाभक्ति तप क्रिया अपने शुद्धस्वरूपके सन्मुख होइकरि करै । यह ज्ञाताको आचार, याहीको नाम मिश्रव्यवहार ॥

अब हेयज्ञेयउपादेयरूप ज्ञाताकी चाल ताको विचारलिख्यते—

हेय-त्यागरूप तौ अपने द्रव्यकी अशुद्धता, ज्ञेय-विचाररूप अन्यषटद्रव्यको स्वरूप, उपादेय—आचरन रूप अपने द्रव्यकी अशुद्धता, ताको व्यौरौ—गुणस्थानक प्रमान हेयज्ञेयउपादेयरूप शक्ति ज्ञाताकी होइ। ज्यों ज्यों ज्ञाताकी हेय ज्ञेयउपादेयरूप शक्ति वर्द्धमान होय त्यों त्यों गुनस्थानककी बढवारी कही है गुनस्थानकप्रवान ज्ञान गुणस्थानक प्रमान क्रिया। तामैं विशेष इतनौ जु एक गुणस्थानकवर्ती अनेक जीव होंहि तौ अनेक रूपको ज्ञान कहिए, अनेक रूपकी क्रिया कहिए। भिन्न भिन्नसत्ताके प्रधानकरि एकता मिलै नाहीं। एक एक जीव द्रव्यविषै अन्य अन्य रूप उदीक भाव होंहि तिन उदीकभावानुसारी ज्ञानकी अन्य अन्यता जाननी। परतु विशेष इतनौ जु कोऊ जातिको ज्ञान ऐसो न होइ जु परसत्तावलम्बनशीली होइकरि मोक्षमार्ग साक्षात् कहै काहेतैं अवस्थाप्रवान परसत्तावलम्बक है। ज्ञानको परसत्तावलंबी परमार्थता न कहै। जो ज्ञान होय सो स्वसत्तावलम्बनशीली होइ ताको नाउ ज्ञान। ता ज्ञानकी सहकारभूत निमित्तरूप नाना प्रकार के उदीकभाव होंहि। तिन्ह उदीकभावनको ज्ञाता तमासगीर।

न कर्ता न भोक्ता न चक्षदर्शी तातैं कोऊ यों कहै कि था भांतिके स्वीकभाव होहि सर्वथा तौ अज्ञानी गुनस्थानक कहिये सो झूठो। तिनि द्रव्यको स्वरूप सर्वथा प्रकार जान्यौ नाहीं। काहेतैं—यातैं जु और गुनस्थानकनिकी कौन बात चलावै केवलीके भी स्वीक भावनिकी नास्ताधता जानमी। केवलीके भी स्वीकभाव पनपे होय नाहीं। जबू केवलीकौं दंड कपाटरूप क्रिया तदे होय काहू कनकी कौं नाहीं। तौ केवलीविषे भी तदेकी नामास्ता है तो और गुनस्थानककी कौन बात चलावै। तातैं स्वीक भावनिके भरोसे ज्ञान नाहीं ज्ञान स्वपरप्रमिभान है। स्वपरप्रकाशक ज्ञानकी शक्ति ज्ञायक प्रमान ज्ञान स्वरूपाचरनरूप चारित्र यथा अनुभव प्रमान यह ज्ञाताको सामर्थ्यपनो। इन बातनको ब्यौरो कहांताई लिखिये कहांताई कहिए। वचनातीत इन्द्रियातीत ज्ञानातीत तातैं यह विचार बहुत कहा लिखहि। जो ज्ञाता होइगो सो थोरी ही लिख्यो बहुतकरि समुझैगो जो अज्ञानी होइगो सो यह चिट्ठी सुनैगो सही परन्तु समुझैगा नाहीं अव—वचनिका यथावत यथा सुमति प्रवान केवलिवचनानुसारी है। जो याहिसुनैगो समुझैगो सरदहैगो ताहि कल्याणकारी है भाग्यप्रमाण।

इति परमार्थवचनिका

अथ उपादान निमित्तकी चिट्ठी लिख्यते—

प्रथम हि कोई पूछत है कि निमित्त कहा उपादान कहा ताको ब्यौरो—निमित्त तौ संयोगरूप कारण उपादान वस्तुकी

सहज शक्ति। ताको ब्यौरो—एक द्रव्यार्थिक निमित्त उपादान, एक पर्यायार्थिक निमित्तउपादान, ताको ब्यौरो-द्रव्यार्थिक निमित्त उपादान गुनभेदकल्पना। पर्यायार्थिक निमित्त उपादान परजोगकल्पना. ताकी चौभगी प्रथम ही गुनभेद कल्पनाकी चौभगीको विस्तार कहौं सो कैसैं,—ऐसैं—सुनौ—जीवद्रव्य ताके अनन्त गुन, सब गुन असहाय स्वाधीन सदाकाल। तामैं दोय गुण प्रधान मुख्य थापे, तापर चौभगीको विचार एक तौ जीवकौ ज्ञानगुन दूसरो जीवको चारित्रगुन।

ए दोनौ गुण शुद्धरूप भाव जानने। अशुद्धरूप भी जानने यथायोग्य स्थानक मानने ताको ब्यौरो—इन दुहूँकी गति शक्ति न्यारी २ न्यारी न्यारी, जाति न्यारी न्यारी, सत्ता न्यारी न्यारी ताकौ ब्यौरैं,—ज्ञानगुणकी तौ ज्ञान अज्ञानरूप गति, स्वपरप्रकाशक शक्ति, ज्ञानरूप तथा मिथ्यात्वरूप जाति, द्रव्यप्रमाण सत्ता, परंतु एक विशेष इतनौ जु ज्ञानरूप जातिको नाश नाहीं, मिथ्यात्वरूप जातिको नाश, सम्यग्दर्शन उत्पत्ति पर्यंत, यह तौ ज्ञान गुणको निर्णय भयो। अब चारित्र गुणको ब्यौरौ कहै हैं,—सकलेस विशुद्धरूप गति, थिरता अथिरता शक्ति, मंदी तीव्ररूप जाति, द्रव्यप्रमाण सत्ता। परंतु एक विशेष जु मंदताकी स्थिति चतुर्दशम गुणस्थानकपर्यन्त। तीव्रताकी स्थिति पंचमगुणस्थानक पर्यन्त। यह तौ दुहुकौ गुण भेद न्यारा न्यारौ कियौ। अब इनकी व्यवस्था न ज्ञान चारित्र के आधीन न चारित्र ज्ञानके आधीन। दोऊ असहाय रूप यह तौ मर्यादा

अब आगमीक विचार—ज्ञानगुण निमित्त
चारित्रगुण उपादान रूप ताको ब्यौरो—

एक तो अशुद्ध निमित्त अशुद्ध उपादान दूसरो अशुद्ध निमित्त शुद्ध उपादान। तीसरो शुद्ध निमित्त अशुद्ध उपादान चौथो शुद्ध निमित्त शुद्ध उपादान ताको ब्यौरो—सूक्ष्मदृष्टि देकरि एक समयकी अवस्था द्रव्यकी लेनी समुच्चयरूप मिथ्यात्वकी बात नाहीं चलावनी। काहू समै जीवकी अवस्था या भांति होतु है जु ज्ञानरूप ज्ञान विशुद्ध चारित्र, काहू समै अज्ञानरूप ज्ञान विशुद्ध चारित्र काहू समै ज्ञानरूप ज्ञान संक्लेस रूप चारित्र, काहू समै अज्ञानरूप ज्ञान संक्लेस चारित्र, जा समै अज्ञानरूप गति ज्ञानकी, संक्लेस रूप गति चारित्रकी तासमैं निमित्त उपादान दोऊ अशुद्ध। काहू समैं अज्ञानरूप ज्ञान विशुद्ध रूप चारित्र तासमैं अशुद्ध निमित्त शुद्ध उपादान। काहू समैं ज्ञानरूप ज्ञान संक्लेसरूप चारित्र तासमैं शुद्ध निमित्त अशुद्ध उपादान। काहू समैं ज्ञानरूप ज्ञान विशुद्ध रूप चारित्र तासमैं शुद्ध निमित्त शुद्ध उपादान या भांति अन्य २ दशा जीवकी सदाकाल अनादिरूप ताको ब्यौरो—ज्ञान रूप ज्ञानकी शुद्धता कहिए विशुद्धरूप चारित्र की शुद्धता कहिए। अज्ञान रूप ज्ञानकी अशुद्धता कहिए संक्लेश रूप चारित्रकी अशुद्धता कहिये अब ताको विचार सुनो—मिथ्यात्व अवस्था विषे काहू समैं जीवका ज्ञान गुण जाग रूप है तब कहा जानतु है? ऐसो जानतु है—कि लक्ष्मी पुत्र कलत्र इत्यादिक मोसौं न्यारे हैं प्रत्यक्ष प्रमाण। हौं मरूंगो ए इहां ही रहेंगे सो जानतु है। अथवा ए जाहिंगे

हीं रहू गो, कोई काल इन्हस्यौं मोहि एक दिन विजोग है ऐ
जानपनौं मिथ्यादृष्टीको होतु है सो तो शुद्धता कहिए पर
सम्यक् शुद्धता नाहीं गर्भितशुद्धता जब वस्तुको स्वरूप जानैं
सम्यक् शुद्धता सो ग्रथिभेद विना होई नाहीं परतु गर्भित शुद्ध
सौ भी अकाम निर्जरा है याही जीवको काहू समैं ज्ञान गुण अज्ञान
रूप है गहलरूप, ताकरि केवल बध है याही भांति मिथ्यात्व
अवस्था विषै काहू समे चारित्र गुण विशुद्धरूप है तातैं चारित्रा
वर्ण कर्म मद है। ता मदताकरि निर्जरा है। काहूसमै चारित्रगुण
सकलेशरूप है तातैं केवल तीव्रबध है। या भांति करि मिथ्या
अवस्थाविषै जासमै जानरूप ज्ञान है जौर विशुतारूप चारित्र है
ता समै निर्जरा है। जा समैं अजानरूप ज्ञान है सकलेस रूप चारित्र
है तासमैं वंध है तामैं विशेष इतनौ जु अल्प निर्जरा बहु बध, तातैं
मिथ्यात अवस्थाविषै केवल बन्ध कह्यो। अल्पकी अपेक्षा जैसैं—काहू
पुरुषकौं नफो थोड़ो टोटौ बहुत सो पुरुष टोटाउ ही कहिए।
परंतु बध निर्जरा विना जीव काहू अवस्थाविषै नाहीं। दृष्टान्त
ऐसो—जु विशुद्धताकरि निर्जरा न होती तौ एकेन्द्री जीव निगोद
अवस्थास्यौं व्यवहारराशि कौनके बल आवतो? उहां तौ ज्ञान
गुन अजानरूप गहलरूप है अबुद्धरूप है तातैं ज्ञानगुनको तौ
बल नाहीं। विशुद्धरूप चारित्र के बलकरि जीव व्यवहार राशि
चढतु है जीवद्रव्यविषै कषाइकी मदता होतु है ताकरि निर्जरा
होतु है। वाही मंदता प्रमान शुद्धता जाननी। अब और भी
विस्तार सुनो—

हीं रहूगो, कोई काल इन्हस्यौं मोहि एक दिन विजोग है ऐसो जानपनौं मिथ्यादृष्टीको होतु है सो तो शुद्धता कहिए परन्तु सम्यक् शुद्धता नाहीं गर्भितशुद्धता जब वस्तुको स्वरूप जानै तब सम्यक् शुद्धता सो ग्रथिभेद विना होई नाहीं परतु गर्भित शुद्धता सो भी अकाम निर्जरा है वाही जीवको काहू समैं ज्ञान गुण अज्ञान रूप है गहलरूप, ताकरि केवल बध है याही भांति मिथ्यात्व अवस्था विपै काहू समे चारित्र गुण विशुद्धरूप है तातैं चारित्रा वर्ण कर्म मद है। ता मदताकरि निर्जरा है। काहूसमै चारित्रगुण सकलेशरूप है तातैं केवल तीव्रबध है। या भांति करि मिथ्या अवस्थाविपै जासमै जानरूप ज्ञान है जौर विशुतारूप चारित्र है ता समै निर्जरा है। जा समैं अजानरूप ज्ञान है सकलेस रूप चारित्र है तासमैं वंध है तामैं विशेष इतनौ जु अल्प निर्जरा बहु बंध, तातैं मिथ्यात अवस्थाविपै केवल बन्ध कह्यो। अल्पकी अपेक्षा जैसैं—काहू पुरुषकौं नफो थोड़ो टोटौ बहुत सो पुरुप टोटाउ ही कहिए। परतु बध निर्जरा विना जीव काहू अवस्थाविपै नाहीं। दृष्टान्त ऐसो—जु विशुद्धताकरि निर्जरा न होती तौ एकेन्द्री जीव निगोद अवस्थास्यौं व्यवहारराशि कौनके बल आवतो? उहा तौ ज्ञान गुन अजानरूप गहलरूप है अबुद्धरूप है तातैं ज्ञानगुनको तो बल नाहीं। विशुद्धरूप चारित्र के बलकरि जीव व्यवहार राशि चढतु है जीवद्रव्यविपै कपाइकी मदता होतु है ताकरि निर्जरा होतु है। वाही मदना प्रमान शुद्धता जाननी। अब और भी विस्तार सुनो—

यह चौभंगी क्रम क्रम पूरण भयी। प भइया कटकनावारे—मैं मिथ्यात्वमें शुद्धता मानी कि नाहीं जो तौ मैं मानी तो मुझ और भविककी कार्य नाहीं। जो मैं नाहीं मानी तौ तेरो द्रव्य याही भांति कौ परनयो है हम कहा करि हैं जो मानी तौ स्याबासि। यह तौ द्रव्यार्थिककी चौभंगी पूरन भई।

निमित्त उपादान शुद्ध अशुद्धरूप विचार—

अब पर्यायार्थिककी चौभंगी सुनी एक तौ वक्ता अज्ञानी श्रोता भी अज्ञानी सो तौ निमित्त भी अशुद्ध उपादान भी अशुद्ध। दूसरो वक्ता अज्ञानी श्रोता ज्ञानी सो निमित्त अशुद्ध और उपादान शुद्ध। तीसरो वक्ता ज्ञानी श्रोता अज्ञानी सो निर्मित्त शुद्ध उपादान अशुद्ध। चौथी वक्ता ज्ञानी श्रोता भ ज्ञानी सो तो निमित्त भी शुद्ध उपादान भी शुद्ध। यह पर्यायार्थिककी चौभंगी साधी।

इति निमित्त उपादान शुद्धाशुद्धरूपविचार वचनिका

अथ निमित्त उपादान के दोहे लिख्यत।

दोहा।

गुरुउपदेश निमित्त बिन उपादान बलहीन।
ज्यों नर दूजे पांव बिन चलवेको आधीन॥ १॥
हौं जानै था एक ही, उपादानसों काज।
थकै सहाई पौन बिन पानीमांहि जहाज॥ २॥

